


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 134 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण पूर्णिमा 2082 शनिवार, 9 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## 'ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर आय सीमा में बदलाव समय की जरूरत'

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कल्याण पर नजर रखने वाली एक संसदीय समिति ने कहा कि क्रीमी लेयर की आय सीमा में बदलाव समय की जरूरत है, क्योंकि मौजूदा सीमा के कारण बड़ी संख्या में पात्र ओबीसी परिवार आरक्षण और सरकारी कल्याण योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। शुक्रवार को संसद में पेश की गई अपनी आठवीं रिपोर्ट में समिति ने बताया कि आखिरी बार यह सीमा वर्ष 2017 में सालाना 6.5 लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये की गई थी। >14


# दावे सही तो शपथ पत्र साइन करें : ईसी

### वरना देश से माफी मांगें, राहुल का जवाब-संसद में संविधान की शपथ ली है

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से कहा है कि वे वोट चोरी के अपने दावे को सही मानते हैं तो हलफनामे पर साइन करके दें। अगर उन्हें अपने दावों पर भरोसा नहीं है तो देश से माफी मांगें।

न्यूज एजेंसी ने चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, राहुल मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इधर, राहुल ने कर्नाटक के बेंगलुरू में फ्रीडम पार्क में आयोजित 'वोट अधिकार रैली' में के दौरान कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। वो कहता है कि मुझे शपथ लेनी होगी। मैंने संसद में संविधान की शपथ ली है।

राहुल ने कहा- आज जब देश की जनता हमारे डेटा को लेकर सवाल पूछ रही है तो चुनाव आयोग ने वेबसाइट ही बंद कर दी। ईसी जानता है कि जनता उनसे सवाल पूछने लगी तो उनका पूरा ढांचा ढह जाएगा। इससे




पहले राहुल ने गुरुवार को दिल्ली में एक प्रजेंटेशन के जरिए वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। चुनाव आयोग की तरफ से हलफनामा वाली बात सामने आने पर प्रियंका गांधी ने कहा- राहुल गांधी जी ने वोट चोरी पर बड़ा खुलासा किया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, इस मामले में जांच करने के बजाय, वो हलफनामा मांग रहा है। हम लगातार डेटा दिखा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग मानने को तैयार ही नहीं है। भाजपा की सरकार विपक्ष पर ईडी, सीबीआई लगाकर तमाम जांच कर रही है तो यहां नाक के नीचे हुए पूरे कांड की जांच क्यों नहीं हो रही?

**7 अगस्त : राहुल का आरोप-ईसी ने भाजपा के साथ चुनाव चुराया :**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है।

राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है।

# भारत ने अमेरिका से हथियार विमानों की खरीद रोकी

### रक्षा मंत्री का अमेरिका दौरा भी रद्द, सरकार बोली खरीद प्रक्रिया पहले की तरह जारी

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। टैरिफ विवाद के बीच भारत ने अमेरिका से नए हथियार और विमान खरीद की योजना रोक दी है। ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद इसे भारत की पहली ठोस प्रतिक्रिया माना जा रहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक भारतीय रक्षा मंत्री आने वाले हफ्तों में डिफेंस डील के लिए अमेरिका जाने वाले थे। अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है।

भारत अमेरिका से पी8आई निगरानी विमान, स्ट्राइकर कॉम्बैट व्हीकल्स और जैवलिन एंटी टैंक मिसाइल खरीदने वाला था। टैरिफ के चलते यह सौदा भी रोक दिया गया है। भारत के रक्षा मंत्रालय और पेंटागन ने इस पर कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, भारतीय मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका से डिफेंस डील रद्द करने पर अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

**भारत पर अब तक 50 प्रतिशत टैरिफ**

ट्रम्प भारत पर अब तक 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। ट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि रूसी तेल की खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। रूस इस पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ जंग में कर रहा है। अफसरों ने बताया कि इन सौदों को रोकने के लिए अभी लिखित आदेश नहीं हुए हैं। हो सकता है कि टैरिफ विवाद सुलझने के बाद इस पर फैसला लिया जाए। अफसरों के मुताबिक, भारत सरकार अमेरिका के साथ बातचीत करती रहेगी।

टैरिफ और द्विपक्षीय संबंधों पर स्पष्टता के बाद ही आगे डील पर फैसला लिया जा सकता है। रक्षा सौदे भी तभी आगे बढ़ पाएंगे।

**भारत कॉम्बैट व्हीकल्स खरीदने वाला था :**

भारत जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स के स्ट्राइकर कॉम्बैट व्हीकल्स और रेथियॉन तथा लॉकहीड मार्टिन के जैवलिन एंटी टैंक मिसाइलों को खरीदने वाला था। ट्रम्प और मोदी ने इस साल फरवरी में इनकी खरीद और संयुक्त उत्पादन की योजना को आगे बढ़ाने की घोषणा की थी।

# सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थाई रोक

मथुरा, 8 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक लगा दी। शुक्रवार को कोर्ट ने कहा- बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को सस्पेंड किया जा रहा है। कोर्ट ने अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है।

दरअसल, 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के धन का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए और मंदिर के आसपास की 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति दी। शर्त यह थी कि अधिग्रहित भूमि ठाकुरजी के नाम पर पंजीकृत होगी। इसके बाद 26 मई को यूपी सरकार ने अध्यादेश-2025 जारी किया। इसमें मंदिर की देखभाल के लिए ट्रस्ट (न्यास) बनाने की व्यवस्था की गई। इसमें मंदिर का प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जिम्मेदारी 'श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास' द्वारा संभाली जानी थी। इसमें 11 सदस्य मनोनीत होने थे, जबकि 7 सदस्य पदेन हो सकते हैं। इसके खिलाफ 27 मई को देवेंद्र गोस्वामी, सोहन मिश्रा, रजत गोस्वामी और व्यापारियों की तरफ से 4 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थीं। एडवोकेट एनके गोस्वामी के मुताबिक, चौथी तारीख में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर फैसला नहीं ले लेता, तब तक समिति को स्थगित रखा जाएगा। इस बीच, मंदिर की सुचारू व्यवस्था के लिए एक और समिति का गठन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश करेंगे। समिति में कुछ सरकारी अधिकारी और गोस्वामियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

## नाथू ला समेत तीनों मार्गों से चीन से व्यापार करने पर बातचीत कर रहा भारत

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राज्यसभा के सांसद दोरजी शेरिंग लेप्चा ने नाथू ला सीमा से व्यापार फिर से शुरू करने के बारे में सवाल पूछा। इस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार करने के लिए तीन तय रास्ते हैं-उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (साल 1992 से), हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा (साल 1995 से) और सिक्किम में नाथू ला दर्रा (जुलाई 2006 से)।

# वित्त मंत्री ने वापस लिया इनकम टैक्स बिल

### सोमवार को पेश किया जाएगा नया विधेयक

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में इनकम टैक्स बिल, 2025 वापस ले लिया। बिहार में वोटर लिस्ट एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने की अनुमति मांगी।

सदन की मंजूरी के बाद उन्होंने आयकर विधेयक वापस ले लिया। सरकार ने 13 फरवरी, 2025 को यह विधेयक पेश किया था और इसे अध्ययन के लिए लोकसभा की प्रवर समिति को भेज दिया गया। प्रवर समिति की रिपोर्ट 21 जुलाई 2025 को सदन में पेश



की गई थी। आयकर विधेयक, 2025 को आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेने के लिए लाया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि इनकम टैक्स बिल का नया वर्जन 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि आईटी बिल के नए और अपडेटेड वर्जन में प्रवर समिति की ज्यादातर सिफारिशें शामिल की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि विधेयक के विभिन्न संस्करणों की वजह से भ्रम की स्थिति से बचने और सभी बदलावों को शामिल करते हुए एक स्पष्ट और अपडेटेड वर्जन उपलब्ध कराने के लिए इनकम टैक्स बिल का नया वर्जन सोमवार को सदन में विचार के लिए पेश किया जाएगा।

# 'जिस डाल पर बैठे थे, उसी को काट दिया राहुल ने'

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी की तरफ से चुनाव में धांधली को लेकर लगाए गए आरोपों पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। भाजपा ने राहुल के आरोपों को 'झूठ का पुलिंदा' बताते हुए कहा कि राहुल जिस डाल पर बैठे थे, उसी को काट दिया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग (ईसी) जैसे संवैधानिक संस्थान को धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल किया, जो विपक्ष के नेता के पद की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अगर राहुल को वाकई आपत्ति है, तो उन्हें मीडिया में आरोप लगाने की बजाय चुनाव आयोग के सामने शपथपत्र देकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

**भूपेंद्र यादव ने राहुल के आरोपों को बताया झूठा :**



भूपेंद्र यादव ने बताया कि राहुल गांधी ने दावा किया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में एक करोड़ नए वोटर जुड़े, लेकिन चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या 40 लाख से थोड़ी अधिक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने आरोपों की जो बुनियाद बनाई, वह ही गलत साबित हो गई। यादव ने कहा कि महाराष्ट्र की कई सीटों जैसे मढ़ा, मोहोल, नागपुर वेस्ट और नागपुर नॉर्थ में वोटर की संख्या बढ़ी और वहां कांग्रेस या उसकी सहयोगी पार्टियां ही जीतीं। ऐसे में धांधली का आरोप खुद उनके ही दावे को गलत साबित करता है।

**'बम फोड़ने' के दावे पर तंज :**

बता दें कि राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वो जो सबूत दिखाएंगे, वो परमाणु बम जैसा होगा। इस पर यादव ने तंज कसते हुए कहा कि यह तो वही बात हो गई जैसे कोई आदमी जिस डाल पर बैठा हो, उसी को काट दे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार के लिए संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब करने में लगी है, चाहे वो चुनाव आयोग हो, संसद हो या सेना।

# अयोध्या में दिखेंगे दक्षिण के तीन महान संगीतज्ञ

### > जीर्णोद्धार हो रहे बृहस्पति कुंड से पर्यटन को लगेंगे पंख

अयोध्या, 8 अगस्त (एजेंसियां)। योगी सरकार अयोध्या के ऐतिहासिक कुंडो का जीर्णोद्धार करा रही है। बदहाल हो चुके कई कुंडों का स्वरूप बदल चुका है। इसी क्रम में टेढ़ीबाजार स्थित बृहस्पति कुंड का सौंदर्य करण कराया जा रहा है। यह कुंड दक्षिण भारत के पर्यटकों को भी खूब लुभाएगा। क्योंकि यहां पर दक्षिण भारत के तीन महान व भक्ति गीतों के दिवंगत संगीतकारों की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। तक़रीबन 4.49 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे इस कुंड को अगले महीने में पर्यटकों के लिए खोल देने की संभावना है। श्रीराम की पावन नगरी अपनी प्राचीन और आध्यात्मिक धरोहरों को सहेजने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। अयोध्या संरक्षण विकास समिति इस परियोजना की मॉनिटरिंग कर रही है, ताकि कुंड को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि पर्यटन के लिए आकर्षक स्वरूप दिया जा सके।

वृहस्पति कुंड अयोध्या के 108 प्राचीन कुंडों में से एक है, जिनका उल्लेख वेदों, पुराणों और उपनिषदों में भी है। मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान राम और उनके भाइयों ने इन कुंडों में स्नान और अन्य धार्मिक कार्य किए थे। कुंड के आसपास के क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। >14

# हाईकोर्ट जज को आपराधिक मामलों की सुनवाई से रोकने वाला आदेश रद्द

### कोर्ट ने 4 अगस्त के फैसले से दो पैरा हटाए

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपनी उस टिप्पणी को हटा दिया, जिसमें उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार की एक दीवानी विवाद मामले में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देने के लिए आलोचना की थी। साथ ही कोर्ट ने यह साफ किया कि उसका इरादा उन्हें शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दोहराया कि ये टिप्पणियां न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की ओर से मामले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इन टिप्पणियों को हटा रही है।

जस्टिस प्रशांत कुमार को फटकार लगाने वाले अपने आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा इरादा हाईकोर्ट के जज पर आक्षेप लगाना या उन्हें शर्मिंदा करना नहीं था। हम दोहराते हैं कि हमने जो कुछ भी कहा, वह न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए था। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज की 'सबसे खराब' आदेश पारित करने के लिए आलोचना करने वाली अपनी टिप्पणियों को हटा दिया। कोर्ट ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं। हम इस मामले में फैसला लेने का काम उन पर छोड़ते हैं।

## 'त्रासदी झेलने वाली एअर इंडिया को ही निशाना क्यों बनाना?'

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एअर इंडिया की सुरक्षा प्रक्रियाओं और अन्य पहलुओं की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त शीर्ष अदालत के न्यायाधीश की नियुक्ति की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि उस एयरलाइन को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है, जिसने दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी झेली है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी से व्यक्तिगत रूप से अपनी जनहित याचिका वापस लेने को कहा। कोर्ट ने उनसे शिकायतों के मामले में उचित मंच पर जाने को कहा।

# लोकतंत्र की साख बचाना जरूरी ईसी जल्द करे कार्रवाई : शशि थरूर

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाने के बाद देशभर में बयानबाजी तेज हो गई है। इसी बीच राहुल के आरोपों पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।



थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी द्वारा चुनावों में धांधली के लगाए गए आरोपों को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि इन सवालों पर सभी दलों और मतदाताओं के हित में गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। थरूर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हमारा लोकतंत्र बहुत कीमती है, इसे लापरवाही, अयोग्यता या जानबूझकर की गई छेड़छाड़ से कमजोर नहीं होने देना चाहिए। चुनाव आयोग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और देश को जानकारी देते रहना चाहिए। बता दें कि थरूर ने कांग्रेस द्वारा साझा किए गए राहुल गांधी के प्रेस कॉन्फ्रेंस के वीडियो को टैग करते हुए यह टिप्पणी की। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनावों में बड़ी आपराधिक साजिश का आरोप लगाया था और दावा किया कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से यह हुआ है।

**राहुल ने कर्नाटक के एक सीट का दिया था उदाहरण :**

अपने बयान में राहुल गांधी ने कहा था कि कर्नाटक की एक सीट पर किए गए विश्लेषण से यह बात सामने आई है और यह संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने कहा कि इस तरह का वोट चोरी मॉडल देश के कई हिस्सों में इस्तेमाल किया गया और अब न्यायपालिका को भी इसमें दखल देना चाहिए, क्योंकि जिस लोकतंत्र से हम प्यार करते हैं, वह अब अस्तित्व में नहीं है।

### रक्षाबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। इससे 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा।

रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से बड़े पैमाने पर देश की महिलाओं को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी। देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ़्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में पीएमयूवाई योजना शुरू की गई थी।



1 जुलाई तक, भारत में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से आनुपातिक) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

## अमित शाह बोले-घुसपैठियों को बचा कर बिहारियों की नौकरी खाएगी लालू एंड कंपनी

सीतामढ़ी, 8 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी जी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? ऑपरेशन सिंदूर करना चाहिए या नहीं चाहिए? लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा कि राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। >14



## हुमा कुरैशी के भाई की निर्मम हत्या

### आप नेता सौरभ भारद्वाज बोले मर्डर-बलात्कार और लूटपाट की घटनाएं यहां आम

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में हर दिन कोई न कोई वारदात सामने आ रही है। ताजा मामला निजामुद्दीन इलाके में अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ की हत्या से जुड़ा है। जिसके बाद दिल्ली आप अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज का बयान सामने आया है। सौरभ भारद्वाज ने हाल ही में हुई कांग्रेस सांसद से चेन स्नैचिंग की वारदात पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। दिल्ली आप अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राजधानी दिल्ली में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ दिन पहले लुटियन जोन के चाणक्यपुरी में एक सांसद की चेन छीन ली गई। चेन स्नैचिंग, मोबाइल स्नैचिंग और कार में तोड़फोड़ करके चोरी करना इतना आम हो गया है कि लोगों ने अब शिकायत दर्ज कराना बंद कर दिया है। हत्या, बलात्कार और लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियों को बस एक ही काम दिया गया है, आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाना है।

### 25 किताबों के बैन पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने साफ किया रुख

जम्मू, 8 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर में घाटी और अलगाववाद से जुड़ी 25 किताबों को राज्यपाल के प्रशासन ने बैन कर दिया है। पुलिस दुकानों पर जाकर ये किताबें खोज रही है और उसे जब्त कर रही है। इस बीच अब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैन को लेकर एक यूजर ने उमर अब्दुल्ला को टैग करते हुए उनपर सवाल उठाए थे। उसने लिखा, "उमर अब्दुल्ला किताबों से प्रतिबंध हटाओ। अपनी बाकी जिंदगी में तुम एक ऐसे कायर के रूप में जाने जाओगे जो किताबों से डरता था। किताबों से प्रतिबंध हटाओ।" इसके जवाब में उमर अब्दुल्ला ने कहा, "ओ अज्ञानी, तथ्यों को सही कर लें, इससे पहले कि मुझे कायर कहो। यह प्रतिबंध एलजी ने लगाया है, जो एकमात्र विभाग वह आधिकारिक रूप से नियंत्रित करते हैं वो है गृह विभाग। मैंने कभी किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाऊंगा।"

### दंपती को रेस्टोरेंट में जाने से रोका मंत्री बोले- भारतीय परिधानों पर रोक अस्वीकार्य

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरी दिल्ली के पीतमपुरा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां पर एक रेस्टोरेंट में एक दंपती को जाने से रोका गया है। महिला को सलवार-सूट पहनने की वजह से रेस्टोरेंट में एंट्री नहीं मिली। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो गया और बवाल मच गया। जैसे ही यह मामला दिल्ली सरकार के सामने आया तो मंत्री कपिल मिश्रा ने इस मामले की तुरंत जांच और कानूनी कार्रवाई करने के आदेश दे दिए। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने जांच के आदेश देते हुए कहा कि दिल्ली में इस तरह की घटना स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीतमपुरा के एक रेस्टोरेंट में भारतीय परिधानों पर रोक लगाने का एक वीडियो सामने आया है। यह अस्वीकार्य है। कपिल मिश्रा ने अधिकारियों को इस घटना में तुरंत जांच के निर्देश दिए हैं।

### मुस्कान अस्पताल की संचालक महिला चिकित्सक से मांगी फिरौती

जींद, 8 अगस्त (एजेंसियां)। जींद में मुस्कान अस्पताल संचालक महिला चिकित्सक को फोन पर अज्ञात ने फिरौती मांगी है। अज्ञात ने धमकी देते हुए कहा कि 20 लाख रुपये दे दो, नहीं तो गोली मार देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मुस्कान अस्पताल की संचालक डॉ। मोनिका पूनिया ने पुलिस एफआईआर में सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर सात-आठ में थाना के सामने ही उनका अस्पताल है। नागरिक अस्पताल में चिकित्सक की नौकरी के बाद उसने अपना खुद का अस्पताल खोला हुआ था। सात अगस्त को सुबह 11 बजकर 28 मिनट और 11 बजकर 55 मिनट के बीच अज्ञात नंबर से कॉल आई। उसने फोन उठाया तो अज्ञात ने उसे धमकी दी। 20 लाख रुपये का इंतजाम कर लो, नहीं तो गोली मार दूंगा। इससे वह डर गई और इसके बारे में उसके चिकित्सक पति को बताया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ फिरौती मांगने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एएनटीएफ की नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

जालंधर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने जालंधर के गांव गोरसिया में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एएनटीएफ ने एक नशा तस्कर के ठिकाने पर छापेमारी की, जिस दौरान मुख्य आरोपी सनी सिंह और उसके दो साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की, जिसमें सनी सिंह के साथी देविंदर सिंह को गोली लगी। घायल देविंदर सिंह का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, सनी सिंह और एक अन्य साथी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने घटनास्थल से नशीले पदार्थ और हथियार बरामद किए हैं। एएनटीएफ और जालंधर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जालंधर के एसएसपी (रूरल) हरकमल प्रीत सिंह खाख ने बताया कि यह ऑपरेशन खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया था।

# केजरीवाल-सिसोदिया को झटका

### अब इस मामले में किए जा सकते हैं तलब, क्या है 'फांसी घर' विवाद?



नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा में 'फांसी घर' विवाद पर हंगामा जारी है। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने मुद्दे को सुलझाने के लिए विशेषाधिकार समिति को अधिकृत किया है, जो दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़लान को समन करके जरूरी सवाल और जवाब कर सकती है। बता दें कि विवाद उस जगह को लेकर छिड़ा है, जिसे साल 2021 में 'फांसी घर' बताया गया था और उस पर अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के नाम वाली पट्टिका लगाई थी। पूर्व विधानसभा स्पीकर राम निवास गोयल और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 9 अगस्त 2022 को 'फांसी घर' का उद्घाटन किया था। साथ ही दावा किया था कि 'फांसी घर' ब्रिटिश काल में क्रांतिकारियों को फांसी देने के लिए बनाया गया था। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'फांसी घर' को लेकर किए दावे को गलत ठहराया और कहा कि यह कोई फांसी घर नहीं है, बल्कि वर्ष 1912 में बने नक्शे के अनुसार एक टिफिन रूम या लिफ्ट रूम था, जिसका इस्तेमाल खाना पहुंचाने के लिए किया जाता था।

उन्होंने फांसी घर का शिलापट हटाने और 1912 के मूल नक्शे को लागू करने का आदेश दिया है। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मामले में एफआईआर दर्ज करने और किया गया खर्च वसूलने की मांग की है।

# अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की बढ़ी मुश्किलें

### ईडी की दलीलें सुन कोर्ट का राहत से इंकार



नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को न्यायालय से तगड़ा झटका लगा है। उन्हें कोर्ट ने कोई भी राहत नहीं दी है। इस संबंध में सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने कहा कि क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जेल से रिहाई के निर्देश की मांग वाली याचिका खारिज की जाती है। कोर्ट ने कहा कि क्रिश्चियन मिशेल को आईपीसी की धारा 467 के तहत आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, सुनवाई के दौरान मिशेल के रिहाई के दावे का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कड़ा विरोध किया है। वहीं, राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में ईडी ने अपने दाखिल किये गए जवाब में कहा था कि इस मामले में मिशेल की दलीलें भ्रामक और बिना किसी आधार के हैं।

# 'इंडिया गठबंधन में राज ठाकरे का स्वागत'

### उद्धव के साथ आने के के बाद शरद गुट के नेता जगताप ने कहा



मुंबई, 8 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख और उद्धव ठाकरे के साथ आने को लेकर आये दिन चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है। ऐसे में मनसे गठबंधन और इंडिया गठबंधन के साथ आने के अटकलों के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी (एसपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व पुणे महापौर प्रशांत जगताप ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर राज ठाकरे गठबंधन में शामिल होते हैं, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। प्रशांत जगताप ने कहा कि अगर राज ठाकरे इंडिया गठबंधन में शामिल होते हैं, तो यह बहुत अच्छा कदम होगा। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि गठबंधन के सभी नेता इस फैसले का समर्थन करेंगे। बता दें कि यह बयान ऐसे समय में आया है जब महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम और स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर विपक्षी दलों के बीच रणनीति तैयार की जा रही है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट), शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और कई अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियां शामिल हैं, जो भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। जगताप ने यह भी कहा कि अगर ठाकरे बंधु उद्धव और राज एक साथ आते हैं, तो यह महाराष्ट्र की राजनीति के लिए एक सकारात्मक संकेत होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति में कई बार प्रतिद्वंद्वी भी एकजुट हुए हैं। अगर ये दोनों भाई एक साथ इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ते हैं, तो इससे विपक्ष को मजबूती मिलेगी और पूरे राज्य में एक मजबूत संदेश जाएगा।

# एसआईआर के लिए बंगाल तैयार नहीं

### ममता सरकार ने चुनाव आयोग से मांगा 2 साल का समय



कोलकाता, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में वोटर लिस्ट के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस बीच लगातार कयास लगाए जा रहे थे कि पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर को लेकर जल्द कदम उठाए जाएंगे। हालांकि बंगाल में एसआईआर संभव दिखाई नहीं दे रहा है। सूत्रों के अनुसार, बंगाल सरकार ने शुक्रवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। उस पत्र में बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने कहा कि राज्य अभी एसआईआर के लिए तैयार नहीं है और इस तरह से मतदाता सूची का एसआईआर नहीं किया जा सकता।

इसके लिए कम से कम दो साल लगेंगे। हाल ही में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखकर कहा था कि बंगाल एसआईआर के लिए तैयार है, लेकिन अब बंगाल सरकार ने उस पत्र को अस्वीकार कर दिया है। मुख्य सचिव ने आनन-फानन में आयोग के सीईओ कार्यालय को एक पत्र भेजकर राज्य की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी समय नहीं आया है। इसके अलावा, सूत्रों का कहना है कि मुख्य सचिव पंत द्वारा भेजे गए पत्र में नाराजगी भी जताई गई है।

उस पत्र में यह सवाल भी उठाया गया है कि सीईओ कार्यालय ने राज्य से परामर्श किए बिना आयोग को पत्र क्यों भेजा? वहीं, बीजेपी ममता सरकार के इस रुख को हल्के में नहीं ले रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, 'सब कुछ समझ में आता है। वे किसी भी तरह से एसआईआर को रोकने के लिए बेताब हैं क्योंकि, अगर मतदाता सूची का व्यापक संशोधन हुआ, तो रोहिंग्याओं के वोटों से जीती यह सरकार हार जाएगी। हालांकि, आयोग देश की संप्रभुता को बचाने के लिए कदम जरूर उठाएगा।

' दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने दावा किया, 'एसआईआर के साथ एक तमाशा चल रहा है। राहुल गांधी ने जानकारी उठाकर वोट चोरी दिखाई है। चुनाव आयोग को पहले उन्हें जवाब देना चाहिए।' एसआईआर को लेकर आयोग और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता ही जा रहा है। यह टकराव बिहार में एसआईआर का चरण पूरा होने के कुछ समय बाद ही शुरू हो गया था।

### वाहनों और कार की टक्कर चार लोगों की जलकर मौत

मोरबी, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के मोरबी जिले में एक राजमार्ग पर दो भारी वाहनों और एक कार की टक्कर में दो बच्चों समेत चार लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह दुर्घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे हरिपर गांव के पास एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजकोट भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक राहुल त्रिपाठी ने बताया कि एक कंटेनर गलत दिशा से सड़क पर आया और पलट गया। इसके बाद एक ट्रक और कार की इससे टक्कर हो गई और कार में आग लग गई। उन्होंने कहा, 'प्रथम दृष्टया बगल में चल रहे एक ट्रक से टकराने के बाद एक कार में भीषण आग लग गई। टक्कर में ट्रक में भी आग लग गई।

## धराली और हर्षिल में चौथे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

शिमला, 8 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरकाशी के धराली और हर्षिल में आज भी सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरफ और अन्य एजेंसियों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। धराली-हरसिल में बादल फटने के बाद अचानक आए सैलाब में फंसे लोगों को निकालने की कशिशें जारी हैं। बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं और लोगों को मातली हेलीपैड पर लाया जा रहा है। उनके गंतव्य तक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की गई है। सीएम धामी खुद राहत और बचाव के कामों की निगरानी कर रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लगातार राहत एवं बचाव कार्यों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सड़क, संचार, बिजली और खाद्य आपूर्ति बहाल करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने का प्रयास कर रही है। उधर, भारतीय वायुसेना भी राहत और बचाव के काम में जुटी है।

वायुसेना के शिनुक और एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टरों ने सी-295 और एएन-32 परिवहन विमान युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। सड़क संपर्क ध्वस्त होने के बाद वायुसेना की भूमिका अहम हो गई है।

# भिवंडी हादसे पर सख्त हुआ बॉम्बे हाईकोर्ट

### निर्माण स्थलों की सुरक्षा पर दोबारा उठाया सवाल



मुंबई, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में भिवंडी में हुए एक गंभीर हादसे के बाद 2024 में दायर की गई याचिका को फिर से खोल दिया है। यह याचिका मुंबई और आसपास के इलाकों में ऊंची इमारतों और निर्माण स्थलों पर हो रही सुरक्षा लापरवाहियों को लेकर थी। दरअसल, 5 अगस्त को ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में एक निर्माणाधीन मेट्रो साइट से एक लोहे की रॉड चलती हुई ऑटो रिक्शा पर गिर गई, जो सीधे एक 20 साल के युवक के सिर में घुस गई, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। यह युवक ऑटो में यात्री के रूप में सफर कर रहा था।

इस घटना से लोगों में भारी दहशत है। मामले में इस घटना पर चिंता जताते हुए न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की पीठ ने कहा कि ऐसी लापरवाह घटनाएं लगातार हो रही हैं, जबकि 2023 में हाईकोर्ट के निर्देश पर एक विशेषज्ञ समिति बनाई गई थी, जिसने निर्माण स्थलों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए थे। लेकिन अभी तक उन सिफारिशों को सभी नगर निगमों और प्लानिंग अथॉरिटीज को नहीं भेजा गया है। मामले में अगली सुनवाई की तारीख 12 अगस्त तय की गई है। मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपनी पुरानी टिप्पणी को दोहराते हुए कहा कि हमने आशा जताई थी कि मुंबई की ऊंची इमारतों के निर्माण से किसी भी आम आदमी की जान को खतरा नहीं होगा।

कोर्ट ने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह से जान को खतरे में डालना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है। ऐसे में अब जबकि समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, कोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को निर्देश दिया है कि वह समिति की सिफारिशें रिकॉर्ड पर रखे, ताकि राज्य सरकार उन्हें सभी नगर निगमों और नियोजन प्राधिकरणों तक भेज सके। अदालत ने कहा कि ये सुरक्षा उपाय जनहित में हैं, इसलिए इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

## गर्लफ्रेंड की बाहों में थे नेताजी, तभी आ गई बीवी देखते ही चुपके से खिसके, पिट गई प्रेमिका

रीवा, 8 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रीवा से एक बार फिर पति-पत्नी और वो का मामला सामने आया है। इस बार एक नेताजी को उनकी पत्नी ने गर्लफ्रेंड के साथ रंगेहाथों पकड़ा। फ्लैट पर नेताजी और उनकी गर्लफ्रेंड रोमांस कर रहे थे। नेता की पत्नी अपने बेटे के साथ वहां पहुंच गई और हंगामा कर दिया। हंगामा हुआ तो नेताजी तो ड्रेनेज पाइप के सहारे फ्लैट से उतरकर भाग गए। लेकिन प्रेमिका को पत्नी ने पकड़ लिया। फिर उसकी जमकर पिटाई की। मामला बिछिया इलाके का है। यहां बनी पीएम आवास की मल्टी में रात करीब 9 बजे हंगामा मच गया।

दरअसल, मल्टी की तीसरी मंजिल पर बने एक फ्लैट में ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव पप्पू कनौजिया अपनी प्रेमिका के साथ मौजूद थे तभी उनकी पत्नी वंदना कनौजिया को इसकी भनक लग गई। बिना वक्त गंवाए पत्नी मौके पर पहुंची और हंगामा शुरू कर दिया। पति को प्रेमिका के साथ पकड़ने के बाद पत्नी वंदना ने प्रेमिका की जमकर पिटाई कर डाली। इसी बीच पप्पू कनौजिया मौका पाकर ड्रेनेज पाइप के जरिए उतरकर भाग गए। पति को प्रेमिका के साथ देख वंदना का गुस्सा इस कदर भड़का की उसने प्रेमिका को पकड़कर उसकी लात और चप्पलों से जमकर पिटाई कर डाली, जिसके बेहिसाब खून निकल आया। हंगामा होते ही लोगों की भीड़ लग गई। फिर कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक प्रेमिका की पिटाई हो चुकी थी। पुलिस ने किसी तरह घायल प्रेमिका को पत्नी वंदना से छुड़ाया।

घटना का पूरा वीडियो वंदना ने बनवाया है जिसे पुलिस और मीडिया को दिया है। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। देर रात 2 घंटे तक यह हाईवोल्टेज ड्रामा चला। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर, वंदना कन्नौजिया ने वीडियो जारी कर कहा- मेरे पति ने मुझे और मेरे बच्चों को जान से मारने की धमकी दी है।

# बंगलूरू मेट्रो पर रार: शिवकुमार ने जल्दबाजी करने वाला लड़का कहा तो तेजस्वी सूर्या ने किया पलटवार

बंगलूरू, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बंगलूरू मेट्रो की येलो लाइन के उद्घाटन को लेकर कर्नाटक की राजनीति में जोरदार टकराव देखने को मिला है। राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ शिवकुमार ने सूर्या को 'जल्दबाजी वाला लड़का' बताया, तो दूसरी तरफ सूर्या ने कांग्रेस पर 'देर की राजनीति' करने का आरोप लगाया। यह विवाद मेट्रो उद्घाटन की तारीख और श्रेय लेने को लेकर भड़का है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने तेजस्वी सूर्या पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मेट्रो लाइन के उद्घाटन के लिए बुलावा भेजा, जबकि राज्य सरकार से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि मेट्रो के संचालन की तकनीकी मंजूरी 31 जुलाई को ही मिली है, ऐसे में पांच अगस्त को उद्घाटन की बात करना जल्दबाजी है। शिवकुमार ने इसे गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि इतनी बड़ी परियोजना को लेकर जल्दबाजी खतरनाक हो सकती है। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने शिवकुमार के बयान को 'उम्रभेदी' और 'संवेदनहीन' बताया। उन्होंने कहा कि वह उस युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सुधार अब चाहती है, न कि भविष्य में। सूर्या ने कांग्रेस सरकार पर उद्घाटन में बार-



बार देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि एक दो किलोमीटर का फ्लाईओवर बनाने में 8.5 साल लग गए। ऐसे में मेट्रो जैसे बड़े प्रोजेक्ट में देरी स्वीकार नहीं की जा सकती। तेजस्वी सूर्या ने दावा किया कि कांग्रेस अब उस परियोजना का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है जिसमें उनका योगदान न्यूनतम था। उन्होंने बताया कि मेट्रो परियोजना की शुरुआत 2018 में हुई थी और इसे 2021 तक पूरा होना था। हालांकि, कोविड-19 और भूमि अधिग्रहण की समस्याओं के कारण काम में देरी हुई। इस दौरान भाजपा सरकार ने लगातार फंड जारी कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाया। सूर्या के अनुसार, कांग्रेस सरकार ने तो बीएमआरसीएल के लिए पूर्णकालिक एमडी तक नियुक्त नहीं किया। शिवकुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री को उद्घाटन के लिए 10 अगस्त की तारीख दी गई है,

## जन्मी दो सिर वाली बच्ची की मौत,17 दिन पहले लिया था जन्म



इंदौर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के एमटीएच अस्पताल में दो सिर से जुड़ी अनूठी बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का जन्म ऑपरेशन द्वारा हुआ था। जन्म के बाद से ही वह वेंटिलेटर पर थी और मां का दूध उसे दिया जा रहा था। अस्पताल से छुट्टी देने के बाद घर पर उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। देवास निवासी रुसा पति वीर सिंह भिलाला 21 जुलाई को एमटीएच अस्पताल में भर्ती हुई थी। डाक्टरो को सोनोग्राफी में पता चल चुका था कि जुड़वा सिर वाला शिशु गर्भ में है। ऑपरेशन के बाद जन्म लेने वाली बच्ची को शिशु वार्ड में रखा था। जन्म के समय वजह 2।82 किलो था। डाक्टरों का कहना है कि बच्ची का धड़ एक था, लेकिन सिर दो थे। इस कारण शरीर के कई हिस्से में विकृति थी। इस तरह के केस में जन्म लेने वाले बच्चों के जीवत होने की संभावना काफी कम रहती है, लेकिन यह बच्ची 17 दिनों तक जीवन और मौत से संघर्ष करती रही। इस बच्ची के सिर दो थे, लेकिन फेफड़े, हाथ-पैर सहित अन्य अंग एक थे। बच्ची के दो दिल थे। एक दिल कमजोर था, जबकि दूसरा खराब हो चुका था। इस कारण बच्ची को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 23 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

मुंबई, 8 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने एक 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिस पर ओडिशा की 15 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर और उसे गर्भवती करने का आरोप है। यह कार्रवाई बरहामपुर के बैद्यनाथपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज जीरो एफआईआर के आधार पर की गई। मामले में बरहामपुर के पुलिस अधीक्षक सरवणा विवेक एम ने बताया कि 28 जुलाई को एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से मेडिको लीगल शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि अस्पताल के गायनोकोंलॉजी विभाग में भर्ती लड़की 19 सप्ताह की गर्भवती थी और वह गर्भपात कराना चाहती थी। पूछताछ में लड़की ने बताया कि वह पिछले 14 साल से अपने माता-पिता के साथ मुंबई में रह रही थी। मार्च में एक दिन आरोपी ने उसे जबरदस्ती अपने घर ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके कारण वह गर्भवती हो गई।

### सेना के रिटायर्ड जवान ने 45 लाख ऐंठे

जबलपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। मिलिट्री इंटेलिजेंस ने एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ा है, जिसने सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर एक दर्जन से अधिक लोगों से लाखों रुपए ऐंठ लिए। सेना ने आरोपी राजेश कुमार राजभर को गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात रांझी पुलिस के हवाले किया है। आरोपी मिलिट्री अस्पताल से सेवानिवृत्त हुआ है। उसके बाद से ही वह कई युवाओं को सेना में नौकरी लगवाने का झांसा देते हुए 45 लाख रुपए ऐंठ चुका है।

बता दे कि मिलिट्री इंटेलिजेंस ने यह कार्रवाई शिकायत के आधार पर की है। दरअसल, कुछ दिनों से जबलपुर में रहने वाले लोग लगातार मिलिट्री ऑफिस में दस्तावेजों के साथ नौकरी के लिए चक्कर काट रहे थे। अधिकारियों ने कागजातों की जांच की तो पता चला कि यह फर्जी है। इस फर्जीवाड़े में सेना से रिटायर्ड राजेश कुमार का नाम सामने आया। मिलिट्री ने देर रात मढ़ई स्थित राजेश के घर पर छापा मारा और उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस आरोपी का बैंक अकाउंट एवं कॉल डिटेल्स की जांच कर रही है।

### महिला को फर्जी बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगा

इंदौर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर की छत्रीपुरा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर अज्ञात महिला और उसके साथियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। पीड़िता से उसके पति की मौत के बाद बीमा क्लेम दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पूनम मेहता ने शिकायत दर्ज कराई है कि फरवरी 2025 में उसे एक अज्ञात युवती का कॉल आया था।

कॉल करने वाली ने खुद को भारती एक्सा इंश्योरेंस कंपनी मुंबई की प्रतिनिधि बताते हुए दावा किया कि उनके (पूनम के) पति द्वारा कराई गई दो बीमा पॉलिसियां जनवरी 2021 में लेप्स हो गई थीं। युवती ने डेथ क्लेम के लिए 31,500 रुपए जमा कराने को कहा, जिसे पीड़िता ने भुगतान कर दिया। इसके बाद फरवरी से जुलाई 2025 के बीच अलग-अलग चार मोबाइल नंबरों से लगातार कॉल कर करीब 3.50 लाख रुपए विभिन्न बैंक खातों में जमा कराए गए, लेकिन भुगतान के बाद भी क्लेम की रकम नहीं मिली और जब पीड़िता ने कॉल कर संपर्क करने की कोशिश की, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बाद में सभी नंबरों से संपर्क बंद हो गया और उसे ब्लॉक कर दिया गया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
शनिवार, 9 अगस्त, 2025 

# मेरा हैदराबाद

**सुविचार** अगर आप कीमत देखे बिना चीजे खरीदना चाहते हैं, तो आपको बिना घड़ी देखे काम करना होगा।

## सीएम बारिश से उत्पन्न समस्याओं और बाढ़ की समस्या के समाधान पर चर्चा की



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में बारिश से उत्पन्न समस्याओं और बाढ़ की समस्या के समाधान पर विस्तार से चर्चा की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी विभागों के अधिकारियों की राय ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कल रात हुई बारिश के कारण हैदराबाद शहर की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के पानी के प्रवाह में रुकावटों के कारण शहर में यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। मुख्यमंत्री को बाहरी रिंग रोड के अंदर मुख्य शहरी क्षेत्र में बाढ़ के पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हैदराबाद शहर में बाढ़ का पानी मूसी तक पहुंचाने के लिए योजनाएं तैयार करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि हर तालाब, नाले और अन्य नहरों को मूसी से जोड़ा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री को तालाबों के जीर्णोद्धार और नालों को चौड़ा करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे ऐसे कदम उठाएं जिससे पानी तालाबों, नालों और वहां से मूसी तक पहुंचे, जहां भी बारिश हो। भविष्य में शहर में ऐसी समस्या की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने पुनरुद्धार की आवश्यकता की याद दिलाई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के रूप में मुसी के पुनरुद्धार की योजना तैयार करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री का मानना है कि मुसी के पुनरुद्धार से मानसून के दौरान जल प्रवाह और यातायात की समस्याओं को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से हैदराबाद शहर के विकास के लिए इसी दिशा में योजनाएं तैयार करने को कहा है।

### मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को बधाई दी

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को राखी के त्योहार (9 अगस्त) के अवसर पर राज्य की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के बंधन के प्रतीक राखी के त्योहार को सभी को खुशी से मनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें करोड़पति बनाने के उद्देश्य से अभिनव कार्यक्रम और योजनाएं लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि गृह ज्योति, नए राशन कार्ड, इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा, इंदिरा कैंटीन और इंदिराम्मा हाउस योजना में महिलाओं को बड़ा स्थान दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार तब तक उनका समर्थन करेगी जब तक सभी महिलाएं राज्य के विकास में भाग नहीं लेतीं। उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएगी और महिलाओं के विकास और कल्याण से कहीं भी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार सभी भाइयों और बहनों के लिए सदैव उपलब्ध रहेगी और सभी के आशीर्वाद से जनता का सफलतापूर्वक शासन करेगी।

## हिमायत सागर के द्वार खुलने से हैदराबाद की मूसी नदी में उफान



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में मूसी नदी उफान पर है, क्योंकि हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) के अधिकारियों ने हिमायत सागर के द्वार खोल दिए हैं। शुक्रवार, 8 अगस्त को अधिकारियों ने जलाशय का एक और द्वार खोल दिया। शुक्रवार को अधिकारियों ने जलाशय के 17 में से चौथा गेट खोल दिया।

यह निर्णय जलाशय में जल स्तर 1763.5 फीट के मुकाबले 1763.15 फीट तक पहुंचने के बाद लिया गया। हैदराबाद में भारी बारिश के बाद जलाशय में 1391 क्यूसेक पानी की निकासी के मुकाबले 1500 क्यूसेक पानी का प्रवाह हो रहा है। जलाशय के चारों द्वार एक-एक फुट की ऊंचाई तक खोले गए। हैदराबाद की मूसी नदी उफान पर है। हिमायत सागर के गेट खोलकर अतिरिक्त पानी निकालने के कारण मूसी नदी का जलस्तर जल्द ही बढ़ने वाला है। चूंकि मूसी नदी के जलस्तर में वृद्धि से नदी के किनारे निचले इलाकों में रहने वाले निवासियों के लिए खतरा पैदा हो गया है, इसलिए अधिकारी उचित कदम उठा सकते हैं। आईएमडी हैदराबाद ने अगले कुछ दिनों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसके चलते जलाशय के और अधिक द्वार खोले जा सकते हैं।

### निम्स ने आमंत्रित किए आवेदन

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनआईएमएस) ने शैक्षणिक वर्ष 2025 के लिए अपने मास्टर इन फिजियोथेरेपी (एमपीटी) पाठ्यक्रम, जिसमें 15 सीटें हैं, और जेनेटिक काउंसलिंग में एमएससी कार्यक्रम, जिसमें 2 सीटें हैं, में प्रवेश के लिए तेलंगाना के पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है। ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी, विवरणिका में दिए गए विस्तृत सहायक दस्तावेजों के साथ, व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा (अधिमानतः भारतीय डाक सेवाओं के माध्यम से) 2 सितंबर को शाम 5 बजे से पहले एसोसिएट डीन, ओल्ड ओपीडी ब्लॉक, एनआईएमएस, पंजागुट्टा, हैदराबाद तक पहुंचनी चाहिए।

## जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में सैनिकों के लिए राखी उत्सव में भाग लिया




हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने शुक्रवार को राजभवन में "सैनिकों के लिए राखी" उत्सव में भाग लिया। यह कार्यक्रम संस्कृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था और इस अवसर पर जुड़वां शहरों के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों को राखी बांधी, जो राष्ट्र के रक्षकों के प्रति कृतज्ञता और एकजुटता का प्रतीक था। रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए, राज्यपाल ने द्रौपदी और भगवान कृष्ण की महाभारत कथा का हवाला देते हुए, इस त्योहार के आपसी सुरक्षा और जिम्मेदारी के गहरे अर्थ पर विचार किया। उन्होंने कहा कि सैनिक केवल सीमा पर तैनात सैनिक ही नहीं होते, बल्कि वैज्ञानिकों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक, विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने वाले व्यक्ति भी शामिल होते हैं। एकता और नैतिक राष्ट्र निर्माण का आह्वान करते हुए, जिष्णु देव वर्मा ने न केवल भौतिक सीमाओं की रक्षा करने की आवश्यकता पर बल दिया, बल्कि धर्म, सत्य और संवैधानिक सिद्धांतों के मूल्यों की भी रक्षा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं में देशभक्ति के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए संस्कृति फाउंडेशन की सराहना की और कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ गर्मजोशी से बातचीत की।

### वीजा घोटाले में महिला से 7.1 लाख रुपये की ठगी

**कंसल्टेंसी मैनेजर पर मामला दर्ज**

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मदुरैनगर पुलिस ने एक कंसल्टेंसी मैनेजर के खिलाफ एक महिला को अमेरिका का एच-1बी वीजा दिलाने का वादा करके कथित तौर पर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मूसापेट की रहने वाली पीड़ित महिला ने पिछले साल अगस्त में वेस्ट श्रीनिवास कॉलोनी स्थित प्रोविसास कंसल्टेंसी से एच-1बी वीज़ा के लिए संपर्क किया था। कंसल्टेंसी मैनेजर शेख आजाद ने कथित तौर पर उसे बताया था कि इसकी लागत 7 लाख रुपये होगी। उसने किश्तों में 7.1 लाख रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन आजाद ने कथित तौर पर वीजा के बारे में उसके सवालों को टाल दिया। 30 जुलाई को जब वह कार्यालय गईं, तो उन्हें पता चला कि कार्यालय खाली हो चुका है। धोखाधड़ी का संदेह होने पर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शेख आजाद को पकड़ने की कोशिश जारी है।

### 11 साइबर अपराध मामलों का भंडाफोड़ किया, 15 गिरफ्तार

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद साइबर अपराध पुलिस ने 29 जुलाई से 4 अगस्त के बीच 11 साइबर अपराध मामलों का खुलासा किया है, तथा विभिन्न राज्यों से 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जांच में पूरे भारत में साइबर अपराधियों के एक व्यापक नेटवर्क का खुलासा हुआ है। कुल गिरफ्तारियों में से 12 संदिग्ध व्यापारिक धोखाधड़ी में शामिल थे, जबकि अन्य गेमिंग और व्यापार धोखाधड़ी से जुड़े थे। अधिकारियों ने 14 मोबाइल फोन, 8 डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, 13 सिम कार्ड और 4 प्रोप्राइटरशिप स्टैम्प सहित सामग्री जब्त की है। पुलिस ने नागरिकों को निवेश संबंधी घोटालों के प्रति सतर्क रहने, लेन-देन की पुष्टि करने और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचने की सलाह दी है।

## फोन टैपिंग मामले की सीबीआई जांच की मांग पर अड़े केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार, एसआईटी पर जताया अविश्वास



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार के दौरान कथित फोन टैपिंग के मामले में एक बार फिर बातचीत तेज हो गई है। कारण है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने इस मामले में जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है।

शुक्रवार को उन्होंने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के सामने गवाही देने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें एसआईटी की जांच पर भरोसा नहीं है।

मंत्री ने कहा कि एसआईटी के अधिकारी अच्छे हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार उन्हें स्वतंत्र रूप से जांच नहीं करने दे रही है। मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस के बीच मिलीभगत है और दोनों एक-दूसरे के खिलाफ सिर्फ ड्रामा कर रहे हैं।

**क्या है आरोप**

मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने आरोप लगाए हैं कि बीआरएस शासन के दौरान उनके और उनके परिवार के फोन सबसे ज्यादा टैप किए गए। उनके स्टाफ, घर पर काम करने वालों और भाजपा कार्यकर्ताओं की भी निगरानी की गई।

संजय कुमार ने कहा कि उन्होंने ही सबसे पहले फोन टैपिंग का खुलासा किया था। इसके लिए एसआईटी को वे इस मामले से जुड़ी गोपनीय रिपोर्ट और जानकारी सौंपेंगे।

बता दें कि इससे पहले बंडी संजय कुमार 28 जुलाई को बयान दर्ज कराने वाले थे, लेकिन संसद सत्र के चलते नहीं जा सके थे। शुक्रवार को उन्होंने खैरताबाद स्थित हनुमान मंदिर में पूजा की और फिर पैदल चलते हुए दिलकुशा गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां एसआईटी ने उनका बयान दर्ज किया।

**क्या-क्या हुआ**

गौरतलब है कि इस मामले में तेलंगाना की स्पेशल इंटेलिजेंस ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व प्रमुख टी प्रभाकर राव मुख्य आरोपी हैं। आरोप है कि उन्होंने एक स्पेशल ऑपरेशंस टीम बनाई थी जो राजनीतिक निगरानी जैसे काम कर रही थी। मार्च 2024 में एसआईबी के एक सस्पेंडेड डीएसपी सहित चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। उन पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से डेटा मिटाने और गैरकानूनी फोन टैपिंग का आरोप है। बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

संजय कुमार ने आरोप लगाया कि ये सब पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की जानकारी और निर्देश पर हो रहा था। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करेंगे, लेकिन निष्पक्ष जांच के लिए यह जरूरी है कि सीबीआई इस मामले की जांच करे।

### तंगी के चलते महिला ने की आत्महत्या

मंचेरियल, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कासिपेट मंडल के देवापुर गांव में गुरुवार को 44 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, शंकर की पत्नी गंगाधारी वाणी ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर 6 अगस्त को कीटनाशक खा लिया। उन्हें पहले एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उनकी हालत बिगड़ने पर करीमनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वाणी अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए कपड़े सिलकर एक दर्जी का काम करती थी। बताया जाता है कि उसका पति शराब का आदी था, जिससे उस पर लंबे समय से आर्थिक बोझ पड़ रहा था। दंपति का एक 11 साल का बेटा है। घटना के बाद, वाणी के पिता भूमैया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## लागाचेरला भूमि संघर्ष में समर्थन के लिए आदिवासी महिलाओं ने केटीआर को राखी बांधी



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोडंगल के लागाचेरला गांव की आदिवासी महिलाओं ने शुक्रवार को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव से मुलाकात की और उनकी कलाई पर राखी बांधकर लागाचेरला में उनके भूमि संघर्ष में उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। रोटीबंडा तांडा की ज्योति के नेतृत्व में समूह ने रामाराव को ईश्वर का वरदान बताया और कृषि भूमि पर कब्ज़ा करने के सरकारी प्रयासों के बीच उनके अधिकारों की वकालत करने के उनके समर्पण पर ज़ोर दिया, जिससे उनकी आजीविका को खतरा था। उन्होंने बताया कि कैसे गर्भवती महिलाओं में से एक ज्योति को अपने पति की गिरफ़्तारी के बाद पुलिस की धमकियों का सामना करना पड़ा। फिर भी, रामाराव ने ज्योति और अन्य लोगों की मदद के लिए आगे आकर उन्हें अपना अटूट समर्थन दिया। महिलाओं ने उनके संघर्ष को दिल्ली तक पहुंचाने, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराने और भूमि अधिग्रहण को वापस लेने में उनके प्रयासों की सराहना की। राखी बांधने के बाद ज्योति ने कहा, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी बंदी ग्रामीणों को कानूनी सहायता मिले और सभी की रिहाई तक हमारा साथ दिया। उन्होंने बताया कि केटी रामाराव ने उनके साथ बहन जैसा व्यवहार किया, हर कदम पर उनका साथ दिया और उनकी भलाई का ध्यान रखा, यहां तक कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम भूमि नायक रखा। वह उन्हें तेलंगाना की सभी जरूरतमंद महिलाओं का भाई मानती थीं।

## बारिश से यातायात व्यवस्था चरमराई

### नागरिकों ने की जीएचएमसी की आलोचना



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को हुई भारी बारिश के दौरान नगर निगम अधिकारियों की अनुपस्थिति और निष्क्रियता के लिए लोगों ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा और निराशा जाहिर की, जिससे गंभीर यातायात जाम और जलभराव हो गया। कार्यालय से लौट रहे सॉफ्टवेयर कर्मचारियों की स्थिति विशेष रूप से खराब थी, जो घंटों तक यातायात में फंसे रहे। अमीरपेट-केपीएचबी मार्ग पर ट्रैफिक जाम में फंसे अशोक कुमार ने हैरानी जताई कि मानसून के चरम पर सड़क का काम कैसे शुरू किया गया। उन्होंने कहा, सड़क के एक हिस्से पर जलभराव है और दूसरी तरफ सड़क खोद दी गई है, जिससे यातायात के लिए जगह ही नहीं बची है। हमें रास्ता दिखाने वाला एक भी नगर निगम इंजीनियर या अधिकारी नहीं था।

विजय मल्लंगी ने जीएचएमसी, खासकर मेयर पर अपना गुस्सा उतारा। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारा शहर डूब रहा है और आप कहीं नजर नहीं आ रहे। आप हमारे मेयर बनने के लायक नहीं हैं। अभी इस्तीफ़ा दीजिए। हैदराबाद को एक ईमानदार, नागरिक-केंद्रित और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है। एक अन्य यात्री अंसार अहमद ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं पिछले 45 मिनट से अमीरपेट में ट्रैफिक जाम में फंसा हुआ हूं। पुंजागुट्टा से कुकटपल्ली तक पूरी सड़क जाम हो गई है। हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस और नगर पुलिस बस नाम मात्र की है। अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। शर्म आनी चाहिए! कई यात्रियों और प्रभावित लोगों ने समाधान की मांग की है। पी कनकरेड्डी ने कहा, बारिश के बाद हैदराबाद एक बार फिर भीषण यातायात जाम से जूझ रहा है। यात्री घंटों जाम में फंसे रहते हैं। यह बार-बार होने वाली समस्या है और इसके तत्काल समाधान की आवश्यकता है।

### करीमनगर के पास सड़क दुर्घटना में नवविवाहिता की मौत

**परीक्षा देकर घर लौट रहे थे दंपति**

करीमनगर, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को थिम्मापुर में राजीव राहदारी पर एक सड़क दुर्घटना में एक नवविवाहित महिला मुद्दसानी अखिला (22) की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक अज्ञात वाहन ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिस पर मृतका और उसका पति राजू सवार थे। दंपति एक परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। अखिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजू घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, चोप्पादंडी मंडल के रुक्मपुर की मूल निवासी अखिला अपने पति के साथ एक निजी कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए थिम्मापुर गई थी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब वे घर लौट रहे थे। अखिला और राजू की शादी तीन दिन पहले ही हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए करीमनगर जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया गया।

### हैदरशाकोट में घर से सोना और नकदी चोरी

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के उपनगर हैदरशाहकोट के कपिल नगर में गुरुवार को चोरों ने एक घर में घुसकर कथित तौर पर 30 तोले सोने के आभूषण, 5 लाख रुपये नकद और गैजेट्स चुरा लिए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मकान मालिक श्रीधर रेड्डी और उनके परिवार के सदस्य सोमवार को घर को बंद करके एक शादी में शामिल होने के लिए अपने पैतृक स्थान पर गए थे, तभी यह घटना घटी। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और घर में घुसकर कीमती सामान लेकर फरार हो गए। जब निवासी वापस लौटे तो उन्हें पता चला कि घर में चोरी हो गई है और उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर राजेंद्रनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप की शुरूआत

### आईआईटी मद्रास की पहल




हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आईआईटी मद्रास ने डीप-टेक स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए विश्व स्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने हेतु नवाचार और उद्यमिता स्कूल शुरू किया है।

यह स्कूल उद्यमिता में एक माइनर स्ट्रीम, एमएस (उद्यमिता) डिग्री प्रदान करेगा। यह पीएचडी कार्यक्रम के अलावा, अनुवादात्मक अनुसंधान में योगदान देने वाले नए कार्यक्रम और उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के इच्छुक पेशेवरों को सहयोग देने के लिए एक अनूठा 'उद्यमी-इन-रेजिडेंस' (ईआईआर) समूह भी शुरू करेगा। इनमें स्नातक और परास्नातक स्तर पर अभ्यास-आधारित डिग्रियां, साथ ही उद्योग-परिभाषित 'इनोवेशन डॉक्टरेट' शामिल हैं। प्रोफेसर प्रभु राजगोपाल, धारावाहिक संकाय-उद्यमी और आईआईटी मद्रास के एक प्रतिष्ठित संकाय के नेतृत्व में, स्कूल का उद्देश्य स्टार्ट-अप के लिए आरंभिक और स्केल-अप चरणों में आईआईटी मद्रास-विशिष्ट वित्तपोषण तंत्र बनाना भी है।

यह छात्रों को आईपी फाइलिंग की अवधारणा को समझने में मदद करने के लिए 'आईपी क्लीनिक' भी चलाएगा और आईआईटीएम के आईपीएम सेल के सहयोग से उनके नवाचारों को शीघ्रता से आईपी समर्थित उत्पादों में परिवर्तित करेगा। वर्तमान में, आईआईटी मद्रास भारत के सबसे बड़े 'डीप-टेक' स्टार्टअप इकोसिस्टम का केंद्र है, जहां आईआईटीएम इनक्यूबेशन सेल और कई क्षेत्र-विशिष्ट इनक्यूबेटरों के तत्वावधान में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 475 से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं। इन स्टार्टअप्स ने कुल मिलाकर 11,000 से अधिक नौकरियां सृजित की हैं, 700 से अधिक पेटेंट दायर किए हैं और 12,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के 13 न्यायाधीश

## कहा- अनावश्यक रूप से टिप्पणी की



प्रयागराज, 8 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के 13 न्यायाधीशों ने देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया आदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन जजों ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भंसाली को पत्र लिखकर फुल कोर्ट मीटिंग बुलाने की मांग की है। सोशल मीडिया पर यह पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

**पूरा मामला क्या है?**

4 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जेबी। पारदीवाला और जज जस्टिस आर। महादेवन की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आदेश दिया था कि उन्हें रिटायरमेंट तक आपराधिक मामलों की सुनवाई से हटा दिया जाए। साथ ही, निर्देश दिया गया था कि वे किसी वरिष्ठ और अनुभवी जज के साथ डिवीजन बेंच में बैठकर काम करें। यह निर्देश उस फैसले के बाद आया जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार ने कहा था कि दीवानी विवादों में धन की वसूली के लिए वैकल्पिक रूप से आपराधिक अभियोजन का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**हाईकोर्ट के जजों का रुख**

वायरल पत्र में इलाहाबाद हाईकोर्ट के 13 जजों ने जस्टिस प्रशांत कुमार के समर्थन में लिखा है कि 4 अगस्त का आदेश बिना नोटिस दिए जारी किया गया और उसमें "विद्वान न्यायाधीश" के खिलाफ अनावश्यक रूप से तीखी टिप्पणियां की गईं। जजों ने सुझाव दिया कि फुल कोर्ट मीटिंग में प्रस्ताव पास किया जाए कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का पालन न किया जाए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के पास हाईकोर्ट पर प्रशासनिक अधीक्षण का अधिकार नहीं है। साथ ही, फुलकोर्ट को आदेश के स्वर और भाव के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करनी चाहिए। मामले की शुरुआत तब हुई जब एक आरोपी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सम्मन रद्द करने की मांग की। आरोपी का तर्क था कि यह एक दीवानी विवाद (नागरिक विवाद) है। 5 मई 2025 को हाईकोर्ट के एक जज ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए याचिका खारिज कर दी। इसके बाद खरीदार ने संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत सुप्रीम कोर्ट में अपील की

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

4 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 5 मई के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को एक अन्य जज के पास पुनः सुनवाई के लिए भेज दिया। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस प्रशांत कुमार के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय को निचली अदालत के न्यायाधीशों के खिलाफ टिप्पणी करते समय संयम बरतना चाहिए, क्योंकि न्यायाधीश अदालत में मौजूद नहीं होते हैं और अपना पक्ष नहीं रख पाते।

**वायरल लेटर की सच्चाई क्या है?**

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वायरल हो रहा यह पत्र असली है या नहीं। हाईकोर्ट या किसी जज की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन सोशल मीडिया पर यह मामला न्यायपालिका के भीतर मतभेद और अधिकार क्षेत्र को लेकर गंभीर बहस का विषय बना हुआ है।

## 'अब ईवीएम याद नहीं आता वोटर लिस्ट दिख रही' चिराग पासवान का पलटवार



पटना, 8 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया है। चिराग पासवान ने कहा कि आज राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और वे कर्नाटक का उदाहरण दे रहे थे, तो कर्नाटक में किसकी सरकार है? आप क्या कहना चाह रहे हैं, आप भूल जाते हैं कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विधानसभा चुनाव हुए थे और उसमें कौन जीता था। चिराग ने आगे कहा कि आप बार-बार मांग कर रहे हैं कि वोटर लिस्ट ठीक की जाए, पहले आप शिकायत करते हैं लेकिन जब उसका समाधान किया जाता है तो आप उस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हैं, तो कैसे इसको ठीक किया जाएगा। चिराग ने कहा कि सुधारने की प्रक्रिया ही तो एसआईआर है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि झारखंड चुनाव ये जीत गए तो वहां सब ठीक है लेकिन महाराष्ट्र में धांधली का आरोप लगाते हैं।

## अब सहन नहीं होता, लिखकर जवान ने खुद को मारी गोली

गोरखपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गोरखपुर एयरपोर्ट पर रनवे की सुरक्षा में तैनात डिफेंस सिक्योरिटी कॉर्प्स (डीएससी) के जवान ने सुसाइड कर लिया। जवान ने सर्विस राइफल (एके-103) से खुद के पेट में गोली मारी। वारदात का पता उस वक्त चला, जब रिलीवर ड्यूटी करने पहुंचा। देखा तो जवान की लाश खून से लथपथ रनवे पर पड़ी मिली। इसके बाद पुलिस बुलाई गई। पुलिस को शव के बगल में सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा था- मैं अपने भाइयों से तंग आ चुका हूं, फर्जी केस ने जीना मुश्किल कर दिया है। अब बर्दाश्त नहीं होता। इस दर्द के साथ अब जीना कठिन हो रहा है। इसलिए जीवन को विराम दे रहा हूं। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना का समय पता चल सके। सहकर्मियों ने जितेंद्र के सुसाइड के बारे में पत्नी को जानकारी दी, तो घर में कोहराम मच गया। शाम 6:10 बजे जितेंद्र का परिवार एयरपोर्ट पहुंचा। वहां अधिकारियों और साथ ड्यूटी पर रहे सुरक्षाकर्मियों से जानकारी ली।

## सूदखोर से परेशान आभूषण कारीगर ने जान दी

वाराणसी, 8 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी में आभूषण कारीगर ने सूदखोरों से परेशान होकर जान दे दी। सूदखोर कारीगर को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने रात मां की तहरीर पर चार नामजद सहित 8 पर मुकदमा दर्ज कर। नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक की मां ने आरोप लगाया कि डेढ़ किलो सोने के एवज में बेटा सूदखोरों को तीन किलो सोना दे चुका था। इसके अलावा पैसे भी दिए थे पर वो बार-बार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। कारीगर की एक साल पहले ही शादी हुई थी और उसकी पत्नी 6 माह की गर्भवती है। पूरा मामला वाराणसी कोतवाली थाना क्षेत्र के सोराकुआं का है।

## 4 नदियों का जलस्तर बढ़ा

खगड़िया, 8 अगस्त (एजेंसियां)। खगड़िया में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कई इलाकों में फैल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों को पूरी सक्रियता के साथ शुरू कर दिया है। जिले में बागमती, कोसी, बूढ़ी गंडक और गंगा सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है। बागमती का जलस्तर 36.37 मीटर है, जो खतरे के निशान से 0.74 मीटर ऊपर है। कोसी 34.59 मीटर पर है, जो खतरे के निशान से 0.74 मीटर ऊपर है। बूढ़ी गंडक 37.72 मीटर पर है, जो खतरे के निशान से 1.12 मीटर ऊपर है।

## एम्बुलेंस नहीं मिलने पर ठेले पर मरीज को पहुंचाया अस्पताल

जमुई, 8 अगस्त (एजेंसियां)। जमुई में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल गई है। सदर शहर के महिसौड़ी मोहल्ले निवासी मो। अख्तर की 65 वर्षीय पत्नी का इलाज पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चल रहा था। रात वह इलाज कराकर अपने घर जमुई लौटी थीं। अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने एम्बुलेंस के लिए फोन लगाया। लेकिन लाइन बिजी रहने के कारण एम्बुलेंस नहीं मिल पाई। मजबूरी में परिजन पड़ोस में मौजूद एक तीन पहिया ठेले पर महिला मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे। परेशान परिजन अंत में शव को उसी ठेले पर रखकर घर ले जाने को मजबूर हुए। इस घटना ने सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा करता है। लेकिन हकीकत में मरीजों को आवश्यक सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

# राहुल-तेजस्वी की चुनाव से पहले बिहार यात्रा, 17 अगस्त से होगी शुरुआत



पटना, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर का मुद्दा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष की तरफ से सरकार पर इसको लेकर कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग पर वोट की चोरी करने का आरोप भी लगाया जा रहा है। इस बीच आज राहुल गांधी ने कथित चुनावी धांधली पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ चर्चा की। राहुल गांधी के निवास पर डिनर मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में इंडिया गठबंधन के तमाम नेता शामिल हुए।

बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी और कांग्रेस एक साथ चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि अब तक दोनों के बीच सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। इस बीच बैठक में शामिल हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि इस मुल्क में जो तानाशाही हो रही है, इसी को लेकर चर्चा की गई है। हम और राहुल एक साथ अब बिहार की यात्रा पर निकलेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी और तेजस्वी यादव बिहार यात्रा पर निकलने वाले हैं। ये यात्रा 17 अगस्त से राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार में शुरू होगी।

17 अगस्त से शुरू होने वाली ये यात्रा 1 सितंबर को पटना में खत्म होगी। इसको लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि हम वोट की चोरी को किसी भी हालत में होने नहीं देंगे। हम बिहार में एसआईआर का मुद्दा उठाते रहेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम चुनाव बहिष्कार नहीं करेंगे, हम लोकतंत्र में यकीन रखते हैं।

# पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद का आरोप

## भाजपा के लोगों ने मुझ पर हमला करवाया कानून व्यवस्था ध्वस्त



लखनऊ, 8 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों रायबरेली में खुद पर हुए हमले को लेकर भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने मुझ पर हमला करवाया। ये तो अच्छा हुआ कि मैंने अपनी यात्रा की सूचना पहले दे दी थी नहीं तो स्थिति गंभीर हो जाती है। वहां पर मेरे समर्थक और पुलिसकर्मी मौजूद थे। लखनऊ में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए स्वामी प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा संरक्षित गुंडे, माफिया और बदमाश अब प्रदेश के विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहे हैं। इसमें भाजपा के नेता भी शामिल हैं। स्वामी प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री-विधायक इस सरकार से संतुष्ट नहीं हैं। विधायकों को भी पीटा गया है। सत्ता पक्ष के विधायक भी मारपीट के शिकार हुए हैं। मारपीट के शिकार हुए विधायक पिछड़ा और एससी एसटी समाज के थे। मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## राहुल गांधी के आरोप देश के जनादेश का अपमान भाजपा ने बताया सुनियोजित साजिश



पटना, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए "चुनावी फर्जीवाड़े" के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें लोकतंत्र के खिलाफ साजिश करार दिया है। पार्टी नेताओं ने एक सुर में कहा कि विपक्ष जब हार की ओर बढ़ता है, तब संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर भ्रम फैलाने की कोशिश करता है। रविशंकर प्रसाद से लेकर धर्मेंद्र प्रधान और ऋतुराज सिन्हा तक सभी ने राहुल गांधी के बयान को लोकतांत्रिक प्रणाली और जनता की समझदारी का अपमान बताया। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, "राहुल गांधी की टिप्पणी गैर-जिम्मेदाराना और बेशर्मी से भरी है। वो चुनाव आयोग को धोखेबाज कहकर जनता के फैसले और लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश ने प्रगति की है, जनता ने ईमानदारी को वोट दिया है फर्जीवाड़ा कहना अपमानजनक है।" उन्होंने आगे कहा, "जो खुद मानहानि मामलों में जमानत पर हैं, वो दूसरों को दोषी ठहरा रहे हैं।"

# जहानाबाद डीएसपी संजीव कुमार के तीन ठिकानों पर एक साथ छापा



पटना, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार की जांच एजेंसियों की कार्रवाई निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में बिहार की विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार तड़के एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जहानाबाद में पदस्थापित डीएसपी संजीव कुमार के पटना, खगड़िया और जहानाबाद स्थित आवासों व अन्य ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के गंभीर आरोपों के आधार पर की गई है, जिसमें डीएसपी पर 1.52 करोड़ की अवैध संपत्ति जमा करने का आरोप लगाया गया है। विशेष निगरानी से मिली जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने इस मामले में कांड संख्या 16/2025 दर्ज करते हुए संजीव कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) और बीएनएस 2023 की धारा 61(2)(ए) के तहत केस दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, डीएसपी की ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना में उनकी संपत्ति कई गुना अधिक पाई गई है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार, एसवीयू की टीम ने संजीव के तीनों ठिकानों पर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, प्रॉपर्टी डीड, बैंक खातों की जानकारी मिली है। फिलहाल कार्रवाई जारी है।

# सांसद जिया उर रहमान बर्क को हाईकोर्ट से राहत



प्रयागराज, 8 अगस्त (एजेंसियां)। संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत की अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगाते हुए, राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई अब नौ सितंबर को होगी। सांसद बर्क की तरफ से पूर्व अपर महाधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्लाह, विनीत विक्रम और इकबाल अहमद ने पक्ष रखा। सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल कोर्ट में पेश हुए। सांसद बर्क ने संभल स्थित मामले में दाखिल चार्जशीट को चुनौती दी है।

संभल स्थित जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जिया उर रहमान बर्क ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने अपनी याचिका में संभल के स्पेशल जज (एमपी/एमएलए)/सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में चल रही पूरी कार्यवाही को रद्द करने की मांग की है। यह मामला 24 नवंबर 2024 का है, जब संभल की जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस घटना के बाद, एसआई दीपक राठी ने कोतवाली थाने में सांसद जिया उर रहमान बर्क, सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल समेत सैकड़ों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में दंगा भड़काने सहित कई आरोप लगाए गए हैं। जिया उर रहमान बर्क ने अपनी याचिका में 12 जून 2025 को दाखिल की गई चार्जशीट और 18 जून 2025 को संभल कोर्ट द्वारा पारित संज्ञान आदेश सहित पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग की है। उन्होंने हाईकोर्ट से यह भी प्रार्थना की है कि जब तक उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनके खिलाफ दर्ज इस मामले में आगे की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। इस याचिका में राज्य सरकार और एसआई दीपक राठी को प्रतिवादी बनाया गया है।

## कर्नाटक की महिला का छांगुर पर बड़ा खुलासा

### कैराना और सहारनपुर सांसद पर लगाया गंभीर आरोप

गाजियाबाद, 8 अगस्त (एजेंसियां)। धर्मांतरण का सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर का नाम एक फिर चर्चाओं में है। कर्नाटक की रहने वाली महिला ने छांगुर पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। महिला गाजियाबाद बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मुलाकात कर आपबीती सुनाई है। महिला ने उत्तर प्रदेश पुलिस और सहारनपुर एवं कैराना सांसद पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के मुताबिक वह बेंगलुरु कर्नाटक में ब्यूटी पार्लर की दुकान चलती थी। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है।

साल 2019 में सोशल मीडिया के जरिए वह राजू राठौड़ नाम के व्यक्ति से मिली। महिला के मुताबिक राजू राठौड़ का असली नाम वसीम है। उसने शादी का झांसा देकर उसको सऊदी अरब बुला लिया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद छांगुर बाबा की वीडियो कॉल पर बात करवाई और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। महिला ने बताया कि, वसीम के माता-पिता ने उस को सहारनपुर बुला लिया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। जब उसने धर्म परिवर्तन से मना कर दिया तो उसके साथ गैंगरेप कराया गया।

महिला के मुताबिक वह सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद और कैराना कि सांसद इकरा हसन से मिली थी लेकिन दोनों ने उसकी मदद नहीं की। महिला ने अब विधायक नंदकिशोर गुर्जर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं इस मामले में विधायक का कहना है कि या तो सहारनपुर पुलिस महिला की मदद करें, नहीं तो वह सहारनपुर जाकर ईंट से ईंट बजा देंगे।

# जवाब दे पाएंगे मंगल पांडेय और दिलीप जायसवाल प्रशांत किशोर ने लगाए सनसनीखेज आरोप



पटना, 8 अगस्त (एजेंसियां)। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। शुक्रवार (08 अगस्त) को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशांत किशोर ने बड़ा खुलासा किया।

इस मौके पर जन सुराज पार्टी से जुड़े अन्य नेता भी मौजूद रहे। प्रशांत किशोर ने मीडिया से कहा कि बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और दिलीप जायसवाल एक तरह से भाई ही हैं।

2020 में कोविड में लोग परेशान थे तो उस समय मंगल पांडेय ने दिलीप जायसवाल की मदद से दिल्ली के द्वारका में 86 लाख रुपये में फ्लैट खरीदा था।

पीके ने कहा, मंगल पांडेय के पिता अवधेश पांडेय ने फ्लैट खरीदने के लिए 30 लाख रुपये अपनी बहू उर्मिला पांडेय को भेजा। 6/8/19 को दिलीप जायसवाल ने अपने अकाउंट से 25 लाख रुपये मंगल पांडेय के पिता को भेजा। मंगल पांडेय के पिता ने ये पैसा अपनी बहू के अकाउंट में भेजा। देख लीजिए मंगल पांडेय व दिलीप जायसवाल कितने जिगरी मित्र हैं।

प्रशांत किशोर ने इस पैसे को लेकर कहा कि 2020 के मंगल पांडेय के एफिडेविट में कोई घोषणा नहीं है कि उन्होंने लोन लिया है।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय डॉक्टर-वेंडर से पैसा तो लेते ही हैं, मंगल पांडेय अब अपने दल के नेता दिलीप जायसवाल से भी घूस लेने लगे हैं।

मंगल पांडेय हेल्थ मिनिस्टर हैं और दिलीप जायसवाल मेडिकल कॉलेज चलाते हैं। पैसा लेते ही मंगल पांडेय ने दिलीप जायसवाल के कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बना दिया।

## अब नॉन लेदर फुटवियर का गढ़ बनेगा यूपी

लखनऊ, 8 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश अब लेदर के साथ नॉन लेदर उत्पादों का भी गढ़ बनेगा। इस क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए लाई गई उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन लेदर क्षेत्र विकास नीति-2025 को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी। इस नीति के लागू होने के साथ ही लेदर सेक्टर में 22 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित हो गए हैं। वर्तमान में ये सेक्टर 15 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दे रहा है। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि भारत लेदर सेक्टर में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। अकेले कानपुर और उन्नाव में 200 से अधिक सक्रिय टेनरियां कार्यरत हैं, जबकि आगरा को देश की 'फुटवियर राजधानी' के रूप में जाना जाता है। इससे न केवल लेदर और नॉन-लेदर फुटवियर निर्माण इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि इससे जुड़ी सहायक इकाइयों को भी विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। इससे एकीकृत फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग ईकोसिस्टम तैयार किया जाएगा।

## बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज बस पर गिरा पेड़, तीन महिलाओं की मौत

बाराबंकी, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बाराबंकी जिले में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। हैदरगढ़-हरख मार्ग पर जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरख में राजा बाजार के पास तेज बारिश के दौरान रोडवेज की अनुबंधित बस पर अचानक गूलर का पेड़ गिर गया। पेड़ बस के अगले हिस्से पर गिरने से चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृतकों में शिक्षा मल्होत्रा (53) और तीन अन्य अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल सैल कुमारी और सुधीर का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि अन्य घायलों को भी प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## दरोगा ने फांसी लगाकर दे दी जान

गया, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गया में दरोगा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह एसएसपी कोठी के पास ही किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार सुबह कमरे में ही फंदे से लटकती हुई उसकी लाश बरामद हुई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मौके पर पुलिस आला अधिकारी और रामपुर थाना की पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर भेज दिया। दरोगा सहरसा जिले के बनगांव का रहने वाला था। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों का इंतजार कर रहे हैं।

## ड्यूटी पर पीएसी कांस्टेबल ने की आत्महत्या

सोनभद्र, 8 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में एक दुखद घटना में, ड्यूटी पर तैनात पीएसी कांस्टेबल ने शुक्रवार की भोर में अपनी ही पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बलिया जिले के आलमपुर गड़वार निवासी विनोद सिंह के पुत्र संदीप सिंह की है। वह दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के अमवार कनहर सिंचाई परियोजना जी बटालियन में तैनात था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कांस्टेबल ने अपनी पिस्टल से गोली अपने जबड़े के नीचे से मारी, जो उसके सिर को छेदते हुए बाहर निकल गई। यह घटना उस समय हुई जब अन्य पुलिसकर्मी गहरी नींद में थे। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

गया, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गया-पटना रेलखंड पर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गया-पटना रेलखंड को जाम कर प्रदर्शन किया। रेलवे ट्रैक पर लोगों के प्रदर्शन के कारण करीब दो घंटे तक मेमू ट्रेन फंसी रही। मिली जानकारी के मुताबिक गया-पटना रेलखंड के खनेटा गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद आक्रोशित लोगों ने रेलवे ट्रैक को जाम कर प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग कर रहे थे। लोगों ने शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया।

## जिंदा नवजात शिशु पॉलिथीन में सड़क पर मिला, मुस्लिम दंपति ने बचाई जान

बुलंदशहर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में इंसानियत को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। यहां गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में पॉलीथिन में जिंदा नवजात को पैककर फैंक दिया। पालीथीन को कुत्ता खींचने लगे तो बाइक से गुजर रहे मुस्लिम दम्पति की नजर पड़ गई। दम्पति ने पालीथीन को खोलकर देखा तो दम्पति के होश उड़ गए। आनन फानन में दम्पति पालीथीन में पैक नवजात को अस्पताल ले गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। गांव कुराना नया बांस के रहने वाले फहीमुद्दीन पत्नी शमीना के साथ बाइक द्वारा औरंगाबाद से वापिस लौट रहे थे। बीती रात करीब 11 बजे असावर से ऐंचाना के बीच सड़क किनारे एक झाड़ी से पॉलीथिन को खींचकर कुत्ता ले जाने का प्रयास कर रहा था। फहीमुद्दीन को कुछ अजीब लगा तो वो बाइक रोककर कुत्ते को भगाकर पॉलीथिन के पास पहुंचे। फहीमुद्दीन ने देखा कि पॉलीथिन हिल रही थी। उन्होंने देखा तो उसमें एक नवजात बच्चा था। दंपति बच्चे को देर रात होने के कारण सबसे पहले डॉक्टर के यहां ले गए। चेकअप करा अपने घर ले आए। उसके बाद सुबह पूर्व प्रधान के जरिए पुलिस को सूचना दी।

# भाजपा में मूणत को मिल सकती है नई जिम्मेदारी

## अभिषेक-नवीन समेत 4 नेता महामंत्री पद की रेस में, हेमंत या अनुराग बन सकते हैं मीडिया प्रभारी




रायपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में जल्द ही बीजेपी संगठन का विस्तार हो जाएगा। लंबे समय से रुकी नियुक्तियों का आदेश 10 अगस्त को संभावित माना जा रहा है। जानकारी ये भी है कि नए आदेश में बीजेपी कुछ पदों को कम कर सकती है। अभी प्रदेश संगठन महामंत्री के 4 पद हैं, इसमें एक पद कम किया जा सकता है। आने वाले दिनों में ये 3 हो जाएंगे।

इसके अलावा नए महामंत्री, महिला अध्यक्ष, भाजयुमो अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्ष के पद पर नई नियुक्तियां होगी। संगठन में पद मिले इसलिए प्रदेश के नेताओं से लेकर राष्ट्रीय नेताओं और आरएसएस लॉबी तक एप्रोच लगाई गई है।

प्रदेश भाजपा संगठन में दो नए नेताओं को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने की तैयारी है। मौजूदा महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान अध्यक्ष और जगदीश रामू रोहरा को धमतरी नगर निगम महापौर बन गए हैं। जिससे अब ये पद खाली हैं।

इन पदों पर अब नए चेहरे नियुक्त होंगे। महामंत्री की रेस में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय, पूर्व विधायक रजनीश सिंह और अखिलेश सोनी का नाम चल रहा है। वहीं गुलशन ऋषि और अमरजीत दुआ को प्रदेश कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया जा सकता है।

बीजेपी में नई नियुक्ति को लेकर संगठन ने पहले ही विचार कर लिया है।

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश कुछ दिन पहले प्रवास पर छत्तीसगढ़ आए थे। तब इस मुद्दे पर सीनियर नेताओं से चर्चा हो चुकी है।

वहीं छत्तीसगढ़ से दिल्ली प्रवास पर गए अध्यक्ष किरण सिंहदेव से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी इस संबंध में निर्देश मिले हैं। संगठन में 6 प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होंगे। इसमें दो महिला और 4 पुरुष पदाधिकारियों को नियुक्ति मिलेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष के कुछ ही चेहरों में परिवर्तन होगा। उपाध्यक्ष के अलावा मीडिया प्रभारी का भी चेहरा बदलेगा।

छत्तीसगढ़ बीजेपी पार्टी के मुद्दों को मीडिया में अपना पक्ष मजबूती से रखने के लिए प्रवक्ताओं की टीम भी बदलेगी। बताया जा रहा है इस बार प्रवक्ताओं की संख्या कम होगी और पार्टी की बातें स्पष्ट रूप से रखने में माहिर होंगे, उन्हीं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

भाजपा में 7 मोर्चों और 30 प्रकोष्ठों में भी मंडल व जिला स्तर पर नए अध्यक्षों की नियुक्ति बाकी है, क्योंकि मौजूदा पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इन इकाइयों में भी बदलाव की मांग उठ रही है और कार्यकर्ता नई नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी भी चर्चा में है। मौजूदा अध्यक्ष शालिनी राजपूत को सरकार द्वारा हस्तशिल्प विकास बोर्ड का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

ऐसे में अब इस पद पर किसी सक्रिय और प्रभावशाली महिला नेता को जिम्मेदारी सौंपे जाने की संभावनाएं बन रही हैं। भाजपा नेत्रियां भी इस पद को लेकर अपनी दावेदारी मजबूत कर रही हैं।

भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत का हटना तय है। उनकी बयानबाजी इसका कारण बताई जा रही है। भाजयुमो अध्यक्ष बनने की रेस में जातिगत समीकरण की चर्चा है। ओबीसी या जनरल समुदाय से आने वाले युवा और तेज नेता को ये जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, नाबालिग की मौत

## गिरिडीह में हुआ हादसा, दो घायल आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

गिरिडीह, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह शहर के कोलडीहा के शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

मृतक की पहचान मुफ्फसील थाना क्षेत्र के पहाड़ीडीह निवासी 16 वर्षीय मोहम्मद कुर्बान अंसारी के रूप में हुई है। घटना के अनुसार, तीनों नाबालिग एक स्कूटी पर सवार होकर मॉर्निंग वॉक के लिए कोलडीहा के रास्ते गिरिडीह स्टेडियम जा रहे थे। इसी दौरान कोलड़ीहा पेट्रोल पंप के पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

# भोजपुरी गाना नहीं बजाया तो बार में चलीं गोलियां

रांची, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी के बार में आए दिन मारपीट और गोलीकांड की घटनाएं सामने आ रही हैं। देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्रेविटी नाम के बार में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि इसमें किसी को गोली नहीं लगी। गोली कांड को लेकर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद गोली चलाने वाले एक युवक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

### भोजपुरी गाना नहीं बजाया तो चला दी गोली

ग्रेविटी बार में बुधवार की रात भोजपुरी गाना बजाने की डिमांड की गई थी। लेकिन भोजपुरी गाना नहीं बजाया गया। जिससे आक्रोशित होकर बात के बाहर सीढ़ियों पर हवाई फायरिंग की गई। इस मामले को लेकर बार संचालक के द्वारा कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें अज्ञात के द्वारा गोली चलाने के बात बताई गई और यह भी बताया गया कि अगर किसी कस्टमर को गोली लग जाती तो बड़ी घटना घट सकती थी। ऐसे में आरोपी के खिलाफ कार्यवाई की जाए।

कोतवाली इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि देर रात बार में गोली चली थी। जिसके बाद एफआईआर दर्ज कराया गया था और उसी के तहत गोली चलाने वाले युवक राहुल कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक रिवाल्वर, एक खाली खोखा और 21 जिंदा गोलियां बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलाई गई थी। आरोपी बिहार के नालंदा का रहने वाला है और वर्तमान में रांची के पीएचडी कॉलोनी में रहता है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### एक बार में तो हो चुका मर्डर

इससे पहले भी राजधानी रांची के एक्सट्रीम स्पोर्ट बार में पिछले वर्ष मई महीने में एक गोली कांड हो चुका है। जिसमें एक आक्रोशित कस्टमर के द्वारा बार के डीजे संदीप प्रमाणिक को गोली मार दी गई थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई थी। आरोपी गोली कांड को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। हालांकि रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया और उसे जेल भेजा था।

# तालाब में डूबने से युवती की मौत

गुमला, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र के महूगांव में एक दुखद घटना सामने आई है। गुरुवार की देर शाम 18 वर्षीय युवती संतोषी कुमारी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। संतोषी खेत-बारी से काम करके लौट रही थी। इसके बाद वह गांव के तालाब में हाथ-पैर धोने गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गई। जब परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने युवती को पानी से बाहर निकाला।

# 3 करोड़ की हेरोइन केस आइबी-एनसीबी-एटीएस की एंट्री

## मास्टरमाइंड से पूछताछ, रायपुर में 8 महीने में बिकी 2 करोड़ की ड्रग्स, 1 करोड़ की जब्ती

रायपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर इंटरनेशनल ड्रग्स नेटवर्क के टारगेट पर है। पाकिस्तान से ड्रग्स सप्लाई कर रायपुर में 2 करोड़ की बेची जा चुकी है। इसके अलावा हाल ही में 1 करोड़ के हेरोइन की जब्ती हुई है। इस केस में अब इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और एटीएस की एंट्री हो गई है। जांच में कई बड़े चेहरे बेनकाब हो सकते हैं।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक अब एटीएस को भी इस केस की जांच सौंपी गई है। एटीएस की टीम न सिर्फ गिरफ्तार आरोपियों के नेटवर्क की पड़ताल कर रही है, बल्कि उन सभी संपर्क सूत्रों को भी खंगाल रही है, जिनके जरिए पाकिस्तान से ड्रग्स की खेप रायपुर तक पहुंची। हेरोइन केस में तीनों जांच एजेंसियां इंटरनेशनल ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क को खंगालने में जुट गई हैं। ड्रग्स सिंडिकेट का मास्टरमाइंड लवजीत सिंह उर्फ बंटी से हाल ही में आइबी और नारकोटिक्स की टीम ने जेल में पूछताछ की। 4 अगस्त को रायपुर पुलिस ने पाकिस्तान की ड्रग्स को रायपुर में बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया था। इस दौरान रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने कहा था कि जरूरत पड़ने पर प्रदेश और देश की अन्य एजेंसियों को भी जांच में शामिल किया जाएगा। दरअसल, रायपुर पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एसीसीयू की टीम ड्रग्स तस्करी केस की जांच कर रही थी। इसी बीच इनपुट मिला कि कमल विहार, महावीर नगर और टाटीबंध इलाके के कुछ लोग रायपुर में ड्रग्स बेचने का सिंडिकेट चला रहे हैं।

# बलरामपुर में विकास की खुली पोल

## खराब सड़क के चलते गर्भवती महिला को ट्रैक्टर से पहुंचाया अस्पताल



बलरामपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत लोहाराटांड़ गांव में शासन-प्रशासन के विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है।

ग्रामीण इलाकों में अब भी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। ताजा मामला तब सामने आया जब एक गर्भवती महिला को समय पर उपचार दिलाने के लिए ग्रामीणों को ट्रैक्टर की मदद लेनी पड़ी।

दरअसल, गांव में सड़क की हालत इतनी बदतर है कि सामान्य दिनों में चलना मुश्किल होता है। ऐसे में बारिश के समय तो हालात और बुरे हो जाते है।

बुनियादी सुविधाएं पहुंचना तो दूर एम्बुलेंस पहुंचना भी मुमकिन नहीं हो पाता है। उसमें भी कोई प्रेग्नेंट या बीमार हो जाए तो मुसीबत और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। वहीं, जिस महिला को ट्रैक्टर से अस्पताल लाया गया, वह पहाड़ी कोरवा समुदाय से है।

यह वह ट्राइब है जो विशेष पिछड़ी जनजाति में आती है। यह स्थिति सरकार की जन मन योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करती है। जिससे इन समुदायों को वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा। इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव तक पक्की सड़क न होने के कारण एम्बुलेंस सेवा बाधित होती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों की ओर से 102 एम्बुलेंस सेवा को कॉल नहीं किया गया था। वर्तमान में गर्भवती महिला को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# गौवंशीय पशुओं की तस्करी का भंडाफोड़

## चक्रधरपुर पुलिस ने 14 पशु पकड़े, तस्कर फरार, चाकुलिया गौशाला भेजे गए

चाईबासा, 8 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम में चक्रधरपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 14 गौवंशीय पशुओं को पकड़ा है। सोनुआ रोड से पुलिस ने इन पशुओं को जब्त किया। हालांकि इस दौरान सभी पशु तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे।

पदमपुर के साप्ताहिक गुरुवार हाट में बड़ी संख्या में जानवरों की खरीद-बिक्री होती है। यहां अन्य राज्यों के पशु तस्कर भी पशुओं की खरीदारी करते हैं। इन पशुओं को बाद में दूसरे राज्यों के बूचड़खानों में बेचा जाता है। इस कार्य में स्थानीय गौ तस्करों की भी मिलीभगत रहती है।

पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करके पशुओं को तस्करों से मुक्त कराने का प्रयास करती रहती है।

# पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट

## कोबरा बटालियन के 2 जवान घायल



चाईबासा, 8 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में शुक्रवार को नक्सलियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। चाईबासा के सारंडा जंगल में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया।

इस ब्लास्ट में कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए। वे नक्सल विरोधी अभियान पर जा रहे थे। यह घटना सुबह करीब 10:40 बजे हुई। घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया गया है। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान जारी है।

इस इलाके में भाकपा माओवादी के बड़े नेता मिसिर बेसरा और अनमोल समेत कई नक्सलियों के सक्रिय होने की बात कही जाती है। घटना के बाद घायल जवानों को तुरंत सारंडा जंगल से एयरलिफ्ट किया गया। उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया ताकि उनका बेहतर इलाज हो सके। सुरक्षा बल लगातार इस क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

# लगातार बारिश से बह गई सड़क

## सरिया के नीमाटांड़ गांव की पीसीसी सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई थी रोड



गिरिडीह, 8 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड के सबलपुर पंचायत स्थित नीमाटांड़ गांव जाने वाला पीसीसी सड़क लगातार हो रही तेज बारिश के कारण बह गया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने पुनर्निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग सरिया, राज धनवार और रांची-दुमका मार्ग को जोड़ता है। अब लोगों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

इस सड़क से अस्पताल व अनुमण्डल, शहर जाना हो तो इसी से जाना पड़ता है। इस रास्ते का प्रयोग अब खतरे से खाली नहीं रहा। कभी भी कोई घटना घट सकती है। इस सड़क को ग्रामीणों द्वारा कई वर्ष पूर्व श्रमदान कर बनाया गया था।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित भी करवाया गया है, लेकिन वह चुनाव के समय सिर्फ आते हैं। उन्होंने विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मांग किया है कि तत्काल इस सड़क का पुनर्निर्माण कराए, ताकि लोगों का आवागमन सुचारू रूप से होता रहे।

# बोकारो पुलिस ने गिरफ्तार किए दो आरोपी

## एक रिम्स में था वार्ड बॉय, सोने-चांदी के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद

बोकारो, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बोकारो पुलिस ने शहर में लगातार हो रही चोरियों का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक रांची के रिम्स अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में कार्यरत था।

एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी टीम ने डीएसपी नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई की। पुलिस ने सबसे पहले रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के देसवाली टोला से 37 वर्षीय बिनोद सोरेंग उर्फ रघु नुण्डा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बोकारो शहर में हुई कई चोरियों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

बिनोद के किराए के मकान से पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया। उसकी निशानदेही पर माराफारी झोपड़ी कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय महेश कुमार उर्फ लल्ला को भी गिरफ्तार किया गया। महेश ने भी चोरी में शामिल होने की बात स्वीकार की।

दोनों आरोपियों के पास से सोने-चांदी के आभूषण, एप्पल कंपनी का लैपटॉप, एयरपॉड, मोबाइल फोन, 7,700 रुपए नकद और 300 रुपए के सिक्के, पीतल के बर्तन, पावर बैंक तथा दरवाजा तोड़ने के उपकरण बरामद किए गए हैं। जांच में पता चला है कि बिनोद सोरेंग का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह बीएस सिटी थाना से जेल जा चुका है। उसके खिलाफ वर्ष 2025 में बीएस सिटी थाना में गृहभेदन के कुल 8 मामले दर्ज हैं।

# पूर्व विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

## पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में हुई जमानत, 8 साल से थे जेल में





धनबाद, 8 अगस्त (एजेंसियां)। झरिया के पूर्व विधायक और भाजपा नेता संजीव सिंह को नीरज सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। यह मामला पिछले 8 वर्षों से झारखंड की राजनीति और कानून व्यवस्था का केंद्र बना हुआ था।

संजीव सिंह फिलहाल रांची के रिम्स अस्पताल में इलाजरत हैं। वहीं, उनका स्वास्थ्य परीक्षण जारी है। इस केस से जुड़े सभी शूटर पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें अमन सिंह, शिबू उर्फ सागर, कुर्बान अली और चंदन सिंह उर्फ सतीश शामिल हैं।

3 दिसंबर 2023 को धनबाद जेल में बंद अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी आशीष रंजन सिंह ने ली थी। आशीष को 6 अगस्त 2025 को यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया था।

### 23 मार्च 2017 को मामला हुआ था दर्ज

झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। उन पर धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या का आरोप है। नीरज सिंह हत्याकांड मामले में 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय और गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

इस हत्याकांड में पुलिस को संजीव सिंह की भूमिका षडयंत्रकारी की मिली, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### आठ साल पहले हुई थी नीरज सिंह की हत्या

पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह की शूटरों ने 22 मार्च 2017 की रात को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हमले में नीरज सिंह को लगभग 25 गोलियां लगीं थीं।

# बरवाअड्डा पुलिस ने 5 आरोपियों के घरों पर चिपकाए इश्तेहार

## कोर्ट में पेश नहीं होने पर होगी कुर्की-जब्ती, रिश्तेदारों संग मारपीट का है आरोप

धनबाद, 8 अगस्त (एजेंसियां)। धनबाद के बरवाअड्डा थाना अंतर्गत न्यू कॉलोनी में शुक्रवार को पुलिस टीम ने पांच फरार आरोपियों के घरों पर न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार चिपकाए। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। इश्तेहार में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आरोपियों के कोर्ट में उपस्थित न होने की स्थिति में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने फरार चल रहे नामजद अभियुक्त मनोज कुमार यादव, रवि संगम यादव, रामजी प्रसाद, रोशन कुमार यादव और राजकुमार यादव के घरों पर यह नोटिस लगाए हैं। ये सभी आरोपी बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 149/2023 के तहत दर्ज मामले में वांछित हैं। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2023 में इन पांचों आरोपियों पर अपने ही रिश्तेदारों के साथ मारपीट करने का आरोप है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस को उनकी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। बार-बार समन और गिरफ्तारी वारंट के बावजूद आरोपी कानून से बचते रहे।

काफी समय से गिरफ्त से बाहर चल रहे आरोपियों को अदालत में पेश न होते देख, न्यायालय ने उनके खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 के तहत इश्तेहार जारी करने का आदेश दिया। इसके पालन में बरवाअड्डा पुलिस ने आरोपियों के घरों पर सार्वजनिक रूप से नोटिस चिपकाया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि वे निर्धारित समयावधि में न्यायालय या थाना में समर्पण नहीं करते, तो सीआरपीसी की धारा 83 के अंतर्गत कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। एएसआई बिजय कुजूर ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इश्तेहार चिपकाने के बाद अब पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय की अगली प्रक्रिया का इंतजार कर रही है।

# पश्चिमी सिंहभूम में लाइनमैन की मौत पर परिजनों का विरोध

## चाईबासा-रांची एनएच जाम, परिजनों ने की 25 लाख मुआवजा और नौकरी की मांग

चाईबासा, 8 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम में लाइनमैन श्याम सुंदर रजक की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने चाईबासा-रांची एनएच-75ई को जाम कर दिया।

प्रदर्शनकारी 25 लाख रुपए मुआवजा और एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग कर रहे हैं।

घटना 1 अगस्त की है, जब लाडुपोदा ग्रिड में 11 हजार वोल्ट की लाइन में फ्यूज बदलने के दौरान लाइनमैन श्याम सुंदर रजक घायल हो गए थे। जमशेदपुर में इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर में उनका निधन हो गया। इसके बाद आक्रोशित परिवार और ग्रामीणों ने चक्रधरपुर के चेकनाका के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। सूचना मिलने पर चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे।

मृतक के छोटे भाई पिंटू रजक ने बताया कि उनके भाई की कार्य के दौरान दुर्घटना हुई थी और इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# तीन लाख का इनामी जनमिलिशिया कमांडर गिरफ्तार

## लंबे समय से नक्सल संगठन में सक्रिय था शंकर कुरसम



बीजापुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। डीआरजी बीजापुर और सीआरपीएफ 85वीं बटालियन की संयुक्त कार्रवाई में 3 लाख रुपये के इनामी जनमिलिशिया कमांडर शंकर कुरसम को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी पेद्दापाल और हिरमागुंडा के मध्य जंगल से की गई। शंकर कुरसम 36 वर्ष निवासी इसुलनार, थाना बीजापुर, लंबे समय से नक्सल संगठन में सक्रिय था और कई गंभीर घटनाओं में शामिल रहा है।

गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ बीजापुर थाना क्षेत्र में प्रमुख रूप से 23 दिसंबर 2023 ग्राम मनकेली में छोटू कुरसम की हत्या, 25 दिसंबर 2023 गोरना-मनकेली मार्ग पर आईईडी ब्लास्ट, जिसमें डीआरजी का एक जवान घायल हुआ, 24 मार्च 2024 अटल आवास परिसर में डीआरजी जवान पर फायरिंग, 09 अप्रैल 2025 सिंगार बहार नाला के पास आईईडी विस्फोट, जिसमें सीआरपीएफ 196 बटालियन का एक जवान गंभीर रूप से घायल हुआ और बाद में शहीद हो गया। इसके अतिरिक्त, 29 जुलाई 2025 को पेद्दाकोरमा-बोड़ला पुसनार जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में भी शंकर कुरसम की संलिप्तता पाई गई है। इन घटनाओं में शामिल रहा है। शंकर कुरसम की गिरफ्तारी पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 3 लाख और पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित था।

# अमेरिका को सख्त संदेश

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को राजधानी दिल्ली में किसानों के हितैषी एमएस स्वामीनाथन शताब्दी सम्मेलन में अमेरिकी टैरिफ पर जिस तरह की प्रतिक्रिया दी है उसने भारत के किसानों का दिल जीत लिया। पीएम ने स्पष्ट कहा कि भारत किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ को भी भारत ने अनुचित बताया है। बता दें कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने के दबाव में है, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है। पीएम मोदी ने अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50% टैरिफ को अनुचित और तर्कहीन बताया था। लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं। वे बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी ट्रेड डील है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोल दे। लेकिन, भारत में राजनीतिक रूप से यह बेहद संवेदनशील मुद्दा है। भारत कृषि प्रधान देश है, जिसकी बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, फिर भी किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। ऐसे हालात में वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ कैसे कर पाएंगे। पीएम मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष रखते हुए विकसित देशों को साफ संदेश दे दिया है। ट्रंप इन चिंताओं से मुक्त हैं। वे अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए कोई न कोई देश ढूंढ ही लेते हैं। इस बार वे भारत को अपना टारगेट बनाने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के चेहरे और उनके फैसलों पर साफ दिखाई देने लगी है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाने पर अड गए हैं। ट्रंप का मानना है कि रूस तेल बेचकर युद्ध लड़ने के लिए संसाधन जुटा रहा है। इसी भ्रम में उन्होंने इस सच से आंखें मूंद ली हैं कि मॉस्को का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार तो चीन है। भारत के अलावा यूरोपीय यूनियन, यहां तक कि खुद अमेरिका भी रूस से व्यापार जारी रखे हुए है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस व्यापार का पूरा डेटा सामने रखकर अमेरिका की कलई उतार दी है। सब जानते हैं कि भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है। रूस से तेल खरीद कर घरेलू ही नहीं, ग्लोबल ऑयल मार्केट को भी स्थिर रखता है। अमेरिका की पिछली बाइडन सरकार ने भारत के रूस से तेल खरीदने की सराहना की थी क्योंकि उससे बाजार में स्थिरता बनी रही। लेकिन, ट्रंप इन सारी बातों को दरकिनार करने में जुटे हैं। बहरहाल, इसी महीने व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी टीम भारत आ रही है। ऐसे में उम्मीद की जाना चाहिए कि दोनों देश मिल कर कोई रास्ता निकालेंगे। लेकिन इसके साथ भारत को यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता जल्द करना चाहिए। देश का निर्यात लगातार बढ़ाने के लिए कुछ इसी तरह के कदम जरूरी हैं।

# क्या ट्रम्प की हरकतों से भारत, चीन व रूस साथ आ रहे हैं ?



अशोक भाटिया

डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर भारत को फायदे की उम्मीद थी। माना जा रहा था कि दोनों देशों के रिश्ते और बेहतर होंगे, लेकिन व्यापार समझौते पर बातचीत के अटकने के बाद सब कुछ उलट गया है। अमेरिका ने भारत पर उसके पड़ोसी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा पहले 25 फीसदी व अब 50 फीसदी का टैरिफ थोप दिया है। अब सवाल यह है कि क्या यह बदलाव भारत की विदेश नीति को ही बदल देगा और भारत-रूस-चीन (आरआईसी) के गठजोड़ को मजबूत करेगा?

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। अमेरिकी प्रेसिडेंट ने कहा कि वे दुनियाभर के देशों को अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए 90 दिनों का वक्त दे रहे हैं।31 जुलाई को समझौते की तारीख खत्म हो गई। इस दिन ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया। जिन देशों ने अमेरिका के साथ समझौता किया, उन पर 10 से 20% टैरिफ लगा और जिन देशों ने ऐसा नहीं किया, उन पर 25 से 50% का टैरिफ लगा। भारत पर पहले 25% व अब 50 % का टैरिफ लगा, क्योंकि उसने ट्रम्प की शर्तें नहीं मानीं।

अब भारत के प्रतिद्वंद्वी चीन से भी रिएक्शन आया है, जिसमें ट्रंप के नए टैरिफ की निंदा करते हुए अमेरिका की तुलना उस बदमाश से की है, जो दूसरों पर धौंस जमाता है। नई दिल्ली में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इशारों में अमेरिका के सामने न झुकने का संदेश दिया और कहा , 'बदमाश को एक इंच दो, तो वह मील भर ले लेगा।'इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के खिलाफ 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर चीन से अब नई दिल्ली को बड़ा समर्थन मिला है। भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग के अमेरिका को 'बुली' बताए जाने के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने बड़ा हमला बोला है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जैकून ने कहा कि अमेरिका रूसी तेल लेने पर भारत के खिलाफ टैरिफ लगाकर इसका दुरुपयोग कर रहा है। टैरिफ को लेकर चीन की एक स्पष्ट नीति है और इसका विरोध करता है। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका तकनीक और ट्रेड के मुद्दों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। चीन का सरकारी मीडिया भी खुलकर भारत के समर्थन में लिख रहा है। वश्लिषकों का कहना है कि चीन इस मौके को भुना रहा है और भारत को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रहा है।

इससे पहले भारत में चीनी राजदूत ने एक्स पर एक पोस्ट करके अमेरिका पर कड़ा हमला बोला था। शू ने ट्रंप का नाम लिए बिना कहा, 'बुली को एक इंच दो तो वह एक मील ले लेगा।' भारत की तरह से ही ब्राजील भी 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है। यह अमेरिका की ओर से किसी ट्रेडिंग पार्टनर पर लगाया गया सबसे ज्यादा टैरिफ है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भी अमेरिका का नाम नहीं लिया लेकिन टैरिफ को हथियार के रूप में इस्तेमाल करके अन्य देशों को दबाने के फैसले की आलोचना की थी।

इस बीच अमेरिका के विशेष व्यापारिक दूत स्टीव विटकॉफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई मुलाकात को अमेरिका ने सकारात्मक बताया है। विटकॉफ-पुतिन मुलाकात के बाद अमेरिका ने भारत पर और 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। हालांकि, चीन पर फिलहाल अमेरिका ने टैरिफ नहीं लगाया है। वाइट हाउस के एडवाइजर पीटर नवारो ने एबीसी न्यूज से साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिका रूसी तेल की खरीद पर चीन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने में जल्दबाजी नहीं कर रहा है। हम उस बिंदु पर नहीं जाना चाहते, जहां हम वास्तव में खुद को नुकसान पहुंचाएं। चीन पहले से ही कई वस्तुओं पर 50 फीसदी टैरिफ के अधीन है।नवारो ने आगे कहा कि वॉशिंगटन रूस के साथ चीन के ऊर्जा संबंधों पर नजर रख रहा है। हम इंतजार कर रहे हैं। तत्काल किसी कार्रवाई की कोई योजना नहीं है। पीटर नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर व्यापार दंड कड़ा कर रहा है, लेकिन यह टैरिफ युद्ध को और बढ़ाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की चिंताओं को भी रेखांकित करता है। भारत की तरह चीन पर भी रूस से तेल खरीदने की स्थिति में अमेरिका ने 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। लेकिन, ट्रंप ने सिर्फ भारत पर ही टैरिफ लगाया है; चीन के खिलाफ ऐसी कार्रवाई से फिलहाल वह बच रहे हैं।

बताया जाता है कि व्हाइट हाउस में विदेश विभाग के प्रिंसिपल उपप्रवक्ता टॉमी पिगॉट से जब पूछा गया कि पीएम मोदी सात साल में पहली बार चीन जा रहे हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ब्राजील और चीन जैसे देशों पर अमेरिकी टैरिफ की आलोचना की है। क्या आप चिंतित हैं कि टैरिफ के खिलाफ बीआरआईसी एकजुट हो रहा है? इस पर पिगॉट ने कहा कि भारत से व्यापार असंतुलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप बहुत स्पष्ट हैं, विशेष रूप से रूस से तेल खरीदने के संदर्भ में। आपने देखा भी होगा कि राष्ट्रपति ने इस पर सीधेतौर पर एक्शन भी लिया है।

उन्होंने कहा कि भारत हमारा स्ट्रैटेजिक पार्टनर है, जिनके साथ हमारे अच्छे और दोस्ताना संबंध हैं, जो जारी रहेंगे। जैसे की विदेश नीति में भी होता है, आपर हमेशा अपने साझेदार देश के साथ 100 फीसदी सहमत नहीं हो सकते लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ व्यापार असंतुलन को लेकर स्पष्ट है। बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में जापान और चीन की यात्रा पर जाएंगे। वह 31 अगस्त से 1 सितंबर के बीच चीन के तियानजिन शहर में आयोजित होने वाली एससीओ समिट में हिस्सा लेंगे। रूस भी एससीओ का सदस्य है, वह समिट में अपने प्रतिनिधिमंडल को भेज रहा है, लेकिन राष्ट्रपति पुतिन की उपस्थिति अब तक तय नहीं है। एससीओ में 9 सदस्य देश हैं, इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान शामिल है। पीएम मोदी की 2018 के बाद ये पहली चीन यात्रा होगी। साथ ही 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद वह पहली बार चीन की जमीन पर कदम रखेंगे। इससे पहले जून के महीने में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षामंत्रियों की बैठक में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने एक ऐसे दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था, जिससे भारत की आतंकवाद के प्रति सख्त नीति को लेकर स्थिति कमजोर पड़ सकती थी।

दुःख की बात यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय भारत से अपनी व्यक्तिगत खुन्नस निकाल रहे हैं। तभी तो उन्होंने सारे देशों को छोड़ सिर्फ भारत पर ही 50 फीसदी का टैरिफ ठोक दिया है। ट्रंप के दायरे में भारत ही नहीं, रूस और चीन भी आ गए हैं। इसका मतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस समय रूस, भारत और चीन पर एकसाथ हमलावर हो गए हैं। ऐसे में हर आदमी के मन में यही सवाल उठ रहा कि क्या ये तीनों देश मिलकर अमेरिका की दादागिरी खत्म कर सकते हैं। अमेरिका को सबसे ज्यादा लाभ ग्लोबल मार्केट में डॉलर में होने वाले ट्रेड से होता है। तो क्या, रूस-भारत और चीन मिलकर डॉलर का मुकाबला कर सकते हैं। इस बात का जवाब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की झुंझलाहट से ही मिल जाता है। आपको याद होगा जब ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने डॉलर का विकल्प बनाने को लेकर रूस, भारत और चीन को धमकी दी थी। ट्रंप ने कहा था कि अगर ब्रिक्स देश मिलकर डॉलर कमजोर करने की साजिश करते हैं तो इन देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा दिया जाएगा। फिलहाल भारत ने ऐसी कोई कोशिश नहीं की और उस पर ट्रंप 50 फीसदी का टैरिफ लगा चुके हैं।

# बेटियों के चरित्र पर बाबाओं का प्रलाप क्यों?



मनोज अग्रवाल

देश की करोड़ों बेटियां चिकित्सा अभियांत्रिकी सैना पुलिस शिक्षा स्वास्थ्य न्याय स्वरोजगार क्षेत्रों में धरती से लेकर अंतरिक्ष तक देश के लिए अपनी सेवाएं दे रही है क्या एक दो फीसदी पथ से भटकी लडकियों की वायरल रील को देश की तमाम नारी जगत के चरित्र के आकलन का मापदंड माना जा सकता है? लेकिन स्वयंभू बाबा इन दिनों देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रावणी अपराध कर रहे हैं हाल ही में एक कथावाचक का युवतियों को लेकर बेहद आपत्ति जनक बयान वायरल हुआ। जिसमें यह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं।

महाराज ने एक वायरल वीडियो में कहा है कि , 'आज के समय में 100 में से मुस्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सभी ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में लगी हुई हैं.' प्रेमानंद महाराज का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। महाराज ने आगे कहा था, 'अगर कोई युवक 4 लड़कियों से संबंध बनाता है, तो वह अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रह पाएगा, क्योंकि उसे व्यभिचार की आदत लग चुकी होती है. इसी तरह, जो लड़की चार पुरुषों से संबंध बना चुकी है, उसके अंदर एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रहती.' इसके अलावा उन्होंने कहा कि 100 में से मुश्किल से दो-चार कन्याएं ही ऐसी होती हैं, जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती हैं।

समझ से परे की बात है कि इस तरह का बयान उन्होंने क्यों दिया? उनके पास इस देश की नारी शक्ति की पवित्रता मापने का कौन सा मापदंड है? समूचे देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रहे महाराज मात्र आठवीं तक की स्कूली शिक्षा पाए हैं सोशल मीडिया पर उनके एकांत वार्ता की हजारों रील प्रसारित है गुरू महिमा का बखान करने वाले एक बालक सक्षम की करुणा भरी आवाज़ में पार्श्व संगीत के साथ बजने वाले वायरल भजन ने बड़ी तादाद में लोगों को उनके प्रति आकर्षित किया है। कभी भक्तों की ओडी और महंगी गाड़ियों में कभी पैदल रात के दो तीन बजे अपने आवास से आश्रम की यात्रा के दौरान हजारों भक्तो के जमघट और जयकारे की रील खूब प्रचारित की जाती रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत क्रिकेट प्लेयर विराट अनुष्का या कुछ अन्य माननीय उन से भेंट करने आ चुके हैं यह उन्हें सर्वमान्य होने का अहसास कराता है लेकिन ख्याति को पचा पाना सब के वश की बात नहीं है उनके साथ भी यही हुआ है इसे मतिभ्रम की स्थिति ही कहा जाए कि इस सबके बावजूद उन्होंने भाषा और शालीनता की तमाम मर्यादाओं को तोड़कर जिस तरह की टिप्पणी देश की बेटियों की अस्मिता पर की है वह वास्तव में एक संत के मुख से शोभा नहीं देती है। न यह सच्चे संत की भाषा या विचार हो सकता है।

दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सैकड़ों पथ से भटक गयी युवतियों की अवांछनीय हरकतों की रील तरह तरह से वायरल कर इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें युवतियों लड़कियों को आचरण हीन और मर्यादाहीन जीवन में रत होने का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के अमर्यादित वस्त्र और व्यवहार मात्र एक दो प्रतिशत लड़कियां या युवतियां करती है ये सोशल मीडिया पर वायरल रील समूचे समाज की बानगी नहीं है यदि कोई इन रील के आधार पर समाज के चरित्र का आकलन करता है तो वह निरा मूर्ख है। अल्पशिक्षित कथा वक्ता इसी तरह का काम कर रहे हैं। महाराज बयान कर रहे हैं कि सौ में से दो चार ही कन्याएं ही ऐसी होती है जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती है। यह बयान निसंदेह एक संत का नही हो सकता है। यदि उनके अपने बेटी होती तो भी वह ऐसा असभ्यता अशालीन और अतार्किक बयान शायद नहीं करते। इस तरह की बयानबाजी समाज में नर नारी के बीच आपसी विश्वास और संबंधों में दरार और संदेह उत्पन्न करेगी। खासकर ऐसे समय में जब भारतीय समाज नीले ड्राम वाली मुस्कान और हनीमून पर पति का कत्ल कराने वाली सोनम के दुराचरण से आहत हैं और युवाओं में विवाह के प्रति आकर्षण उतार पर है संदेह और अविश्वास को बढ़ाने वाले बयान देना समूचे समाज की मानसिकता में महिलाओं लड़कियों के प्रति संदेह और अविश्वास का बीजारोपण कर सकता है। हर शहर कस्बे में इन कथा वक्ता और महाराज के बयानों को लेकर महिलाओं खास कर लड़कियों में गहरी नाराजगी है लेकिन इन लोगों ने अपने बयान पर शर्मिंदगी जताने की इंसानियत भी नही दिखाई है। इनका ऐसा रवैया इनके दम्भ को दर्शाता है।

आपको बता दें कि भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है न कि उन के चरित्र हनन करने की। इस तरह के अतिरंजित घृणा भरे बयान भारतीय युवा पीढ़ी की बच्चियों के हृदय में सुधार के स्थान पर कुंठा और अवसाद को जन्म देगा। जिन वेदों की ऋचाओं को स्वयं नारी ऋषियों ने गढ़ा कालांतर में मध्ययुगीन काल में महिलाओं को ही वेदों के पठन पाठन का अधिकारी नहीं होने का शिगूफा कुछ तत्कालीन धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों ने छोड़ा आज भी इस तरह के कथा वक्ता और महाराज कालनेमियो की तरह नारी के प्रति बेहद घृणास्पद चरित्र हनन करने वाली बदजुबानी कर नारी सम्मान और अस्मिता पर लांछन लगा रहे हैं।

रील के प्रचार प्रसार के बूते पर समाज में दबदबा बनाने वाले इन लोगों को जानना चाहिए ऋग्वेद में नारी के लिए लिखा है 'स्त्री हि ब्रह्मा वभुविथ' यानि नारी ब्रह्मज्ञान की अधिष्ठाता है वह स्वयं विदुषी होती है संतान को सुशिक्षित बनाती है। भारतीय नारी आज भी संसार में अपने उज्जवल चरित्र के लिए पहचान रखती है देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर एक महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महिला सुश्री आनंदी बेन कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं तो देश की बेटी विंग कमांडर सोफिया कुरैशी आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सीमा पर जबाव देती है तो सुप्रीम कोर्ट में महिला न्याय मूर्ति बी बी नागरत्ना देश की नारी जगत की गरिमा को अभिवृद्धि कर रहीं हैं। भारत सरकार का महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय भी एक महिला निर्मला सीतारमन बखूबी संभाल रही हैं।

# रक्षाबंधन के बदलते मायने परंपरा से आधुनिकता तक



प्रियंका सौरभ

भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हर त्यौहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत करता है। इन्हीं में से एक विशेष पर्व है - रक्षाबंधन, जो भाई-बहन के रिश्ते की मिठास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। लेकिन बदलते समय, समाज, तकनीक और सोच के साथ-साथ रक्षाबंधन के मायने भी बदल रहे हैं। यह बदलाव केवल रस्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि इस पर्व की आत्मा, इसके उद्देश्य और इसके सामाजिक संदर्भ में भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। रक्षाबंधन की जड़ें भारतीय इतिहास, पौराणिक कथाओं और सामाजिक परंपराओं में गहराई से जुड़ी हैं। द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा हो या रानी कर्णावती द्वारा हुमायूं को भेजी गई राखी, यह पर्व सदा से रक्षक और संरक्षित के बीच एक नैतिक संकल्प का प्रतीक रहा है। पहले के समय में राखी केवल भाई-बहन के खून के रिश्ते तक सीमित थी।

बहन भाई की कलाई पर राखी बाँधती थी और भाई जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन देता था। यह रिश्ता स्नेह, विश्वास और समर्पण से भरा होता था।

अब रक्षाबंधन का दायरा केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं रहा। आज कई महिलाएं अपने दोस्तों, सहकर्मियों, शिक्षकों, सैनिकों और यहां तक कि प्रकृति को भी राखी बाँधती हैं। यह दर्शाता है कि "रक्षा" अब केवल एक व्यक्ति विशेष का दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंधों की व्यापक जिम्मेदारी बन चुका है। इसका सबसे सुंदर उदाहरण है कि अब बहनें भी अपने छोटे भाइयों को कहती हैं - "मैं भी तेरी रक्षा करूँगी।" यानी सुरक्षा का रिश्ता अब एकतरफा नहीं रहा, यह परस्पर बन गया है। तकनीक ने आज रिश्तों के समीकरण ही बदल दिए हैं। पहले जहां राखी भेजने के लिए डाकघर जाना पड़ता था, अब एक क्लिक में डिजिटल राखियाँ, वीडियो कॉल, ऑनलाइन गिफ्टिंग और वर्चुअल सेरेमनी हो रही हैं। विदेशों में बसे भाई-बहन अब भले दूर हों, लेकिन वीडियो कॉल पर राखी बाँधने की परंपरा, स्क्रीन पर तिलक और डिजिटल मिठाई ने एक नई तरह की जुड़ाव की भावना पैदा की है। कुछ लोग भले इसे भावनाओं की कमी कहें, लेकिन सच्चाई यह है कि तकनीक ने दूरी को पाटने का जरिया भी दिया है। पहले रक्षाबंधन पर भाई बहन को मिठाई और उपहार देता था। यह एक तरह से प्रेम की अभिव्यक्ति थी। लेकिन अब कई बहनें कहती हैं -भैया, गिफ्ट नहीं चाहिए, थोड़ी सी फुर्सत चाहिए, समय चाहिए, समझ चाहिए। आज की बहन आत्मनिर्भर है। वह भावनात्मक सुरक्षा, मानसिक सहयोग और बराबरी की भागीदारी चाहती है। उपहार की जगह अब रिश्तों में पारदर्शिता, संवाद और समय की मांग अधिक हो गई है। पुराने जमाने में रक्षाबंधन का अर्थ था-भाई बहन की रक्षा करेगा। परंतु आज यह परिभाषा बदल रही है। लड़कियाँ भी आज आत्मनिर्भर हैं, अपने भाइयों की मदद कर रही हैं, उन्हें मानसिक और आर्थिक संबल दे रही हैं। रक्षाबंधन अब यह नहीं कहता कि केवल भाई ही रक्षक होगा, बल्कि यह दर्शाता है कि भाई और बहन दोनों एक-दूसरे की ज़िंदगी में सुरक्षा, समर्थन और प्रेरणा बन सकते हैं। आज के समय में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं रहा, यह प्रकृति की रक्षा, सामाजिक सौहार्द और समानता का प्रतीक भी बन चुका है। कई स्थानों पर पेड़ों को राखी बाँधने की परंपरा चल पड़ी है-वृक्ष-रक्षा बंधन। बच्चें और महिलाएं वृक्षों को राखी बाँधकर यह संदेश दे रही हैं कि हम केवल मानव की नहीं, प्रकृति की भी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह से सैनिकों को राखी भेजना यह बताता है कि देश की रक्षा करने वाले वीरों के साथ भी हम भावनात्मक रूप से जुड़े हैं।

बहनें अब केवल रक्षा की याचक नहीं, बल्कि स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और संवेदनशील भी हैं। कई परिवारों में बहनें ही भाइयों की आर्थिक, शैक्षणिक या सामाजिक मदद कर रही हैं। यह बदलाव यह संकेत करता है कि रक्षाबंधन अब पौरुष और स्त्रीत्व के सांचे से बाहर निकल कर इंसानी मूल्यों और बराबरी के धरातल पर खड़ा हो रहा है। आज के इस व्यस्त जीवन में भावनाओं की अभिव्यक्ति के तरीके भले बदल गए हों, लेकिन उनकी अहमियत कम नहीं हुई है। भाई-बहन अब केवल राखी के दिन नहीं, सालभर एक-दूसरे के जीवन में सहयोगी बने रहते हैं। रक्षाबंधन एक बहाना है उन रिश्तों को फिर से जीने का, जिनमें कभी झगड़े थे, कभी मिठास, कभी नाराज़गी और कभी अपार स्नेह। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि रिश्ते बनाए नहीं जाते, निभाए जाते हैं। आज रक्षाबंधन केवल हिंदू धर्म या भारतीय संस्कृति तक सीमित नहीं रहा। यह पर्व अब सांप्रदायिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बन चुका है। कई जगह मुस्लिम लड़कियाँ हिंदू भाइयों को राखी बाँधती हैं, ईसाई बच्चे सैनिकों को राखी भेजते हैं - यह सब इस बात का संकेत हैं कि रक्षा का संकल्प मानवता का संकल्प है, न कि केवल किसी धर्म, जाति या समुदाय का। रक्षाबंधन के बदलते मायने हमें यह समझाते हैं कि त्योहार केवल रस्में नहीं होते, वे विचार होते हैं, भावना होते हैं।

# रक्षाबंधन से राष्ट्रबन्धन तक



सुरेश गांधी

रक्षाबंधन अब सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह त्योहार राष्ट्रप्रेम का संदेश भी बनता जा रहा है। देशभक्ति से ओतप्रोत राखियां इस बात का प्रतीक हैं कि हर बहन को अपने भाई से सिर्फ अपनी रक्षा की नहीं, बल्कि राष्ट्र रक्षा और सेवा की भी उम्मीद है। इस साल की राखियां हमें यह याद दिला रही हैं कि जब बहन का प्रेम और देश के प्रति सम्मान एक साथ जुड़ जाए, तो एक साधारण धागा भी राष्ट्र निर्माण का संकल्प बन सकता है। अब जब राखी के त्यौहार में केवल दो ही दिन रह गए हैं, ऐसे में दिल्ली सहित देश भर के बाजारों में राखी के त्यौहार की खरीदी को लेकर भारी भीड़ दिखाई दे रही है, जिससे चारों तरफ़ उत्साह और ऊर्जा का माहौल है. कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान के मुताबिक़ इस वर्ष देश भर में राखी त्यौहार पर लगभग 17 हज़ार करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है. जबकि मिठाई, फल एवं गिफ्ट आदि के रूप में लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का भी व्यापार होने की संभावना है. चीन की बनी हुई कोई भी रखी अथवा त्यौहारों का सामान बाज़ार से पूरी तरह नदारद है.

खास यह है कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए हमारी सेनाओं ने अपनी अनूठी वीरता एवं शौर्य का प्रदर्शन किया है और राखी वाले दिन 9 अगस्त को ही भारत छोड़ो आंदोलन की तिथि भी है. इसलिए इस बार राखी त्यौहार पर भावनाओं की डोर और देशभक्ति की थालियों से बाजार सजे हुए हैं और उपभोक्ताओं के लिए खरीदी के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. दुकानदारों का कहना है कि इस बार रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का उत्सव नहीं रहेगा, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम और आत्मनिर्भर भारत की भावना से भी ओत-प्रोत होगा.

मतलब साफ है आज की बहन केवल अपने भाई की व्यक्तिगत सुरक्षा की आकांक्षा नहीं करती, वह यह भी चाहती है कि उसका भाई देश और समाज की रक्षा में भी योगदान दे। यही कारण है कि 'सेना राखी', 'तिरंगा राखी', 'शहीद समर्पित राखी' जैसी भावनात्मक राखियां भाई-बहन के रिश्ते को एक व्यापक अर्थ प्रदान कर रही हैं। यह बदलाव न केवल हमारे सांस्कृतिक विकास का संकेत है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि देशप्रेम अब केवल भाषणों और नारों तक सीमित नहीं, बल्कि त्योहारों की आत्मा में भी समाहित हो रहा है। इस पहलू का एक और प्रेरणास्पद पक्ष यह है कि अनेक महिलाएं और छात्राएं 'एक राखी सीमा के नाम' अभियान के तहत देश की सरहदों पर तैनात जवानों को राखियां भेज रही हैं।

यह भावना उस अदृश्य लेकिन अटूट बंधन की परिचायक है, जो हर नागरिक को अपने सैनिकों से जोड़ता है। यह पर्व अब भाई की कलाई तक सीमित नहीं, बल्कि सीमा पर खड़े हर उस वीर के नाम है, जो देश की रक्षा में रात-दिन एक किए हुए है। सरकार और समाज द्वारा 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान भी इस दिशा में एक सकारात्मक ऊर्जा बनकर उभरा है। अब राखियां चीन से नहीं, देश के स्वयं सहायता समूहों, महिला कारीगरों और ग्राम उद्योगों से बनकर आ रही हैं। खासकर राष्ट्रभक्ति राखियों के निर्माण में स्वदेशी सामग्री और देशी डिज़ाइन को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बल मिला है, बल्कि सांस्कृतिक गौरव भी जागृत हुआ है। रक्षाबंधन का यह स्वरूप प्रेरणादायक है। यह केवल पर्व नहीं, एक दृष्टिकोण है, जिसमें रक्षा का भाव केवल व्यक्तिगत न होकर राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित हो रहा है।

# रक्षा सूत्र



रूनू झा

रक्षा बंधन केवल एक धागा बाँधने का रस्म नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। यह श्रावण मास के पूर्णिमा (ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार अगस्त) में मनाया जाता है । रक्षा सूत्र बाँधने की प्रथा का एक लंबा इतिहास है । राजा को पुजारी रक्षा सूत्र बाँधते थे ।

रक्षा बंधन का उल्लेख कई पौराणिक कथाओं में है । वामन अवतार की कथा में लक्ष्मी जी ने राजा बलि को राखी बाँधकर उन्हें भाई बनाया था । महाभारत का हिस्सा माने जाने वाले एक वृतांत में, कृष्ण गलती से खुद को काट लेते हैं और द्रौपदी अपनी साड़ी का एक टुकड़ा काटकर उन्हें बाँध देती है । कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय द्रौपदी की साड़ी को बढ़ाकर चुकाया । एक कहानी यह भी है कि सिकंदर की पत्नी ने अपने पति के हिन्दू शत्रु पोरस (पुरूवास) को राखी भेजी थी । वह चाहती थी कि पोरस उसके पति की हत्या न करे ।

युद्ध के दौरान हाथ में बंधी राखी और बहन को दिए हुए वचन का सम्मान करते हुए पोरस ने सिकंदर को जीवनदान दिया । इसी तरह मेवाड़ की रानी कर्णावती के बारे में भी कहा जाता है कि उन्होंने हुमायूँ को राखी भेजी थी । रानी को पता चला कि बहादुरशाह मेवाड़ पर आक्रमण करने वाले हैं । रानी लड़ने में असमर्थ थीं. उन्होंने हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की । रवींद्रनाथ टैगोर ने इस त्योहार को हिंदू-मुस्लिम एकता के उत्सव के रूप में पुनर्कल्पित किया। 1905 में ब्रिटिश राज ने बंगाल के विभाजन का आदेश दिया, जिसने बंगाल को हिंदू-प्रधान पश्चिम बंगाल और मुस्लिम-प्रधान पूर्वी बंगाल (जो बाद में बांग्लादेश बना) के बीच विभाजित कर दिया। विरोध स्वरूप और धार्मिक एकजुटता के प्रतीक के रूप में, टैगोर ने बंगाल में हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बाँधने के लिए प्रोत्साहित किया। 1905 में ही उनकी प्रसिद्ध कविता मातृभूमि वन्दना का प्रकाशन हुआ जिसमें वे लिखते हैं- हे प्रभु! मेरे बंगदेश की धरती, नदियाँ, वायु, फूल - सब पावन हों। हे प्रभु! मेरे बंगदेश के, प्रत्येक भाई बहन के उर अन्तःस्थल, अविछन्न, अविभक्त एवं एक हों।

इसे एक पवित्र भावनाओं वाला त्यौहार माना गया है, यह धर्म, मर्यादा और समाज की रक्षा का प्रतीक भी रहा है ।

# रक्षाबंधन के हैं ये 2 शुभ मुहूर्त

## न राहुकाल की चिंता, न यम का भय



**1. रक्षाबंधन का पहला शुभ मुहूर्तः सुबह 7 बजकर 34 मिनट से 9 बजकर 6 मिनट तक. इस समय में सौभाग्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी बने रहेंगे।**

**2. रक्षाबंधन का दूसरा शुभ मुहूर्तः सुबह में 10 बजकर 47 मिनट से दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक।**

भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार सावन पूर्णिमा को रक्षाबंधन मनाते हैं। इस बार सावन पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2:12 पीएम से 9 अगस्त को दोपहर 1:24 पीएम तक है। इस साल रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त 7 घंटे 37 मिनट का है। इस समय में बहनें अपने भाइयों को राखी बांधेंगी। इस बार सुबह से लेकर दोपहर तक राखी का मुहूर्त है, लेकिन इसके बीच में कुछ अशुभ समय भी हैं, जिनका ध्यान रखना जरूरी है। अशुभ मुहूर्त खासकर राहुकाल में राखी नहीं बांधनी है। इस समय में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित होता है क्योंकि उसमें बाधाएं आती हैं। पूरे दिन में कुछ समय ऐसे होते हैं, जिसमें मृत्यु के देवता यमराज, पाप ग्रह राहु, अशुभ प्रभाव देने वाली भद्रा के लिए निर्धारित होते हैं। इसमें मांगलिक कार्य करना वर्जित होता है।

**रक्षाबंधन शुभ मुहूर्त**

राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से दोपहर में 1 बजकर 24 मिनट तक है। इस बीच में कुछ अशुभ समय भी हैं। यदि उनको हटा दें तो रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार से बनते हैं-

**1. रक्षाबंधन का पहला शुभ मुहूर्तः** सुबह 7 बजकर 34 मिनट से 9 बजकर 6 मिनट तक। इस समय में सौभाग्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी बने रहेंगे।

**2. रक्षाबंधन का दूसरा शुभ मुहूर्तः** सुबह में 10 बजकर 47 मिनट से दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक

**रक्षाबंधन मुहूर्त में कब से कब तक है राहुकाल**

रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त में राहुकाल सुबह 9 बजकर 7 मिनट से सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक है। ऐसे देखा जाए तो 1 घंटा 40 मिनट तक राहुकाल रहेगा। इस समय में बहनें भाइयों को राखी न बांधें तो बहुत अच्छा रहेगा।

**रक्षाबंधन मुहूर्त में अशुभ दुमुहूर्त**

ज्योतिष शास्त्र में दुर्मुहूर्त को भी अशुभ समय माना गया है। इस समय में आप जो कार्य करते हैं, वह अशुभ और विफल होता है। रक्षाबंधन पर दुर्मुहूर्त सुबह में 5:47 बजे से ही शुरू हो जा रहा है, जो सुबह 7:34 बजे तक रहेगा।

**यमराज के काल में भी न बांधें राखी**

ज्योतिष में यमगंड को मृत्यु के देवता यमराज का समय माना गया है। यह राहुकाल के समान ही वर्जित होता है। रक्षाबंधन के दिन मयगंड का समय दोपहर में 2 बजकर 6 मिनट से दोपहर 3 बजकर 46 मिनट तक है। इस समय में भूलकर भी भाई को राखी न बांधें।

हालांकि रक्षाबंधन का मुहूर्त दोपहर 1:24 बजे तक ही है। लेकिन सावन पूर्णिमा तिथि पूरे दिन है। कुछ लोग मुहूर्त के बाद भी राखी बांधते हैं। ऐसे में आप यमगंड के समय का त्याग करें तो उत्तम रहेगा।

फिर शाम को 06:18 बजे से 07:52 बजे तक वर्ज्य समय है। वर्ज्य काल भी अशुभ होता है। इसमें भी कोई मांगलिक कार्य न करें।



# भक्ति का असर जल्दी चाहिए तो

## कलयुग में किस देवता की पूजा सबसे फलदायक है



हम जिस युग में जी रहे हैं, उसे कलयुग कहा जाता है। कहते हैं कि इस युग में भक्ति करना आसान तो है, लेकिन सही तरीके से की जाए तो उसका असर जल्दी होता है। बहुत से लोग दिन-रात पूजा-पाठ करते हैं, पर उन्हें वैसा फल नहीं मिलता जैसी उन्हें उम्मीद होती है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि वो सही भावना से भक्ति नहीं कर रहे होते हैं। इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि कलयुग में कौन से देवता जल्दी खुश होते हैं, पूजा-पाठ करते हुए कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए और नहाते समय कौन सा नाम लेना सबसे शुभ माना गया है। पूरी जानकारी आसान और सीधी भाषा में मिलेगी, जिससे हर कोई समझ पाए।

कलयुग में सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता

कलयुग में हनुमान जी को सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाला देवता माना जाता है। कहा जाता है कि वे इस युग के संरक्षक हैं और आज भी धरती पर मौजूद हैं। हनुमान जी को भगवान श्रीराम के सबसे प्रिय भक्त के रूप में जाना जाता है। जो व्यक्ति सच्चे मन से हनुमान जी का नाम लेता है या उनकी पूजा करता है, उसके जीवन से बुराइयां, डर और नकारात्मकता दूर हो जाती है। हनुमान जी के 108 नामों का जाप अगर रोज़ सुबह किया जाए, तो उनके आशीर्वाद से जीवन में चमत्कारी बदलाव आ सकते हैं, पूजा करने वाले लोग दुखी क्यों रहते हैं?

अक्सर लोग ये सवाल करते हैं कि "हम तो रोज़ पूजा-पाठ करते हैं, फिर भी दुखी क्यों रहते हैं?" इसका जवाब ये है कि ज़्यादातर लोग भक्ति तो करते हैं, लेकिन उसके पीछे की भावना सही नहीं होती हैं।

वे भगवान से कुछ पाने के इरादे से पूजा करते हैं, यानी 'सकाम भक्ति'। जबकि असली भक्ति बिना किसी लालच के होती है। जब आप केवल भगवान को धन्यवाद देने, उनसे जुड़ने या उन्हें याद करने के लिए पूजा करते हैं, तब ही उसका असर दिखता है। वरना ये सिर्फ एक रूटीन बन जाता है, जिसमें भावना नहीं होती हैं।

**नहाते समय किसका नाम लेना चाहिए?**

शास्त्रों में सुबह नहाते वक्त गंगा जी का नाम लेना बेहद शुभ माना गया है।

भले ही आप गंगा में स्नान न कर रहे हों, लेकिन अगर आप नहाते समय 3, 5 या 7 बार "गंगे, गंगे, गंगे" बोलते हैं, तो ऐसा माना जाता है कि गंगा जल के समान ही शुद्धि मिलती है।

यह परंपरा वेदों और पुराणों में बताई गई है। इसका मकसद सिर्फ पवित्रता नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक शुरुआत भी है।

गंगा का नाम लेने से मन शांत होता है, और दिन की शुरुआत अच्छा सोचकर होती है।

# रक्षाबंधन के दिन क्यों किया जाता है श्रवण कुमार का पूजन




भारत के कई इलाकों में रक्षाबंधन के लिए श्रवण कुमार की पूजा की जाती है जिसे सोना पूजन कहा जाता है। इस साल सोना पूजन 9 अगस्त को है। कई जगह सोना पूजन के बाद ही बहनें भाइयों को राखी बांधती हैं। सोना पूजन उसी जगह पर किया जाता है जहां नाग पंचमी की पूजा की गई होती है। चलिए जानते हैं सोना पूजन की विधि और शुभ मुहूर्त क्या है।

भारत के कई इलाकों में रक्षाबंधन के लिए श्रवण कुमार की पूजा की जाती है जिसे सोना पूजन कहा जाता है।

इस साल सोना पूजन 9 अगस्त को है। कई जगह सोना पूजन के बाद ही बहनें भाइयों को राखी बांधती हैं। सोना पूजन उसी जगह पर किया जाता है जहां नाग पंचमी की पूजा की गई होती है। चलिए जानते हैं सोना पूजन की विधि और शुभ मुहूर्त क्या है।

**राखी सोना पूजन मुहूर्त**

रक्षाबंधन पर सोना पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से शुरू होगा। ये पूजन सुबह-सुबह करना ही सबसे शुभ माना जाता है। अमूमन राखी बांधने से पहले ये पूजा पूर्ण कर ली जाती है।

शास्त्रों अनुसार सोना पूजने के लिए हल्दी, रोली, अक्षत, एक जल से भरा लोटा, राखी, गेरू और मीठे जवे की जरूरत होती है। इन सामग्री को इकट्ठा करने के बादॉ दीवार पर श्रवण कुमार का चित्र बनाया जाता है। श्रवण कुमार की पूजा से पहले भगवान की विधि विधान पूजा करें।

फिर श्रवण कुमार की दीवार पर बनाई गई आकृति पर चंदन लगाएं। कलावा अर्पित करें। पुष्प चढ़ाएं और फिर भोग लगाएं। इसके बाद राखी भी अर्पित करें। अंत में श्रवण कुमार से घर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाती है। फिर सोना पूजन की कथा सुनें और अंत में आकृति पर जल अर्पित करेंगे। इसके बाद राखी का त्योहार मनाएं।

**सोना पूजन क्यों किया जाता है**

पौराणिक कथा अनुसार जब अयोध्या के राजा दशरथ के हाथों गलती से श्रवण कुमार की मृत्यु हो गई थी तो इस घटना से उन्हें काफी दुख पहुंचा था। जैसे ही श्रवण कुमार के माता-पिता को ये समाचार मिला तो बेटे के जाने के दुख में दोनों ने अपने प्राण त्याग दिये। कहते हैं तब राजा दशरथ ने प्रायश्चित करने के लिए श्रावण पूर्णिमा के दिन श्रवण कुमार की पूजा का प्रचार किया। कहते हैं तभी से राखी के दिन सोना पूजने की परंपरा शुरू हो गई थी।

# रक्षाबंधन पर ही क्यों होती है मां गायत्री की पूजा?

**शुभ मुहूर्त**

**ब्रह्म मुहूर्त- प्रातः 04.49 बजे से 05.33 बजे तक**

**अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12.18 बजे से 01.10 बजे तक**

**विजय मुहूर्त- दोपहर 02.53 बजे से 03.44 बजे तक**

**गोधूलि मुहूर्त- शाम 07.10 बजे से 07.32 बजे तक**

सनातन धर्म में गायत्री जयंती का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन वेद माता गायत्री प्रकट हुई थीं। इस साल 9 अगस्त यानी रक्षा बंधन के दिन ही गायत्री जयंती मनाई जाएगी। गायत्री माता को वेदों की माता और ज्ञान की देवी कहा गया है। मान्यता है कि इनकी पूजा से जातक को बुद्धि, विवेक, शांति और समृद्धि की प्राप्त होती है। ऐसे में रक्षाबंधन के दिन ही बहनों और भाईयों को मां गायत्री की पूजा भी करनी चाहिए, ऐसे में आइए जानते हैं कि कैसे करनी है पूजा और क्या है शुभ मुहूर्त

**क्यों मनाई जाती है गायत्री जयंती 2025?**

गायत्री मां को वेदों की उत्पत्ति का स्त्रोत माना जाता है, मान्यता है कि ब्रह्मा जी ने संसार की रचना के समय मां गायत्री की मदद से यज्ञ पूर्ण किया था। इसके बाद से मां गायत्री को वेदमाता के रूप में पूजा जाता है। गायत्री मंत्र को सभी मंत्रों में श्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

**कैसे करनी है मां गायत्री की पूजा?**

सुबह जल्दी उठें और स्नान कर साफ कपड़ें पहनें। कपड़े अगर सफेद या पीले रंग के हो तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें और गंगाजल से पवित्र करें।

फिर एक चौकी लें और उस पर लाल या पीला कपड़ा बिछा कर मां गायत्री की प्रतिमा स्थापित करें।

अब एक कलश में सुपारी, अक्षत, जल और फूल डालें कर चौकी के सामने रखें।

**प्रतिमा के सामने घी का दीपक और धूप जलाएं।**

हाथ में जल, चावल और फूल लेकर पूजा और व्रत का संकल्प लें।

अब मां गायत्री के मंत्रों का 108 बार जप करें और माता को कुमकुम, चंदन, अक्षत, फूल-फल और नौवैद्य अर्पित करें।

मां गायत्री की व्रत कथा पढ़ें और फिर मां गायत्री की आरती उतारें और प्रसाद वितरित करें।




# भाई को लाल धागे वाली या फिर पीली धागे वाली राखी बांधें

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और प्रेम के साथ मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र यानी राखी बांधती हैं। लेकिन राखी चुनते समय एक सवाल हर बहन के मन में आता है कि लाल धागे वाली या पीली धागे वाली? आखिर कौन सी राखी भाई को बांधना सबसे ज्यादा शुभ होता है। अगर आप भी इस चीज को लेकर कन्फ्यूज हैं तो चलिए बताते हैं कौन से धागे वाली राखी खरीदना ज्यादा सही रहेगा।





**लाल या पीली कौन से धागे वाली राखी खरीदें?**

सनातन धर्म में लाल और पीला दोनों ही रंग बेहद शुभ माने जाते हैं। जहां लाल रंग प्रेम, ऊर्जा और सौभाग्य का प्रतीक है तो वहीं पीला रंग खुशी, समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में भाई को लाल या पीले किसी भी रंग के धागे की राखी बांधी जा सकती है। राखी के धागे के ये दोनों ही रंग भाई-बहन के रिश्ते को ओर भी ज्यादा मजबूत कर सकते हैं।

**ऐसे कर सकते हैं चुनाव**

ज्योतिष शास्त्र अनुसार इन दोनों ही रंगों का अपना विशेष महत्व होता है अगर आपका भाई बहुत ऊर्जावान और उत्साही है, तो आप उन्हें लाल धागे वाली राखी बांध सकती हैं। वहीं अगर भाई शांत और संयमित स्वभाव का है तो आप उनके लिए पीले रंग के धागे वाली राखी चुन सकती हैं।

**प्रेम और उत्साह के साथ मनाएं ये त्योहार**

राखी का रंग चाहे लाल हो या पीला इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। इसमें कुछ मायने रखता है तो वो है आपका प्यार और भावना। इसलिए हमारा सुझाव है कि रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर रंगों की दुविधा छोड़कर प्रेम और उत्साह के साथ ये पर्व मनाएं। इससे आपके रिश्ते में हमेशा प्यार और विश्वास बना रहेगा।

# 'जो सलमान के साथ काम करेगा, उसे मार दिया जाएगा' कपिल शर्मा फायरिंग केस में लॉरेंस गैंगस्टर ने दी धमकी

कपिल शर्मा के कनाडा रेस्टोरेंट में एक बार फिर फायरिंग हुई है. वहीं लॉरेंस ग्रुप के गैंगस्टर हैरी बॉक्सर का ऑडियो सामने आया है जिसमें उसने फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि सलमान खान को उद्घाटन कार्यक्रम में बुलाने की वजह से फायरिंग की गई है और जो भी सलमान के साथ काम करेगा, उसे मार दिया जाएगा.




**'सलमान के साथ काम करने वाले को मार दिया जाएगा'**

कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर पहले भी फायरिंग हो चुकी है और अब दोबारा फायरिंग हुई है. हैरी बॉक्सर ने दावा किया है कि यह हमला इसलिए किया गया क्योंकि कपिल शर्मा ने नेटफ्लिक्स शो के उद्घाटन पर सलमान खान को बुलाया था. बता दें कि सलमान खान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीज़न 3 के पहले एपिसोड में नज़र आए, जिसका प्रीमियर 21 जून को नेटफ्लिक्स पर हुआ थाय

ऑडियो में उसने चेतावनी दी है कि अगली बार किसी भी डायरेक्टर, प्रोड्यूसर या कलाकार को पहले से नहीं चेताया जाएगा, बल्कि सीधे छाती पर गोली मारी जाएगी.

**लॉरेंस गैंगस्टर ने दी वॉर्निंग**

मुंबई के सभी कलाकारों और प्रोड्यूसरों को चेतावनी देते हुए उसने कहा कि हम मुंबई का माहौल इतना खराब कर देंगे कि तुम सोच भी नहीं पाओगे. अगर सलमान खान के साथ किसी ने भी काम किया, चाहे छोटा-मोटा कलाकार हो या डायरेक्ट हम उसे नहीं छोड़ेंगे, उसे मार देंगे. उसने कहा कि सलमान खान के साथ काम करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी मौत का खुद जिम्मेदार होगा.

**लॉरेंस बिश्नोई कई बार सलमान को दे चुका है जान से मारने की धमकी**

1998 में बिश्नोई समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले काले हिरण की हत्या में शामिल होने के आरोप में सलमान, लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं. बिश्नोई फिलहाल जेल में बंद है. वह कई बार सलमान खान को जान से मारने की धमकी दे चुका है. पिछले साल सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट बाहर फायरिंग की घटना भी हुई थी.

**एक महीने में दूसरी बार हुई कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर फायरिंग**

गुरुवार को, कपिल शर्मा के कनाडा में सरे स्थित कप्स कैफ़े पर एक महीने से भी कम समय में दूसरी बार गोलीबारी हुई थी. यहां कम से कम 25 गोलियां चलीं, जिससे खिड़कियां टूट गईं. हालाँकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ.बिश्नोई गिरोह के सदस्य गोल्डी ढिल्लों, जो पंजाब पुलिस और एनआईए द्वारा वांछित हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में गोलीबारी की ज़िम्मेदारी ली. सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि गोल्डी ढिल्लों वर्तमान में जर्मनी में रह रहा है.उस पर पंजाब में जबरन वसूली और हत्या के कई मामले दर्ज हैं.

कपिल शर्मा के इस रेस्टोरेंट को 10 जुलाई को भी निशाना बनाया गया था, जिसकी ज़िम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के कार्यकर्ता हरजीत सिंह लाडी ने ली थी, जो भारत के सबसे वांछित भगोड़ों में से एक है.

# धनुष संग डेटिंग रूमर्स के बीच उनके गाने पर झूमती नजर आईं मृणाल





पिछले कुछ दिनों से साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की डेटिंग की खबरें चल रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें धनुष की आगामी फिल्म के गाने पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही एक जानकारी मिल रही है कि मृणाल ठाकुर ने धनुष की बहनों को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर लिया है, जिसने दोनों के रिश्तों को लेकर अफवाहों को हवा दे दी है। आइए जानते हैं पूरा मामला।

**वायरल वीडियो में झूमती दिखीं मृणाल ठाकुर**

हाल ही में सोशल मीडया पर अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो पिछले महीने का बताया जा रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस को कार में बैठे देखा जा सकता है। साथ ही वह वीडियो में अपने फैंस से पूछती हुई नजर आ रही हैं कि क्या उन्होंने उनकी फिल्म के लिए टिकट बुक करा ली है। इसके बाद अभिनेत्री धनुष की आगामी फिल्म 'इडली कढ़ाई' के गाने 'एन्ना सुगम' को गाते हुए झूमती दिख रही हैं।

**धनुष की बहनों को इंस्टा पर किया फॉलो**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबकि कहा जा रहा है कि हाल ही में मृणाल ठाकुर ने धनुष की बहनों, डॉ. कार्तिका कृष्णमूर्ति और विमला गीता को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा एक्टर की बहनों ने भी उन्हें फॉलो किया है। इस खबर ने धनुष-मृणाल के अफेयर्स की चर्चाओं को बढ़ा दिया है। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक बात नहीं कही है।

**पहली पत्नी से धनुष का हो चुका है तलाक**

आपको बता दें कि अभिनेता धनुष की शादी पहले सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या से हुई थी। उन्होंने 2004 में शादी की थी, लेकिन 18 साल की शादी के बाद 2022 में दोनों ने अलग होने की घोषणा की। फिर 2024 में अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर अलग होने की घोषणा की।

# 'मैं अवसाद में घर पर नहीं बैठा..', आशीष विद्यार्थी ने बताई बड़े पर्दे से दूर रहने की वजह



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने हाल ही में बताया है कि वह इन दिनों बड़े पर्दे पर क्यों नजर नहीं आते हैं। हाल ही में उनके कई फैंस ने उनसे यह सवाल पूछा था कि वह फिल्मों में काम क्यों नहीं करते हैं। यूट्यूब पर अपने व्लॉग में आशीष विद्यार्थी ने बताया है कि वह इसलिए फिल्मों में नहीं नजर आते हैं क्योंकि वह अच्छा किरदार चाहते हैं।

**निर्देशकों और निर्माताओं से आशीष ने यह बात कही**

आशीष विद्यार्थी ने 11 भाषाओं की लगभग 300 फिल्मों में काम किया है। ऐसे में उनका कहना है 'मैं एक बेहतरीन अभिनेता हूं।' उन्होंने बताया है कि वह फिल्मों में ऐसी भूमिका चाहते हैं जो उनकी काबिलियत के साथ इंसाफ कर सके।

अपने व्लॉग में आशीष ने इंडस्ट्री के लोगों के बारे में बात की। उन्होंने निर्देशकों और निर्माताओं से कहा 'अगर आपने अब तक हमें वह भूमिकाएं नहीं दीं जिसका मैं हकदार था, इसका मतलब यह नहीं है कि आप अब भी इन भूमिकाओं को मुझे नहीं दे सकते।'

**अवसाद में नहीं हैं आशीष विद्यार्थी**

आशीष के मुताबिक वह फिल्मों में रोल और शोहरत के पीछे नहीं भाग रहे हैं। वह फिल्मों में ऐसे किरदार को निभाने का इंतजार कर रहे हैं कि जिससे वह दोबारा मशहूर हो जाएं। उन्होंने कहा 'मैं घर पर अवसाद में नहीं बैठा हूं।' उनके मुताबिक वह वर्षों से अपने आप पर काम कर रहे हैं और अपने काम को निखार रहे हैं।

**इन दिनों क्या करते हैं आशीष विद्यार्थी?**

आपको बता दें कि आशीष विद्यार्थी इन दिनों यूट्यूब पर अपने व्लॉग पर वीडियो डालते हैं। वह कहीं भी जाते हैं, वहां खाना खाते हैं, घूमते हैं, लोगों से बात करते हैं और नई चीजों को देखते हैं। इन सबकी वीडियो वह अपने यूट्यूब व्लॉग पर डालते हैं। आशीष विद्यार्थी को फिल्म 'किल' से बहुत शोहरत मिली। वह हाल ही में सीरीज 'राणा नायडू' में नजर आए थे।

# शक्ति पुरस्कार 2025 से सम्मानित हुईं दीया मिर्जा, मां के लिए लिखा भावुक नोट

बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा को शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस खास पल को दीया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने एक भावुक श्रद्धांजलि देते हुए अपनी मां दीपा मिर्जा को शक्ति और प्रेरणा का पहला स्रोत बताया।




**अपनी मां को बताई अपनी पहली प्रेरणा**

दीया ने एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और इस शानदार पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'कल रात, जब मैं मंच पर थी, मुझे अपनी मां की याद आई। वह मेरी पहली प्रेरणा थीं। वह न सिर्फ ताकत के लिए, बल्कि दया, हिम्मत, शांति और बार-बार उठने के साहस के लिए।'

**महिला को बताया शक्ति की ऊर्जा**

आगे दीया ने लिखा, 'शक्ति वह खास ऊर्जा है, जो हर महिला में होती है, जो सपने देखती है, जीवन को बेहतर बनाती है, अपनी बात पर अडिग रहती है, और मुश्किल रास्तों पर भी चलती रहती है।

**शक्ति पुरस्कार से सम्मानित हुई दीया मिर्जा**

दीया को 2025 शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दीया को यह पुरस्कार शशि थरूर ने दिया। इस पल के बारे में दीया ने लिखा, 'शशि थरूर, शबाना आजमी, एकता कपूर, नेहा धूपिया, सुरवीन चावला, पूर्णिमा देवी बर्मन और कई अन्य प्रेरक महिलाओं के बीच खड़ा होना गर्व का पल था। यह देखकर दिल को सुकून मिला कि साथ खड़े होने पर हम कितनी ताकतवर हैं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस महिला का है, जो अपने सच को जीती है, दूसरों को प्रेरित करती है, और अपने भीतर की असीम शक्ति को अपनाती है।'

# टीवी की नागिन ने झेली थी कभी पैसों की तंगी आज बेशुमार दौलत की है मालकिन

तेजस्वी प्रकाश की गिनती टीवी की टॉप एक्ट्रेस में होती है. हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचना उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था. उन्होंने अपनी लाइफ में काफी मुश्किलों का सामना किया है और खूब स्ट्रगल किया है.



तेजस्वी प्रकाश वैसे तो टीवी इंडस्ट्री में काफी लंबे वक्त से काम कर रही हैं. लेकिन, उनकी पॉपुलैरिटी में चार चांद बिग बॉस 15 से लगी. अब तो तेजस्वी लगातार सक्सेस की सीढ़ियां चढ़ रही हैं. हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने के लिए एक्ट्रेस ने काफी उतार-चढ़ाव झेले हैं.

लेकिन तेजस्वी ने हर चुनौती का सामना मजबूती के साथ किया है. हाल ही में तेजस्वी नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट में पहुंची थीं. इस दौरान उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों और आर्थिक तंगी के बारे में खुलकर बात की.

**पैसा है बेहद जरूरी**

तेजस्वी ने बताया,'एक दौर में वो अपनी लाइफ के उस पड़ाव पर थीं, जहां पैसा कमाना बेहद जरूरी थी. लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ जब उन्हें पैसा कमाने के लिए कुछ भी करना पड़ा हो. मैं किसी तरह से एक्ट्रेस बन पाई और अब मुझे मजा आता है. उसके बाद पैसों की तंगी भी दूर हो गई.'

**आर्थिक तंगी वाले दिनों को किया याद**

तेजस्वी ने कहा कि वो अपने इस सफर को कभी भी हल्के में नहीं लेती हैं. एक्ट्रेस ने आर्थिक तंगी वाले दिनों को याद करते हुए कहा,' मैंने फैसला कर लिया था कि जिस दिन कमाना शुरू करूंगी, उसके बाद से मेरी मां को काम करने की जरूरत नहीं होगी.'

एक्ट्रेस ने कहा कि वैसे तो कोई कमी नहीं थी, लेकिन जब भी कोई चीज चाहिए होती थी तो हम देखते थे कि अगर वो चीज नहीं भी है तो मेरी मां उसे हमारे लिए लाकर देती थी.

उन्होंने काफी त्याग किए हैं. यही वजह है कि हमें किसी भी चीज की कभी कोई कमी महसूस नहीं हुई. तेजस्वी बताती हैं कि वो खुद को ऐसी स्थिति में नहीं देखना चाहती थीं. बता दें कभी आर्थिक तंगी से जूझने वाली तेजस्वी की नेटवर्थ 25 करोड़ रुपए है.

# 'उतरन' की सीधी-सादी इच्छा का गजब का ट्रांसफोर्मेशन, तस्वीर छुड़ा देंगी पसीने



टीना दत्ता ने 'उतरन' में इच्छा बनकर घर-घर में पहचान बनाई. अब सालों बाद एक्ट्रेस का जबरदस्त ट्रांसफोरमेशन हो गया है. उनकी लेटेस्ट तस्वीरें देखकर उन्हें पहचानना मुश्किल है.


टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता ने कलर्स टीवी के शो 'उतरन' में रश्मि देसाई के साथ काम किया था. इस सीरियल से वे इच्छा के नाम से खूब पॉपुलर हुईं. इसके अलावा उन्हें बिग बॉस 16 से भी एक नई पहचान मिली.

'उतरन' साल 2008 में पहली बार टेलीकास्ट हुआ था. तब टीना दत्ता सीरियल में सीधी-सादी संस्कारी बहू के रूप में नजर आई थीं. लेकिन अब 17 सालों बाद एक्ट्रेस काफी बदल गई हैं. उनके लुक से लेकर उनका स्टाइलिंग सेंस काफी ज्यादा ट्रांसफोर्म हो गया है.

33 साल की एक्ट्रेस अपने गॉर्जियस लुक्स और ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर तबाही मचा देती हैं. वो अक्सर अपनी स्टनिंग तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं.

साड़ी का पल्लू गिराकर एक्ट्रेस ने कातिलाना पोज दिए हैं. टीना यहां सिर्फ एक लॉन्ग कोट में दिख रही हैं. कर्ली हेयरस्टाइल के साथ वे काफी स्टनिंग दिख रही हैं. ब्लैक कलर की इस ओवर रिवीलिंग ड्रेस में टीना दत्ता काफी ग्लैमरस लग रही हैं. ब्लैक बूट्स उनके लुक को काफी स्टाइलिश टच दे रहे हैं.

# शादी के डेढ़ साल बाद पति संग अपने एनजीओ पहुंचीं तापसी पन्नू, इस रस्म के साथ हुआ शानदार स्वागत



तापसी पन्नू बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं. उन्होंने अपने अब तक के करियर में पिंक, थप्पड़, नाम शबाना, मुल्क, मिशन मंगल, हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई शानदार फिल्में की हैं. एक्ट्रेस सोशल वर्क भी करती हैं. कुछ टाइम पहले एक्ट्रेस ने नन्ही फाउंडेशन के नन्ही कली प्रोजेक्ट के तहत 100 बच्चियों को एडॉप्ट किया था.

वहीं हाल ही में वे इस एनजीओ में अपने पति मथायस बो संग पहुंची थीं. इस दौरान उनकी शादी के डेढ़ साल बाद एक खास रस्म भी की गई जो तब की जाती है जब एक लड़की शादी के बाद पहली बार अपने मायके जाती है.. इसकी वीडियो एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की है.

तापसी पन्नू ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नन्ही कली प्रोजेक्ट की अपनी विजिट की एक वीडियो शेयर की है. इस वीडियो में एनजीओ की महिलाएं उनके और उनके पति मथायस के साथ एक खास रस्म निभाती दिख रही हैं. वीडियो में, तापसी और मथायस एक-दूसरे के बगल में बैठे नजर आ रहे हैं. वहीं 'नन्हीं कली' प्रोजेक्ट की दूसरी लड़कियां और महिलाएं तापसी को घेरकर उनके साथ एक रस्म निभा रही हैं. वीडियो में तापसी सर पर दुपट्टा लिए हुए दिख रही हैं. इस दौरान कुछ महिलाओं एक्ट्रेस और उनके पति मथायस को गेंदे के फूलों की माला पहनाती हुई नजर आ रही हैं. वहीं कुछ महिलाएं फल, मिठाइयाँ और अन्य उपहार लेकर तापसी की गोद में डालती दिख रही हैं.

वीडियो के साथ तापसी ने वॉयसओवर भी दिया है जिसमें वे कहती हैं- 'वैसे तो मैं और मथायस इन लड़कियों से और इनके परिवार से काफी सालों से जुड़े हुए हैं... लेकिन यह यात्रा खास थी. वास्तव में मुझे और मथायस को इस बात का एहसास नहीं था कि यह पहली बार था जब हम शादी के बाद अपनी नन्ही कली लड़कियों से मिलने गए थे. एक बहुत प्यारी रस्म करी जो एक लड़की के साथ होती हैं जब वो वापस अपने घर आत है शादी के बाद पहली बार. कुछ अच्छा करना चाहो तो रिटर्न में जाने-अनजाने में बहुत कुछ अच्छा हो जाता है आपके साथ. बहुत सारी दुआएं मैं लेकर जा रही हूं.'

वहीं एक्ट्रेस के वर्क फ्रंट की बात करें तो, तापसी आखिरी बार 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में नज़र आई थीं, जिसमें सनी कौशल और विक्रांत मैसी भी थे.

# कम फिल्में करके भी क्यों खुश हैं विद्या? बोलीं- जिंदगी में पहली बार तनाव महसूस नहीं कर रही हूं



इन दिनों विद्या बालन को उनके फैंस बड़े पर्दे पर कम और इंस्टाग्राम रील पर ज्यादा देख रहे हैं। रील बनाने के प्रोसेस को भी विद्या बालन एंज्वॉय कर रही हैं। हालिया एक इंटरव्यू में अपने करियर में लिए गए इस ब्रेक के बारे में विद्या ने कई सारी बातें साझा की हैं।

**विद्या बालन ने खुद को आशावादी इंसान बताया**

विद्या बालन ने अपने मौजूदा करियर फेज को लेकर बात की है। वह कहती हैं, 'मैं बहुत ही ज्यादा उम्मीद रखने वाली इंसान हूं, मैं काफी आशावादी हूं। मुझमें बहुत कॉन्फिडेंस है। मैंने अपनी पूरी एबिलिटी के साथ काम किया है। लोगों ने मुझे कहा कि खुद पर काम करना चाहिए, मुझे अपना वजन कम करना चाहिए। मैंने लोगों के सजेशन को सुना, इन बातों ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की। मुझे अब भी लीड रोल मिल रहे हैं, मैं किसी भी तरह की इनसिक्योरिटी से परेशान नहीं हूं।'

**विद्या बोलीं- मैं इस फेज को एंज्वॉय कर रही हूं**

अपने अटूट आत्मविश्वास के बल पर ही उन्होंने वर्षों तक एक ऐसे उद्योग में काम किया है जहाँ अक्सर दिखावे को लेकर जुनून सवार रहता है। और अब, वर्षों में पहली बार, विद्या ने कहा कि वह तनाव-मुक्त दौर का आनंद ले रही हैं। अपने जीवन में पहली बार, मैं तनाव का अनुभव नहीं कर रही हूँ। जाने-अनजाने, हम बहुत तनाव से गुज़रते हैं। मैं इस दौर का आनंद ले रही हूँ। मैं पटकथाएँ पढ़ रही हूँ, लोगों से मिल रही हूँ, और मैंने दो फ़िल्में तय कर ली हैं। विद्या ने कहा, ₹दुर्भाग्य से, मैं अभी इस बारे में बात नहीं कर पा रही हूँ।'

**इन फिल्मों में नजर आएंगी विद्या बालन**

पिछले साल विद्या बालन फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। इस साल वह रितेश देशमुख के साथ एक फिल्म 'राजा शिवाजी' कर रही हैं। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराजा पर आधारित है। विद्या को इस फिल्म में रितेश देशमुख डायरेक्ट कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर वह रितेश को काफी सराहती हैं।

# पाकिस्तान-बांग्लादेश पर मेहरबान ट्रम्प, टैरिफ 20% से ज्यादा नहीं

## भारत-ब्राजील पर 50% टैरिफ की मार, चीन की जीडीपी 1% गिरने का खतरा

वॉशिंगटन, 8 अगस्त (एजेंसियां)। दुनियाभर के देशों को टैरिफ से डरा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के दो पड़ोसी देशों पर खासे मेहरबान हैं। ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19% तो बांग्लादेश पर 20% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इसके उलट भारत पर दो बार में 25-25% टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। साथ ही सेकेंडरी सैंक्शन्स की धमकी भी दी है।

भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50% टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन पर फिलहाल 30% टैरिफ लगाया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर टैरिफ दर बढ़ती है, तो चीन की जीडीपी लगभग 1% तक घट सकती है।

**देश जिन्हें टैरिफ से सबसे ज्यादा फायदा**

**पाकिस्तानः साउथ एशियाई देशों के मुकाबले सबसे कम टैरिफ**

ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19% टैरिफ लगाया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ है। इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में पाकिस्तान पर 29% टैरिफ लगाने की बात कही थी।

नए आदेश में ट्रम्प ने पाकिस्तान को 10% की रियायत



दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ ऑयल डील भी की है। इसके तहत अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा।

पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र उसका कपड़ा उद्योग (80%) है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा खरीदार है। कम टैरिफ से इसकी अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ सकती है।

अमेरिका की पाकिस्तान के साथ डील, भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव ला सकती है। इससे पाकिस्तान, अमेरिका के साथ मिलकर अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा।

अमेरिका की मदद से पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक और आइएमएफ से वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

**बांग्लादेशः 4 महीने में 17% टैरिफ कम करवाया**

अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20% टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश पर 37% टैरिफ लगाया गया था। बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17% टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा।

बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। भारत पर ज्यादा टैरिफ से इसका कपड़ा निर्यात बढ़ सकता है। 2024 में इसका निर्यात 8 अरब डॉलर (70 हजार करोड़ रुपए) था, जो 2026 तक 10 अरब डॉलर (88 हजार करोड़ रुपए) हो सकता है।

कम टैरिफ से बांग्लादेश अमेरिकी बाजार में अपनी 9% हिस्सेदारी बनाए रख सकता है। एफबीसीसीआइ के मुताबिक इससे देश की जीडीपी में 2026 तक 0.2% तक बढ़ोतरी हो सकती है।

**वियतनामः टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बढ़त**

अमेरिका ने वियतनाम पर 20% टैरिफ लगाया है, लेकिन यह भारत (50% टैरिफ) और चीन (30%) की तुलना में कम है। इससे वियतनाम के सामानों को अमेरिकी बाजारों में आसानी से पहुंच मिलेगी।

वियतनाम को सेमीकंडक्टर सेक्टर में पहले ही बड़ी कंपनियों की 'चाइना-प्लस-वन' पॉलिसी (चीन के अलावा एक और साझेदार) का लाभ मिल रहा है।

एपल और सैमसंग जैसी कंपनियां चीन से अपनी सप्लाई चेन को वियतनाम ट्रांसफर कर रही हैं। दूसरे देशों की तुलना में कम टैरिफ होने से वियतनाम का अमेरिका को निर्यात बढ़ सकता है।

अमेरिका के कम टैरिफ का फायदा वियतनाम की टेक्सटाइल इंडस्ट्री खासकर सस्ते कपड़ों और रेडीमेड गारमेंट्स को होगा। 2013-2023 के बीच वियतनाम का कपड़ा निर्यात 82% बढ़कर लगभग 3 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# दुष्कर्म के दोषी ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने दिया इस्तीफा

## दो युवकों के शोषण के आरोप

मेलबर्न, 8 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य सांसद ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। सांसद को दो युवकों से दुष्कर्म का दोषी पाया गया है और फिलहाल वह जेल में बंद हैं।

दोषी सांसद को पद से हटाने के लिए सदन में शुक्रवार को मतदान होना था, लेकिन मतदान से कुछ क्षण पहले ही सांसद ने खुद इस्तीफा दे दिया। न्यू साउथ वेल्स राज्य के निर्दलीय सांसद गैरेथ वार्ड को जुलाई में दो युवकों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। हालांकि दोषी ठहराए जाने के बावजूद वार्ड ने अपनी सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। शुक्रवार को जब सांसद को पद से हटाने के लिए असेंबली में मतदान होना था तो वार्ड ने कानूनी दांवपेंच से इसे रोकने की कोशिश की, लेकिन जब यह कोशिश असफल रही तो वार्ड ने खुद ही इस्तीफा देने का फैसला किया। 44 वर्षीय वार्ड पर साल 2015 में एक संसदीय कार्यक्रम के बाद एक युवक का यौन उत्पीड़न किया था। वार्ड पर साल 2013 में भी यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगा।

# अमेरिका का वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

## 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त, यूएस में ड्रग्स सप्लाई का आरोप

काराकास, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को इनाम की घोषणा करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा।

**मदुरो पर 2020 में नार्को टेररिज्म के आरोप लगे थे**

मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे।

उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर



दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।

मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।

**अमेरिका ने वेनेजुएला पर कई प्रतिबंध लगाए हैं**

वेनेजुएला और अमेरिका के बीच कई दशकों से राजनीतिक मतभेद रहे हैं। वेनेजुएला, अमेरिकी की पूंजीवादी और विदेश नीतियों को लेकर आलोचना करता है तो वहीं, अमेरिका, वेनेजुएला में मानवाधिकार के उल्लंघन पर नाराजगी जताता रहा है। लगभग 100 साल पहले वेनेजुएला में तेल भंडारों की खोज हुई थी। तेल की खोज होने के 20 साल बाद ही वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में से एक बन गया। उसे लैटिन अमेरिका का सऊदी अरब कहा जाने लगा।

1950 के दशक में वेनेजुएला दुनिया का चौथा सबसे धनी देश था। लेकिन आज इस देश की हालत खराब हो चुकी है। देश की 75 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। बीबीसी के मुताबिक पिछले 7 साल में करीब 75 लाख लोग देश छोड़कर चले गए हैं।

दरअसल, वेनेजुएला लगभग पूरी तरह से तेल पर निर्भर था। 80 के दशक में तेल की कीमतें गिरने लगीं। कीमतों में गिरावट ने वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को भी नीचे ला दिया। सरकारी नीतियों की वजह से वेनेजुएला अपना कर्ज चुकाने में फेल होने लगा।

बाद में तेल के दाम बढ़े भी तो वह इसका फायदा नहीं उठा सका। 2015 में अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से वेनेजुएला की हालत और खराब हो गई है।

# भारत के साथ कोई बातचीत नहीं

## 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद बोले डोनाल्ड ट्रंप

वॉशिंगटन, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ विवाद हल होने तक भारत के साथ किसी भी व्यापार वार्ता से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का समाधान नहीं हो जाता, तब तक भारत के साथ कोई व्यापार वार्ता नहीं होगी। ट्रंप की यह टिप्पणी उनके प्रशासन के भारतीय आयातों पर टैरिफ दोगुना करके 50% किए जाने के बाद आई है। ओवल ऑफिस में समाचार एजेंसी के सवाल पर कि क्या उन्हें नए 50% टैरिफ के मद्देनजर बातचीत फिर से शुरू होने की उम्मीद है, तो ट्रंप ने जवाब दिया, 'नहीं, जब तक हम इसे हल नहीं कर लेते, तब तक नहीं।'

इसके पहले बुधवार को वॉइट हाउस ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया था, जिससे कुल टैरिफ 50% हो गया। ट्रंप प्रशासन ने भारत की रूस से तेल खरीद जारी रखने की आलोचना की है और इसे यूक्रेन में रूसी युद्ध के लिए वित्तपोषण बताया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती 25 प्रतिशत टैरिफ 7 अगस्त से लागू हुआ है, जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिनों में लागू होगा। यह अमेरिकी बंदरगाहों में प्रवेश करने वाले सभी भारतीय सामानों पर लागू होगा। इस बीच भारत अमेरिकी टैरिफ पर कड़ा रुख अपनाते हुए आर्थिक दबाव के आगे पीछे न हटने की बात कही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान कहा, 'हमारे लिए, हमारे किसानों का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी उत्पादकों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।'

# गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजराइल

## 75% गाजा पट्टी पर पहले से इजराइली सेना का कब्जा, जंग खत्म के लिए 5 शर्तें रखीं

तेल अवीव, 8 अगस्त (एजेंसियां)। इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजराइली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है।

बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे।

इस योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजराइली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है।

इजराइली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग



75 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25% इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं।

इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने गाजा सिटी पर कब्जे के फैसले को गलत बताया है। साथ ही उन्होंने तुरंत इस पर दोबारा विचार करने की अपील की है।

बीबीसी के मुताबिक स्टार्मर ने कहा, इस कदम से न तो युद्ध खत्म होगा, न ही बंधकों की रिहाई में मदद मिलेगी। इससे सिर्फ और खून-खराबा होगा। हर दिन गाजा में मानवीय संकट और गहरा रहा है। हमास की कैद में मौजूद बंधक अमानवीय हालात में हैं।

नेतन्याहू ने गुरुवार रात कहा था कि जंग के बाद के लिए एक प्लान बनाया जाएगा। इसमें इजराइल गाजा पर नागरिक शासन नहीं करेगा और न ही फिलिस्तीनी अथॉरिटी को इसमें कोई भूमिका दी जाएगी।

नेतन्याहू के मुताबिक इजराइल गाजा का सुरक्षा घेरा बनाकर रखेगा, लेकिन में प्रशासन में शामिल नहीं रहेगा।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा, हमारा मकसद गाजा को हमास के आतंक से मुक्त करना, वहां के लोगों को आजादी देना और फिर शासन एक जिम्मेदार अरब ताकत को सौंपना है।

जो हमारे लिए खतरा न बने और गाजा के लोगों को अच्छा जीवन दे।

नेतन्याहू ने पूरे गाजा पर कब्जे का प्लान बनाया था। इसे बिग गाजा प्लान नाम दिया गया था। हालांकि, उनके प्लान पर सेना से सहमति नहीं बन पाई थी।

# एशिया के दो कट्टर दुश्मन देशों में शांति समझौता कराएंगे ट्रंप

## एक भारत का पक्का दोस्त तो दूसरे की पाकिस्तान से यारी

वॉशिंगटन, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वॉइट हाउस में पश्चिम एशिया के दो कट्टर दुश्मन देशों आर्मेनिया और अजरबैजान के नेताओं का स्वागत करने वाले हैं। दोनों पड़ोसी लंबे समय से चले आ रहे अपने संघर्ष को सुलझाने के लिए एक ऐतिहासिक शांति शिखर सम्मेलन का हिस्सा होंगे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर गुरुवार को एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। ट्रंप ने बताया कि आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव एक औपचारिक शांति हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लेंगे।

दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को एक साथ संभावित रूप से शांति समझौते पर हस्ताक्षj करवाने का डोनाल्ड ट्रंप का ये नवीनतम प्रयास है, जो इस बात पर जोर देते हैं कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में मध्यस्थता का प्रयास उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य बनाता है। आर्मेनिया और अजरबैजान दशकों से दुश्मन रहे हैं और विवादित काराबाख क्षेत्र को लेकर दो बार युद्ध लड़ चुके हैं। बता दें कि अजरबैजान के भारत से अच्छे रिश्ते हैं और यह भारत का बड़ा रक्षा खरीदार है

साल 2023 में अजरबैजान ने एक अचानक हमले में आर्मेनियाई सेना से एक आक्रामक हमले में काराबाख को वापस ले लिया था। इसके परिणामस्वरूप 1 लाख से अधिक आर्मेनियाई मूल के लोगों का पलायन हुआ था। दोनों देशों ने शांतिपूर्ण समाधान निकालने के उद्येश्य से बातचीत की है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'ये दोनों देश कई सालों से युद्ध में हैं, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए हैं।


# एनएसए डोभाल ने पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की

## कहा- भारत और रूस का रिश्ता बहुत खास, पुतिन इस साल भारत आएंगे

मॉस्को/नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने गुरुवार को मॉस्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई। रूसी सरकारी मीडिया स्पूतनिक ने एक वीडियो जारी किया जिसमें डोभाल ने भारत-रूस संबंधों को बेहद खास बताया और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, 'हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है। तारीखें लगभग तय हो चुकी हैं।'

राष्ट्रपति पुतिन इस साल के



आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास ने सुबह यह जानकारी एनएसए अजीत डोभाल के हवाले से दी थी। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा था, अब हमारे रिश्ते बहुत खास बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है।

ट्रम्प ने रूस से तेल खरीदने को वजह बताकर ही भारत पर पहले 25% फिर 50% टैरिफ लगाया है। राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसंबर 2021 को भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपए) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था।

फरवरी 2022 में यूक्रेन वॉर शुरू होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

भारत और रूस अपने बाइलैटरल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डॉलर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार है।

# 21 साल की भारतीय छात्रा की हत्या मामले में कहां तक पहुंची जांच

टोरंटो, 8 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा में 21 वर्षीय भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की हत्याकांड में गोली चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। कार्यवाहक डिटेक्टिव सार्जेंट डेरिल रीड के हवाले से बताया गया कि हैमिल्टन पुलिस ने मंगलवार को ओंटारियो के नियाग्रा फॉल्स में 32 वर्षीय जेरडाइन फोस्टर को गिरफ्तार किया था। उस पर हत्या के प्रयास के तीन मामलों में भी आरोप लगाए हैं। मोहॉक कॉलेज में फिजियोथेरेपी कोर्स में दाखिला लेने वाली द्वितीय वर्ष की छात्रा रंधावा को 17 अप्रैल को गोली लगी थी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। वारदात उस वक्त हुई, जब छात्रा अपर जेम्स स्ट्रीट और साउथ बेंड रोड के चौराहे पर एक बस स्टॉप के पास खड़ी थी।

# अमेरिका ने फिर अलापा पुराना राग

## विदेश मंत्री बोले- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में हम सीधे तौर पर शामिल हुए

वॉशिंगटन, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका का ट्रंप प्रशासन कई बार दावा कर चुका है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने में उनकी भूमिका है। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इस दावे को खारिज कर दिया गया लेकिन फिर भी बार-बार राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन के मंत्री वही दावा कर रहे हैं। अब एक बार फिर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ तो अमेरिका उसमें सीधे तौर पर शामिल हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति स्थापित करने में सफल रहे।

**ट्रंप कई बार कर चुके हैं ऐसा दावा**

10 मई को भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप 30 से ज्यादा बार दोनों देशों



में संघर्ष विराम कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के समाधान में मदद की और दोनों देशों से कहा कि अगर वे संघर्ष रोक दें तो अमेरिका उनके साथ व्यापार बढ़ाएगा। हालांकि भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

**रुबियो ने ट्रंप को बताया 'शांति के राष्ट्रपति'**

अब अमेरिका के रुबियो ने गुरुवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि 'ट्रंप शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे 'शांति के राष्ट्रपति' हैं और इसलिए, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ, तो हमने सीधे तौर पर इसमें भाग लिया और राष्ट्रपति ट्रंप शांति स्थापित करने में सफल रहे।' इसके साथ ही रुबियो ने अन्य संघर्षों का भी जिक्र किया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें सुलझाने में मदद की।

रुबियो ने कहा, 'हाल ही में कंबोडिया और थाईलैंड, अजरबैजान और आर्मेनिया, उम्मीद है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य-रवांडा के बीच भी संघर्ष विराम हो सकता है। रुबियो ने कहा कि कांगो और रवांडा के संघर्ष में बीते 30 वर्षों में करीब 70 लाख लोग मारे गए।'

# चीनी सेना दोस्तों का साथ देगी

## पाकिस्तान को जेड-10एमई अटैक हेलीकॉप्टर देने पर पीएलए का खुलासा, भारत को खतरे पर दिया जवाब

बीजिंग, 8 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना ने चीन से मिले जेड-10एमई अटैक हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। चीन ने जड-10 देने के लिए सबसे पहले देश के तौर पर पाकिस्तान को चुना है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस हेलीकॉप्टर की मारक क्षमता पाकिस्तान की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी। माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मुश्किलों का सामना कर रही पाकिस्तान आर्मी ने इस हेलीकॉप्टर को भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए लिया है। इस पर चीन की ओर से सफाई आई है।

पाकिस्तानी सेना में जेड-10एमई अटैक हेलीकॉप्टर के शामिल होने पर चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जियांग बिन ने शुक्रवार को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि चीन अपने रक्षा उपकरण विकास की उपलब्धियों को पाकिस्तान सहित मित्र देशों के साथ साझा करने को तैयार है। इससे भारत को खतरे की बात पर उन्होंने कहा कि चीन-पाकिस्तान रक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष (भारत) को नुकसान नहीं है। चीन अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पाक मीडिया ने बताया है कि असीम मुनीर की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में अत्याधुनिक जेड-10एमई अटैक हेलीकॉप्टर को पाकिस्तानी सेना में शामिल किया गया।

# चीन- ताइवान में युद्ध हुआ तो

## भारत की धरती से फिलीपींस के राष्ट्रपति के ऐलान से चीन आगबबूला, आग से न खेलने की धमकी

बीजिंग, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दौरे पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फेरदनिंाद मार्कोस जूनियर ताइवान युद्ध को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है।

राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि अगर चीन और ताइवान में युद्ध होता है तो फिलीपींस इससे दूर नहीं रह सकता है। उनसे यह सवाल पूछा गया था कि अगर ताइवान युद्ध छिड़ता है तो क्या वह अमेरिकी सेना को अपने संसाधन और सैन्य अड्डे देंगे ताकि ताइपे की रक्षा की जा सके। मार्कोस ने अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया लेकिन अपने देश की बेहद अहम भौगोलिक स्थिति का जिक्र जरूर किया। राष्ट्रपति मार्कोस जूनयिर के इस बयान पर चीन आगबबूला हो गया है। मनीला में चीन के दूतावास ने इस बयान को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। साथ ही चीन के विदेश मंत्रालय ने 'एक चीन नीति' की याद भी फलिपींस को दिलाई है। मार्कोस ने भारतीय मीडिया से बातचीत में कहा, 'इसके बारे में बहुत व्यवहारिक होने की जरूरत है। अगर ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका में संघर्ष छिड़ता है तो इसका सवाल ही नहीं है कि फिलीपींस इससे बाहर रहे।

इसकी वजह हमारी भौगोलिक स्थिति है।' मार्कोस कहा कि ताइवान का काओहसिउंग इलाका फिलीपींस के लाओआग से फ्लाइट से मात्र 40 मिनट की दूरी पर है।

# दलाई लामा के पुनर्जन्म पर चीन ने किया दावा

बीजिंग, 8 अगस्त (एजेंसियां)। तिब्बत पर चीन की सत्तावादी पकड़ का प्रदर्शन करते हुए बीजिंग ने एक बार फिर दलाई लामा की पुनर्जन्म प्रक्रिया पर पूर्ण नियंत्रण का दावा किया है। उसने इस मामले पर आध्यात्मिक नेता के अधिकार को खारिज कर दिया है। तिब्बत एन रिव्यू की रिपोर्ट के अनुसार, यह बयान तथाकथित तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) के अध्यक्ष गामा सेडैन ने टीएआर की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर बीजिंग में हुए एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिया। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की टीएआर समिति के उप-सचिव, सेडैन ने घोषणा की कि दलाई लामा के पुनर्जन्म के बारे में चीन सरकार का निर्विवाद रूप से अंतिम निर्णय होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रक्रिया घरेलू स्तर पर कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा स्वीकृत विधियों के जरिये और सिर्फ बीजिंग की स्पष्ट स्वीकृति के साथ ही पूरी की जानी चाहिए।



# धमकाने वाले को एक इंच दो तो वह एक मील ले लेगा



## टैरिफ वॉर के बीच चीन के दूत की दो टूक

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामान पर 50% टैरिफ लगाया है। इसमें रूस से तेल की खरीदारी के लिए 25% पेनल्टी शामिल है। इस बीच इस मुद्दे पर भारत को चीन का पूरा साथ मिल रहा है। चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। साथ ही वह अमेरिका का भी तीसरा बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। अमेरिका ने चीन पर पहले 145% टैरिफ लगाया था जिसे बाद में घटाकर 30% किया गया। भारत में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने इस मामले में एक दिलचस्प ट्वीट किया है। फेइहोंग ने X पर एक पोस्ट में लिखा, धमकाने वाले को एक इंच दो तो वह एक मील छीनकर ले लेगा। चीन ने टैरिफ के मामले में भारत और ब्राजील का साथ दिया है। अमेरिका ने ब्राजील पर सबसे ज्यादा 50% टैरिफ लगाया है। फेइहोंग ने अपने पोस्ट में चीन के विदेश मंत्री वांग यी की टिप्पणी को भी टैग किया है। यी ने ब्राजील के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिन के साथ बातचीत के बाद कहा था कि टैरिफ को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना, यूएन चार्टर का उल्लंघन है। इससे विश्व व्यापार संगठन के नियम कमजोर होते हैं। ये तरीका अलोकप्रिय और टिकाऊ नहीं है। इस बीच अमेरिका के साथ ट्रेड पर चल रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने चीन जा सकते हैं। वहां शंघाई सहयोग संगठन का शिखर सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिलेंगे। भारत और चीन रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूसी तेल पर पाबंदी लगाई थी। इसके बाद रूस ने भारत और चीन जैसे देशों को सस्ते में कच्चा तेल बेचना शुरू किया। आज वह भारत को कच्चे तेल का सबसे बड़े सप्यालर है।


# क्या टैरिफ दोगुना होने के बाद अमेजन व वॉलमार्ट ने भारत से ऑर्डर रोक दिए हैं?

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट और गैप समेत प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं ने भारत से ऑर्डर रोक दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है। अमेरिकी खरीदारों ने अगली सूचना तक शिपमेंट रोकने की अपील की खबरों में दावा किया जा रहा है कि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी खरीदारों से पत्र और ईमेल मिले हैं। इनमें अनुरोध किया गया है कि वे अगली सूचना तक परिधान और वस्त्रों के शिपमेंट रोक दें। सूत्रों ने बताया है कि नए टैरिफ के बाद खरीदार लागत का बोझ उठाने को तैयार नहीं हैं और चाहते हैं कि निर्यातक ही लागत का वहन करें।

**50% टैरिफ लागू होने से उत्पादों की लागत में हो सकता है 30% से 35% का इजाफा**

मौजूदा हालात में यदि 50% की दर से टैरिफ लगाए जाते हैं तो विभिन्न उत्पादों की लागत में 30 से 35 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे अमेरिका जाने वाले ऑर्डरों में 40 से 50 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो कारोबारियों को लगभग 4-5 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। वेलस्पन लिविंग, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, इंडो काउंट और ट्राइडेंट जैसे प्रमुख निर्यातक अमेरिका में अपनी कुल राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत बिक्री करते हैं।

**कपड़ा व परिधान उद्योग के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य**



भारत के कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, कुल कपड़ा और परिधान निर्यात में अमेरिका का योगदान 28 प्रतिशत था, जिसका मूल्य 36.61 अरब डॉलर था। विश्व में वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक भारत अब अमेरिका को वस्त्र निर्यात करने के मामले में बांग्लादेश और वियतनाम की तुलना में पीछे रह सकता है। ये देश भारत को मिलने वाले ऑर्डर हासिल कर सकते हैं। क्योंकि ट्रंप ने इन देशों पर महज 20 प्रतिशत टैरिफ का ही एलान किया है।

**भारत पर ट्रंप टैरिफ के कार्यकारी आदेश में क्या है?**

डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसमें से गुरुवार से लागू 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी तेल खरीदने पर दंड के रूप में 28 अगस्त से लागू होने वाला 25 प्रतिशत टैरिफ शामिल है। ट्रंप ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसमें लिखा है, मैं यह मानता हूं कि भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त मूल्यानुसार शुल्क लगाना आवश्यक और उचित है, क्योंकि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल आयात कर रहा है। दूसरी ओर भारत ने कहा है कि अमेरिकी टैरिफ अनुचित, गलत और अविवेकपूर्ण हैं।

# ट्रंप के टैरिफ से बाजार में बिकवाली हावी

## सेंसेक्स 765 अंक टूटा, निफ्टी 24400 के नीचे




नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 765.47 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 232.85 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे गिरकर 87.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं, एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे।

**यूरोपीय बाजार में हुई बढ़त**

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार अधिकतर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 66.82 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत बढ़कर 66.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,997.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालाँकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 10,864.04 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 80,623.26 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत बढ़कर 24,596.15 पर बंद हुआ।

# रूस ने बंद की 'दोस्ती की टंकी' तो होगा नौ अरब डालर का नुकसान, स्टेट बैंक आप इंडिया का दावा



नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल अभी रूस से खरीद रहा है। इस बात से अमेरिका नाराज है। उसने भारतीय सामान पर 50% टैरिफ लगाया है। इसमें रूस से तेल खरीदने के लिए 25% जुर्माना शामिल है। इस बीच देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई की एक रिपोर्ट आई है। इसमें कहा गया है कि अगर भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर देता है, तो उसे 9 से 12 अरब डॉलर तक का ज्यादा खर्चा करना पड़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत फाइनेंशियल ईयर 2026 के बाकी समय में रूस से तेल नहीं खरीदता है, तो क्रूड इम्पोर्ट का बिल 9 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। अगले फाइनेंशियल ईयर में यह बिल 11.7 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। अभी भारत को रूस से डिस्काउंट पर तेल मिल रहा है। अगर यह मिलना बंद हो जाए तो भारत को दूसरे देशों से ज्यादा कीमत पर तेल खरीदना पड़ सकता है।अभी रूस दुनिया को जितना कच्चा तेल बेचता है, उसका 10% हिस्सा भारत खरीदता है। भारत ने 2022 से रूस से तेल खरीद बढ़ाई थी। रूस यह तेल कम दाम पर बेच रहा है। इसकी कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल तक तय की गई है। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई पाबंदियां लगाई हैं और यूक्रेन पर हमले के बाद उससे तेल नहीं खरीद रहे हैं। इसलिए भारत रूस से तेल खरीद रहा है। अगर सभी देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें, तो इससे कच्चे तेल की कीमतें लगभग 10% तक बढ़ सकती हैं। रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत को बहुत फायदा हुआ है। फाइनेंशियल ईयर 2020 में भारत की कुल खरीद में रूस का हिस्सा सिर्फ 1.7% था। लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 35.1% हो गया। इस दौरान भारत ने रूस से 88 मिलियन मीट्रिक टन कच्चा तेल खरीदा जबकि उसका कुल आयात 245 मिलियन मीट्रिक टन था। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत सबसे ज्यादा तेल इराक से खरीदता था। उसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरातका नंबर आता था। भारत लगभग 40 देशों से तेल खरीदता है। इनमें अमेरिका, वेस्ट एशिया और अजरबैजान के साथ-साथ गुयाना, ब्राजील और कनाडा भी शामिल हैं। इससे भारत को तेल की सुरक्षा मिल रही है। मतलब अगर किसी एक देश से तेल मिलना बंद हो जाए, तो दूसरे देशों से तेल मिल सकता है। अगर रूस से तेल मिलना बंद हो जाता है, तो भारत फिर से मध्य पूर्व के देशों से तेल खरीद सकता है। उनके साथ पहले से ही सालाना कॉन्ट्रैक्ट हैं। इससे भारत को अपनी जरूरत के हिसाब से तेल मिल जाएगा। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल का बिल बढ़ने की संभावना तो है, लेकिन भारत ने कई देशों से तेल खरीदने का इंतजाम कर रखा है। दूसरे तेल उत्पादक देशों के साथ कॉन्ट्रैक्ट भी हैं। इससे भारत को ज्यादा नुकसान नहीं होगा। हालांकि, अगर रूस से तेल कम मिलने की वजह से दुनिया में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैंमतो भारत पर भी महंगा तेल खरीदने का दबाव बनेगा। मतलब भारत को तेल तो मिल जाएगा लेकिन इसके लिए उसे ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी।

# सोना 1,01,406 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर पहुंचा

## गोल्ड का दाम आज 703 बढ़ा, इस साल अब तक 25,244 महंगा हुआ



नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। सोना आज यानी 8 अगस्त (शुक्रवार) को ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 703 रुपए बढ़कर 1,01,406 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले गुरुवार को सोना 1,00,703 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 357 रुपए घटकर 1,14,893 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,250 रुपए पर थी। 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,03,460 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,850

**मुंबई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,03,310 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,700

**कोलकाता** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,03,310 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,700

**चेन्नई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,03,310 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,700

**भोपाल** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,03,360 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,750

**हैदराबाद** :24 कैरेट सोने की कीमत 105,626 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट के लिए 97,310

# क्या होती है यूनिवर्सल बैंकिंग? 11 साल में आरबीआई ने पहली बार किसी बैंक को दिया इस तरह का लाइसेंस

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को यूनिवर्सल बैंकिंग लाइसेंस दे दिया है। देश में 11 साल के लंबे अंतराल के बाद किसी बैंक को इस तरह का लाइसेंस दिया गया है। देश में समय 11 छोटे फाइनेंस बैंक काम कर रहे हैं जिनमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक सबसे बड़ा है। इस बैंक को यूनिवर्सिल बैंकिंग का लाइसेंस मिलने के बाद अब दूसरे छोटे बैंकों के लिए भी बड़ा बैंक बनने का रास्ता खुल गया है। क्या होता है यूनिवर्सल बैंक और इसका क्या फायदा है? यूनिवर्सल बैंकिंग एक ऐसा सिस्टम है जिसमें बैंक कई तरह की सेवाएं देते हैं। इसमें पैसे जमा करना, लोन देना, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और एसेट मैनेजमेंट जैसी चीजें शामिल हैं। साधारण बैंक या तो लोन देते हैं या इन्वेस्टमेंट करते हैं। लेकिन यूनिवर्सल बैंक ये सब काम करते हैं। यूनिवर्सल बैंकिंग की शुरुआत 19वीं सदी में यूरोप में हुई थी। उस समय ड्यूश बैंक और क्रेडिट सुइस जैसे बैंकों ने इसकी शुरुआत की थी। अमेरिका में 1990 के बाद इसने जोर पकड़ा है।यूनिवर्सल बैंक लोगों की हर तरह की वित्तीय जरूरतों को पूरा करते हैं। वे इंडिविजुअल, बिजनस और कंपनियों को सर्विसेज देते हैं। वे कई तरह के खाते खोलते हैं जिनमें ग्राहक पैसे जमा करते हैं और जरूरत पड़ने पर निकाल सकते हैं। साथ ही यूनिवर्सल बैंक लोन भी देते हैं।




इनमें पर्सनल लोन, होम लोन और बिजनेस लोन शामिल हैं। यूनिवर्सल बैंक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग भी करते हैं। वे कंपनियों को शेयर और बॉन्ड जारी करने में मदद करते हैं। साथ ही मर्जर एंड एक्विजिशन में भी मदद करते हैं। साथ ही एसेट मैनेजमेंट भी करते हैं। यूनिवर्सल बैंकिंग के कई फायदे हैं। यूनिवर्सल बैंक कई तरह की फाइनेंशियल सर्विसेज देते हैं। वे पैसे जमा करते हैं, लोन देते हैं, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग करते हैं, संपत्ति का मैनेजमेंट करते हैं, बीमा करते हैं और दूसरी वित्तीय सेवाएं भी देते हैं। यानी वे ग्राहकों को कंप्लीट फाइनेंशियल सर्विसेज देते हैं। इससे उन्हें अलग-अलग बैंकों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे वे बाजार में होने वाले उतार-चढ़ावों से होने वाले जोखिमों को भी कम करता है। इससे यूनिवर्सल बैंकों को ज्यादा मुनाफा होता है। यूनिवर्सल बैंकिंग के कुछ नुकसान भी हैं। मसलन यूनिवर्सल बैंक बहुत बड़े और जटिल होते हैं। अगर वे नाकाम हो जाते हैं, तो इसका इकॉनमी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

# जुलाई में घर में बना भोजन 14 फीसदी सस्ता

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतें काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।केंद्र सरकार वस्तुओं की कीमतों पर सक्रिय रूप से नजर रखती है और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करती है। जुलाई 2025 में घर में थाली की लागत में 14% की कमी आई। यह महीने के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति में निरंतर कमी को दर्शाती है। इसमें कहा गया कि देश भर के कई केंद्रों पर टमाटर की खुदरा कीमतें किसी बुनियादी मांग-आपूर्ति असंतुलन या उत्पादन की कमी के बजाय अस्थायी स्थानीय कारकों से प्रभावित होती हैं।

**चेन्नई और मुंबई में टमाटर की कीमतें हुई कम**

इसके विपरीत, चेन्नई और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों में, जहां हाल के सप्ताहों में असामान्य मौसम की स्थिति नहीं देखी गई है और कीमतों में समान वृद्धि नहीं देखी गई है। चेन्नई और मुंबई में टमाटर की वर्तमान औसत खुदरा कीमतें क्रमशः 50 रुपये प्रति किलोग्राम और 58 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। यह दिल्ली में प्रचलित कीमत से काफी कम है।

**पिछले साल से कम है टमाटर की कीमतें**

वर्तमान में, टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 52 रुपये प्रति किलोग्राम है। यह पिछले साल के 54 रुपये प्रति किलोग्राम और 2023 में 136 रुपये प्रति किलोग्राम से अभी भी कम है। विभाग ने बताया कि पिछले वर्षों के विपरीत, इस मानसून सीजन में आलू, प्याज और टमाटर जैसी प्रमुख सब्जियों की कीमतें नियंत्रण में हैं।


**सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण के लिए 3 लाख टन प्याज खरीदा**

आलू और प्याज के संबंध में, 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन पर्याप्त आपूर्ति और काफी कम खुदरा मूल्य सुनिश्चित करता है। इस वर्ष, सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए 3 लाख टन प्याज खरीदा है।

बफर से प्याज का संतुलित और लक्षित वितरण सितंबर, 2025 से शुरू होने की उम्मीद है।

# मनमाने टैरिफ से जीडीपी में 0.4 फीसदी की आएगी गिरावट, निर्यातकों को भारी नुकसान

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में 0.4 फीसदी की गिरावट आ सकती है। इस टैरिफ का असर वस्त्र, कीमती पत्थर, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो पार्ट्स और एमएसएमई क्षेत्र पर पड़ सकता है। ट्रंप के इस कदम से न सिर्फ भारत का निर्यात प्रभावित होगा, बल्कि श्रम आधारित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार संकट उत्पन्न होगा। 6.4-6.6% वृद्धि दर जोखिम : बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्र विशेषज्ञ सोनल बधान का कहना है, हमने भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ से जीडीपी में 0.2 फीसदी की गिरावट का अनुमान लगाया था। अब 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया गया है। अगर भारत व्यापार वार्ता में



टैरिफ दर कम कराने में नाकाम रहता है, तो इससे चालू वित्त वर्ष में 6.4-6.6 फीसदी की वृद्धि दर हासिल करने पर जोखिम उत्पन्न हो जाएगा। अब व्यापार संभव नहीं : बैंकिंग एवं बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा ने कहा, 50 फीसदी का भारी टैरिफ भारत के लिए बड़ा झटका है। लेकिन, सच कहूं तो एक बार जब यह 25 फीसदी के पार कर गया, तो टैरिफ 1,000 फीसदी हो या 5,000 फीसदी, अब व्यापार संभव नहीं है। उन्होंने कहा, क्रिसमस के ऑर्डर तैयार हैं। शिपमेंट तैयार है। ऐसे में निर्यातकों को भारी नुकसान पहुंचेगा। अगर एक अरब डॉलर के कपड़ा निर्यात को रोका जाता है, तो सीधा असर एक लाख श्रमिकों पर पड़ेगा।

ईवाई इंडिया में व्यापार नीति प्रमुख अग्निश्वर सेन ने कहा, राजनीतिक मतभेदों को बातचीत और स्थापित मंचों के जरिये सुलझाया जा सकता है, न कि ऐसे उपायों से। उम्मीद है कि भारत सरकार अमेरिका के साथ संतुलित समाधान की कोशिश करेगी।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ फियो ने कहा, भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला बेहद चौंकाने वाला है। इस कदम से अमेरिका में 55 फीसदी निर्यात पर असर पड़ेगा। भारतीय निर्यातकों को कम जवाबी टैरिफ वाले देशों की तुलना में 30-35 फीसदी प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान होगा। फियो अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, उच्च टैरिफ के कारण कई खरीदार अब निर्यात ऑर्डर रोक रहे हैं। एमएसएमई के लिए उच्च लागत को वहन करना आसान नहीं है। इससे उद्योगों को पुराने ग्राहक खोने पड़ सकते हैं। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोकड़े ने कहा, 27 अगस्त से लागू होने वाला अतिरिक्त 25 टैरिफ स्वर्ण आभूषण निर्यात के लिए बड़ा झटका है। टैरिफ में भारी वृद्धि न भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी बनाती है बल्कि उन हजारों कुशल कारीगरों की आजीविका को खतरे में डालती है, जो अपने अस्तित्व के लिए निर्यात मांग पर निर्भर हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
सूर्योदय 06-01, सूर्यास्त 18-41

दिशाशूल- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- पूर्णिमा 13-25 तक उपरान्त प्रतिपदा
मास- श्रावण शुक्ल , शनिवार 09 August
नक्षत्र- श्रवण 14-23 तक उपरान्त धनिष्ठा
योग - सौभाग्य 02-15 तक शोभन
करण- बव 13-25 तक उप बालव
विशेष:- रक्षाबंधन श्रावणी उपाकर्म
व्रत -त्योहार संस्कृत दिवस पूर्णिमा पुण्य

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क | कर्क | 04-21 बजे |
| चन्द्र | मकर | सिंह | 06-33 बजे |
| मंगल | कन्या | कन्या | 08-39 बजे |
| बुध | कर्क | तुला | 10-45 बजे |
| गुरु | मिथुन | वृश्चिक | 12-55 बजे |
| शुक्र | मिथुन | धनु | 15-09 बजे |
| शनि | मीन | मकर | 17-15 बजे |
| राहु | कुंभ | कुंभ | 19-05 बजे |
| केतु | सिंह | मीन | 20-43 बजे |
| | | मेष | 22-19 बजे |
| | | वृष | 00-04 बजे |
| | | मिथुन | 02-04 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 09-10 से 10-46 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05-59 - 07-34 | शुभ | लाभ | 18-41 - 20-09 | शुभ |
| शुभ | 07-34 - 09-10 | अशुभ | उत्पात | 20-09 - 21-37 | अशुभ |
| रोग।। | 09-10 - 10-46 | अशुभ | शुभ | 21-37 - 22-57 | शुभ |
| उत्पात | 10-46 - 12-21 | शुभ | अमृत | 22-57 - 00-22 | शुभ |
| चंचल | 12-21 - 13-57 | शुभ | चंचल | 00-22 - 01-46 | शुभ |
| लाभ | 13-57 - 15-33 | शुभ | रोग | 01-46 - 03-10 | अशुभ |
| अमृत | 15-33 - 17-09 | अशुभ | काल | 03-10 - 04-35 | अशुभ |
| काल | 17-09 - 18-41 | शुभ | लाभ | 04-35 - 05-59 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
अपने जीवन में नकारात्मकता लाने वाले लोगों से दूर रहें । आपको यह जानकर अचरज होगा कि जिसे आप अपना हमराज समझते थे ,वही आपके बारे में उलटी-सीढ़ी बातें फैला रहा है । ऐसे लोगों से सावधान रहें । उन्हें अपने दिलो-दिमाग में जगह ना दें । कोई नजदीकी दोस्त आपका साथ देगा । यह दोस्त आपका जीवनसाथी या माता-पिता भी हो सकते हैं ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
खुशियाँ मनाने का समय है । आपके किसी करीबी की शादी है । इस जोड़े को आपसे बहुत शुभकामनाएँ मिलेंगी । अगर किसी से प्यार करते हैं तो उससे शादी के बारे में सोच सकते हैं । जो पहले से शादीशुदा हैं,उनके लिए पार्टी में मजे करने का समय है । आज आप भावनात्मक रूप से बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर सकते हैं।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है । आप आज शांत किन्तु दृढ हैं । आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं । कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें । किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है । घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे । बोद्धिक उन्नति होगी ,प्रियजनों की और से कोई खुश कर देने वाली खबर मिलेगी ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आप आजकल हर किसी की नजर में हैं । जल्दी ही आप अपने दुश्मनों को पहचान जायेंगे । इनसे निपटते हुए सावधान रहें क्योंकि ये लोग आपको भड़काकर आपको गलत साबित करना चाहते हैं । यदि बहुत ज्यादा विरोध हो रहा हो तो पीछे हट जाएँ । हालाँकि आपको कोई ऐसा भी मिलेगा जिसपर आप यकीन कर सकते हो ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है । हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी । आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं । आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे । सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे । आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं।आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगी और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आपके मिलनसार स्वभाव के कारण आपके बहुत सारे दोस्त हैं लेकिन ये सभी विश्वसनीय नही हैं । आज किसी भी दोस्त पर विश्वास करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह से जान लें । आज आप बिलकुल स्पष्ट सोच रहे हैं और आप मुश्किल योजना बनायेंगे और उसे बहुत अच्छी तरह कार्यान्वित भी कर पायेंगे ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आप अपने आस पास बदलाव लाने के लिए उत्साह से भरे हैं । लेकिन आपके लिए शांति से बैठकर यह सोचना अच्छा रहेगा कि क्या बदलाव की कोई जरुरत भी है ? अब जबकि आप अपनी परियोजनाओं को आगे बढाने की तैयारी कर रहे हैं,बेहतर होगा कि आप ये परियोजनाएं अपने लिए किसी और को चुनने दें । आप आज दृढ निश्चय से भरे रहेंगे ।


**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा और आपको किसी अप्रत्याशित घटना के लिए तैयार रहना है । आपको कई दिशायों में सक्रिय रहना पड़ेगा लेकिन सकारात्मक बने रहेंगे । आप नयी उर्जा एवं वास्तविकता से परिपूर्ण सार्थक योजनायें पेश करेंगे । अपनों को भी इनमे शामिल करें । आज किसी ख़ास व्यक्ति से मुलाक़ात होगी ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आप हंसी-मजाक के मूड में हैं । अपनी इस विशेषता को बनाएं रखें जो आपको मुश्किल समय में भी चिंतामुक्त रखती है । आप अपनी सक्रिय प्रवृति के कारण एक बिजनेस डील हासिल करने में कामयाब होंगे । कोई आपसे प्रोत्साहन चाहता है.उसके मेंटर बन जाएँ । अपने करीबियों के साथ अच्छा वक़्त गुजरेगा । मछली खाते हुए सावधान रहें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपकी मन की आवाज अब सक्रिय है और हर काम में आपका बहुत अच्छा मार्गदर्शन करेगी । आप मजे मजे में भी आसानी से जोखिम उठा पाने की स्थिति में हैं । भाग्य आपके साथ है फिर भी आपको कोई भी कदम उठाने से पहले दो बार सोच लेना चाहिए । आप भावनाओ की बाढ़ को अनुभव करेंगे । पुराने दोस्तों या परिचित के सामने आने से खुशी होगी ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
दिन की शुरुआत अच्छी खबर से होगी । आप काफी समय से जिस योजना पर काम कर रहे थे ,वह आज फलीभूत होगी । सहकर्मियों के साथ कहीं बाहर जा सकते हैं । आपको अच्छा लगेगा । आज वित्त सम्बन्धी कोई फैसला लेंगे जो भविष्य में लाभकारी साबित होगा । आज किसी तीर्थ की यात्रा भी कर सकते हैं ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र



# राजस्थान में लॉरेंस गैंग के ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

## 3 जिलों में 13 से ज्यादा जगह दबिश, आतंकी-फंडिंग-हथियार सप्लाई का आरोप

श्रीगंगानगर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजस्थान के 3 जिलों में लॉरेंस गैंग के खिलाफ छापेमारी की है। श्रीगंगानगर, दौसा और हनुमानगढ़ के 13 से ज्यादा ठिकानों पर टीमें शुक्रवार (8 अगस्त) सुबह पहुंची। जिन मामलों में यह कार्रवाई हुई है, उनमें आतंकी फंडिंग, अवैध हथियारों की सप्लाई और विदेशों से जुड़े हवाला नेटवर्क शामिल है।




**रेड के दौरान इलाका सील सुबह-सुबह पहुंची टीमें**

श्रीगंगानगर में 13 जगहों पर लॉरेंस गैंग के ठिकानों पर सर्च हुई। यहां हवाला नेटवर्क की जांच के लिए दबिश दी गई। वहीं, हनुमानगढ़ के संगरिया में गैंग से एक ठिकानों पर सुबह-सुबह टीमों ने सर्च किया। दौसा में सांथा इलाके में भी एनआईए ने कार्रवाई की है। यहां अवैध हथियारों की सप्लाई को लेकर जांच की गई है। सभी सर्च के दौरान स्थानीय पुलिस भी जांच टीमों के साथ मौजूद रही।

**पंजाब-हरियाणा से जुड़े तार**

एनआईए की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि पंजाब और हरियाणा से जुड़े कई गैंगस्टर अब राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में पनाह ले रहे हैं। श्रीगंगानगर की पाकिस्तान सीमा से निकटता के कारण यह इलाका आतंकी नेटवर्क की नजर में रहता है। एनआईए की ओर से अभी तक इस रेड को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। पूरे जिले में इस कार्रवाई के बाद से खलबली मच गई है।

**20 दिन पहले भी दौसा में हुआ था सर्च**

एनआईए ने 20 दिन पहले भी मेहंदीपुर बालाजी कस्बे (दौसा) की कई धर्मशालाओं में सर्च की कार्रवाई की थी। एजेंसी ने कुख्यात गैंग से जुड़े एक बदमाश को पिछले दिनों जबरन वसूली, धमकी और हथियार तस्करी के मामले में डिटेन किया था।

उससे पूछताछ में सामने आया था कि बदमाश ने गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने और उसके साथी ने मथुरा-वृंदावन और मेहंदीपुर बालाजी समेत कई धार्मिक स्थलों पर फरारी काटी थी।

## पूर्व राज्यपाल पर विवादित टिप्पणी 1 आरोपी गिरफ्तार

बाड़मेर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। बाड़मेर जिले की शिव पुलिस ने पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने के 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने आपसी सौहार्द बिगाड़ने जैसी टिप्पणी की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया-विभिन्न संगठनों व सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली थी कि मंगलवार 5 अगस्त को पूर्व राज्यपाल सत्पाल मलिक के निधन पर श्रद्धांजिल के मौके पर तेजसिंह भीयाड़ नाम के अकाउंट से आपत्तिजनक पोस्ट करने पर भावनाएं आहत हुई है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जानकारी मिलने पर इसे गंभीरता से लेते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम बनाई गई।

*आसाराम इंदौर में तीन दिन आईसीयू में रहा*

# विशेष जुपिटर हॉस्पिटल में कराया इलाज, डॉक्टरों ने हार्ट में तकलीफ बताई

इंदौर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी आसाराम की तबीयत एक माह से खराब है। इसके चलते गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम की जमानत 21 अगस्त तक बढ़ा दी है। आसाराम इन दिनों इंदौर के डॉक्टरों के संपर्क में है। 1 से 3 अगस्त तक वह विशेष जुपिटर हॉस्पिटल में भर्ती रहा।

हार्ट में तकलीफ के चलते उसे आईसीयू में रखा गया था। 6 अगस्त को अस्पताल से छुट्टी दी गई। अस्पताल में हुईं आसाराम की जांचों में हार्ट संबंधी तकलीफ पाई गई थी। हाल ही में हुई जांच में आसाराम का ट्रोपोनिन लेवल काफी बढ़ा हुआ आया है। ट्रोपोनिन एक प्रोटीन है जो हार्ट की मांसपेशियों में पाया जाता है। ट्रोपोनिन का बहुत ज्यादा स्तर दिल के दौरे का संकेत देता है। विशेष जुपिटर हॉस्पिटल में डॉ. अशोक ठाकुर ने आसाराम का इलाज किया। डॉक्टरों ने उसे आराम करने की सलाह दी है। आसाराम को लेकर अस्पताल के मैनेजमेंट ने किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया है। डॉ. अशोक ठाकुर का कहना है पेशेंट आसाराम की सहमति नहीं होने से कुछ भी जानकारी नहीं दी जा सकती।

**आसाराम को इन शर्तों पर जमानत मिली**



- फॉलोअर्स से नहीं मिलना।
- साधकों से समूह में मुलाकात नहीं।
- मीडिया से बात नहीं करना।
- सार्वजनिक रूप से प्रवचन नहीं करना।
- 3 गार्ड साथ रहेंगे, जिसका खर्चा आसाराम उठाएगा।

गुजरात हाईकोर्ट से मिली राहत

गुजरात और राजस्थान में रेप मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से एक बार फिर राहत मिली है। हाईकोर्ट ने इलाज के लिए आसाराम की अंतरिम जमानत 21 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है। अब आसाराम की ओर से जोधपुर मामले में भी राजस्थान हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत बढ़ाने की अर्जी दाखिल किए जाने की तैयारी है। आसाराम ने कोर्ट में खराब सेहत का हवाला देते हुए तीसरी बार एक महीने की जमानत बढ़ाने की अर्जी दी थी। इसके साथ मेडिकल सर्टिफिकेट भी लगाए गए थे। सरकार ने कोर्ट से इन सर्टिफिकेट की जांच के लिए समय मांगा। कोर्ट ने सरकार को 21 अगस्त तक का समय दिया। इसी अवधि तक आसाराम को भी राहत दी गई।

## एक सितंबर से शुरू हो सकता है मानसून सत्र

**जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव पेश होने की संभावना**

जयपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र एक सितंबर से शुरू हो सकता है। राज्य सरकार ने मानसून सत्र को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह मानसून सत्र कई मायनों में बेहद अहम रहने वाला है। कांग्रेस के पास सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे हैं। वहीं बीजेपी के पास लंबित विधेयकों की लंबी सूची है। इसके अलावा खैरथल-तिजारा जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव भी इसी विधानसभा सत्र में रखा जा सकता है।

सरकार की प्राथमिकता उन विधेयकों को पारित करवाने की भी रहेगी जो बजट सत्र के दौरान पेश किए गए थे लेकिन विरोध के चलते उन्हें प्रवर समिति को भेज दिया गया था। अब मानसून सत्र में ऐसे विधेयक पारित करवाने के लिए सरकार अपना जोर लगाएगी। हालांकि इसके लिए पहले प्रवर समिति की रिपोर्ट विधानसभा में पेश होगी। इनमें राजस्थान कोचिंग सेंटर रेगुलेशन बिल, राजस्थान भू राजस्व संशोधन विधेयक और राजस्थान भूजल प्राधिकरण विधेयक शामिल हैं। संभावना है कि मानसून सत्र में सरकार इन विधेयकों को पारित करवाएगी।

इसके अलावा धर्मांतरण विरोधी बिल को लेकर भी सत्र हंगामें दार रह सकता है। मानसून सत्र में सरकार इस बिल को भी चर्चा के लिए रख सकती है। यह बिल 3 फरवरी को पिछले बजट सत्र में विधानसभा में प्रस्तुत किया गया था लेकिन उस समय चर्चा नहीं हो सकी थी। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की ओर से दिए गए संकेतों के बाद इसे मानसून सत्र में पारित कराने की संभावना जताई जा रही है।

# 15 अगस्त से पहले जैसलमेर बॉर्डर पर जासूसी

*> रेगिस्तान में मिला चाइनीज हाईटेक ड्रोन > बीएसएफ हाई अलर्ट पर*



जैसलमेर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान से लगे इंटरनेशनल बॉर्डर पर 15 अगस्त से पहले बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) हाईअलर्ट पर है। एजेंसी के जवानों ने जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर व श्रीगंगानगर से लगते बॉर्डर पर पेट्रोलिंग भी बढ़ाई है। इस बीच गुरुवार शाम को जैसलमेर के लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों को एक चाइनीज ड्रोन मिला है। सूत्रों के अनुसार ये एक चाइनीज हाईटेक जासूसी ड्रोन है। इसमें एक कैमरा भी लगा है।

**ड्रोन के कंट्रोल को लेकर जांच**

जानकारी के अनुसार जवानों को ड्रोन जैसलमेर के सेक्टर साउथ में मिला था। फिलहाल इसके कंट्रोलिंग को लेकर जांच की जा रही है कि इसे कहां से ऑपरेट किया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान बॉर्डर से लगते इलाकों में ड्रोन अटैक किए थे। इस कारण सिक्योरिटी एजेंसी यहां ड्रोन फ़्लाइंग व अन्य जासूसी उपकरणों को लेकर ज्यादा सतर्क हो गईं हैं। सूत्रों के अनुसार ड्रोन के जरिए जासूसी की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां ड्रोन की रेंज और फीड खंगाल रही है। इसके साथ ही ड्रोन में कौनसा कैमरा और तकनीक थी इसकी भी तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से सीमावर्ती क्षेत्रों में आम नागरिकों द्वारा ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है। इसलिए आशंका है कि ये जासूसी के लिए उड़ाया गया था।

**लोंगेवाला सेक्टर भारत-पाक की युद्ध हिस्ट्री में अहम**

1971 के जिस युद्ध में पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए, उसकी शुरुआत बांग्लादेश से पहले राजस्थान बॉर्डर से हुई थी। पाकिस्तान ने राजस्थान सीमा से हमला किया और उसे लोंगेवाला में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के 2000 सैनिकों के सामने हमारे 120 जवानों ने जमकर मुकाबला किया। एयरफोर्स के 4 हंटर विमानों ने पाकिस्तान के 45 चाइनीज टैंक ब्लास्ट कर दिए थे।

## बुजुर्ग महिला पर चाकू से हमला करके लूट

अजमेर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अजमेर के मांगलियावास थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों ने बुजुर्ग महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया। खेत से घर लौट रही 80 वर्षीय भंवरी देवी को बदमाशों ने चाकू दिखाकर रोका और विरोध करने पर गले पर हमला कर दिया।

बदमाश मादलिया तोड़कर फरार हो गए। पीड़िता के बेटे सुखपाल ने बताया कि उनकी मां भंवरी देवी खेत से घर की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान तीन बाइक सवार बदमाश आए और उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने चाकू निकालकर गले पर रखा और मादलिया छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे भंवरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## राजस्थान में अगले सप्ताह भी कमजोर रहेगा मानसून

**15 अगस्त बाद तेज बारिश की संभावना; पारा 38 डिग्री पर पहुंचा**

जयपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में मानसून की सुस्ती अगले कुछ दिन और रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी दो सप्ताह के पूर्वानुमान में इस बात के संकेत दिए हैं। आगामी सप्ताह मानसून के कमजोर रहने और 15 अगस्त बाद ही एक्टिव होने और कहीं-कहीं तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई है।

मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- अभी मानसून ट्रफ लाइन फिरोजपुर, चंडीगढ़ होते हुए हिमाचल, उत्तराखंड से होकर गुजर रही है। ये अभी कुछ समय और उत्तरी दिशा (अपनी सामान्य स्थिति से अलग) रहने का अनुमान है।

इस कारण राजस्थान में अगले एक सप्ताह और बारिश का दौर कमजोर रहने की संभावना है। 9 से 11 अगस्त के बीच पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि पश्चिमी हिस्सों (जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर संभाग के एरिया) में बारिश होने कम संभावना है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के सभी जगह मौसम शुष्क रहा और धूप रही। जयपुर, अजमेर, को, बीकानेर और जोधपुर संभाग के लगभग सभी जिलों में मौसम साफ रहा। भरतपुर संभाग के जिलों में कल कुल जगह हल्के बादल छाए रहे। भरतपुर में यूपी बॉर्डर के पास डीग एरिया में हल्की बारिश हुई, यहां 20एमएम बरसात दर्ज हुई।

# हाईकोर्ट का सख्त रुख : सांगानेर एसएचओ को हटाने का आदेश

**पुलिस पर मिलीभगत का आरोप**

जयपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर के सांगानेर थाना प्रभारी (एसएचओ) श्रीनिवास को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने छाजूराम द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि एसएचओ ने न केवल डीजीपी के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना की, बल्कि स्टॉम्प एक्ट और इनकम टैक्स एक्ट जैसे महत्वपूर्ण कानूनों के उल्लंघन पर भी आंख मूंद ली।

**कोर्ट की सख्त टिप्पणी: पुलिस अधिकारी नियमों के उल्लंघन पर चुप रहते हैं**

याचिकाकर्ता के अनुसार, विवादित भूमि का बेचान फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किया गया, जिसमें 1.5 करोड़ रुपये का नकद लेनदेन शामिल था। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के गंभीर वित्तीय लेनदेन के बावजूद भी संबंधित थाना अधिकारी ने उचित कार्रवाई नहीं की। न्यायालय ने इस स्थिति को न केवल कानून की अवहेलना बल्कि पुलिस की निष्क्रियता और मिलीभगत का संकेत माना।

**एसएचओ ने स्वीकारा-आरोपी पर दर्ज हैं 12 मुकदमे**

सुनवाई के दौरान खुद एसएचओ कोर्ट में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ 12 मुकदमे दर्ज हैं, हालांकि वे सभी विभिन्न थानों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। अदालत को यह भी बताया गया कि संबंधित मामले में अभी तक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है। राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा पूर्व में जारी एक सर्कुलर के अनुसार, जमीन संबंधी विवादों और वित्तीय लेनदेन के मामलों में पुलिस को स्टॉम्प एक्ट, आयकर अधिनियम और धोखाधड़ी से जुड़े कानूनों के अनुपालन को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। बावजूद इसके, कोर्ट ने पाया कि सांगानेर एसएचओ ने इन निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना की।

**पुलिस पर गंभीर सवाल**

इस प्रकरण ने एक बार फिर राजस्थान पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप हैं कि पुलिस और आरोपी के बीच मिलीभगत हुई, और जानबूझकर मामले को कमजोर करने की कोशिश की गई। कोर्ट के आदेश से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है।

## ठगों ने लूट ली जयपुर के बुजुर्ग की उम्रभर की कमाई

> डिजिटल अरेस्ट कर हड़पे 56 लाख रुपये

जयपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में साइबर ठगों ने एक वृद्ध व्यक्ति से उनके खाते में जमा 56 लाख रुपये डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठग लिए। हैरान कर देने वाले इस मामले में वृद्ध ने एक-एक पैसा इकट्ठा कर अपने दिव्यांग बेटे के भविष्य के लिए जमा किया था। ठगी का सारा पैसा यूपी और तेलंगाना के बैंक खातें में ट्रांसफर हुआ है।

आशंका जताई जा रही है कि यूपी के साइबर ठगों ने खुद को सीबीआई और ईडी का अधिकारी बताकर डरा-धमकाकर राशि अपने खातों में ट्रांसफर करवा ली। यही नहीं, 70 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति को चार दिनों तक डिजिटल तरीके से घर में डिजिटल अरेस्ट में भी रखा। इधर, घटना के बाद पीड़ित के आंसू नहीं रुक रहे हैं। हैरान कर देने वाली यह वारदात राजधानी जयपुर के 70 वर्षीय राजकुमार के साथ हुई, जिन्होंने अपने बुढ़ापे और दिव्यांग बेटे के भविष्य के लिए पेंशन के रूप में बैंक खाते में लाखों रुपये जमा किए थे। इस दौरान साइबर ठगों ने उन्हें सीबीआई और ईडी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉलिंग के जरिए चार दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। ठगों ने उन्हें धमकी दी कि उनके बेटे और उन्हें जेल भेज दिया जाएगा या मार दिया जाएगा।

इस धमकी से डरकर वृद्ध राजकुमार ने ठगों के कहने पर 56 लाख रुपये ठगों के तीन अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित राजकुमार ने बताया कि वह आदित्य बिड़ला ग्रुप में असिस्टेंट मैनेजर पद पर 35 साल तक काम कर चुके हैं। उन्होंने अपने जीवन का एक-एक पैसा जोड़कर यह पेंशन बनाई थी।

**राजस्थान की एसओजी जांच में फर्जी 'डॉक्टर' का खुलासा!**

# 2005 से ड्यूटी कर रहे शंकर लाल मीणा का अब क्या होगा!



बूंदी, 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के बूंदी में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी की दिव्यांगता 40% से कम पाए जाने पर एसओजी ने उन्हें सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। एसओजी ने सरकारी विभागों में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा दिव्यांग नहीं होते हुए भी गलत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाकर सरकारी नौकरी प्राप्त करने का खुलासा किया है।

एसओजी के पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद ने बताया कि एसओजी को विभिन्न स्रोतों से सूचना मिली थी कि पूर्व में विभिन्न सरकारी नौकरियों में कई चयनित अभ्यर्थियों ने दिव्यांग नहीं होते हुए भी गलत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवा लिए और सरकारी नौकरी प्राप्त कर ली। इस पर एसओजी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानीशंकर मीणा के नेतृत्व में जांच दल गठित किया गया। जांच टीम ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विषय विशेषज्ञों का बोर्ड गठित करवाया और दिव्यांग श्रेणी के लोकसेवकों का पुनः मेडिकल परीक्षण करवाया गया। इसमें शहर की मानसरोवर कॉलोनी के देवपुरा निवासी वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकरलाल मीणा की दिव्यांगता की भी जांच करवाई गई। आरपीएससी ने नियमानुसार भर्ती की थी। विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया हुई है। एसओजी ने दिव्यांग प्रमाण-पत्र की जांच करवाई है। मैंने भर्ती प्रक्रिया के दौरान आरपीएससी व विभाग में इसका उपयोग किया ही नहीं। ऐसे में भर्ती नियमानुसार हुई है। मैंने विभाग में साल 2005 में जॉइन किया था। कुछ लोग जानबूझकर शिकायत कर रहे हैं। जांच में उनकी दिव्यांगता 40% से कम पाई गई, जिस कारण उन्हें अयोग्य घोषित किया गया है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म कर जहरीला पदार्थ पिलाया आरोपी ने खुद भी की जान देने की कोशिश, गिरफ्तार

नागौर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। नागौर जिले के थांवला थाना क्षेत्र में 2 अगस्त को अपनी मां के लिए खेत पर टिफिन लेकर जा रही एक किशोरी के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीती दो जुलाई को पीड़िता अपनी मां के लिए टिफिन लेकर खेत जा रही थी, तभी दौलतपुरा निवासी उम्मेदाराम वाल्मीकि ने रास्ते से उसका अपहरण कर लिया।

आरोपी उसे माताजी मंदिर के पीछे बने एक कमरे में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बालिका को मारने की नीयत से उसने जहरीला पदार्थ पिलाया और खुद भी पी लिया। इतना ही नहीं आरोपी ने बालिका के गले में टॉवल से फंदा लगाकर उसे लटका दिया। जब बालिका खेत पर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के लोग भी खोज में जुट गए।

# कोटा से भोपाल यात्रियों के बिना रवाना हुई ट्रेन

### अधिकारी बोले-शॉर्ट नोटिस पर चलाई थी; सोशल मीडिया पर यूजर्स बोले-'कितने पैसेंजर जा पाएंगे?'

कोटा, 8 अगस्त (एजेंसियां)। कोटा रेल मंडल से गुरुवार को कोटा से भोपाल के लिए ट्रेन का संचालन किया गया था। खास बात ये रही कि जानकारी के अभाव में पूरी की पूरी ट्रेन खाली ही भोपाल रवाना हुई।

ट्रेन के वापस आने की जानकारी भी यात्रियों के पास नहीं थी। दरअसल, रेलवे ने आनन-फानन में रवाना की गई इस ट्रेन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए जारी की थी। जिस पर यात्रियों ने चुटकी भी ली। कई यूजर्स ने अपने सोशल अकाउंट पर लिखा- 'सोशल मीडिया पर जानकारी डालने से कितने पैसेंजर आ पाएंगे?' 11 कोच की यह ट्रेन कोटा से रात 11:10 बजे रवाना की गई थी।

**भोपाल में भगदड़ के कारण चलाई थी ट्रेन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन बताया-ये स्पेशल ट्रेन नहीं थी, ये अनरिजर्व्ड की तरह चलाई गई थी। भोपाल में कथा का कार्यक्रम था। भगदड़ के कारण भीड़ ज्यादा थी। शॉर्ट नोटिस पर इमरजेंसी के तौर पर चलाई गई थी। ताकि वहां फंसे हुए लोग वापस सकें। शाम को नोटिफिकेशन मिला था। फिर गाड़ी का एग्जामिन किया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रेन की सूचना डाली। ट्रेन के रवाना होने का 11.10 बजे का टाइम दे रखा था। ट्रेन को अनरिजर्व्डके रूप में चलाया इसलिए ट्रेन की सूचना एनटीईएस पर नहीं डाली गई। ट्रेन को लेकर स्टेशन पर अनाउंस करवाया था। अनरिजर्व्ड वालों का डाटा हमें नहीं मिलता। कोई भी टिकट लेकर बैठ सकता है। ट्रेन आज भोपाल से रवाना होगी। रेलवे ने रात 9 बजे के करीब सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रेन के बारे में जानकारी दी थी। रास्ते में इस ट्रेन का ठहराव रामगंजमंडी, भवानीमंडी, शामगढ़ चोमहला, विक्रमगढ़, आलोट और नागदा भी बताया गया। इस पर सोशल मीडिया यूजर्स ने चुटकी लेना शुरू कर दिया। एक यूजर लाखन सिंह ने लिखा कि , इस ट्रेन को सोशल मीडिया पर डालने से कितने पैसेंजर आ पाएंगे।

## उदयपुर में पति से विवाद,पत्नी ने खुद को आग लगाई

**बचाने गई सास भी जिंदा जली; कमरे में दोनों के कंकाल मिले**

उदयपुर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर में पति से विवाद के बाद पत्नी ने खुद को आग लगा ली। बचाने गई महिला की सास भी जिंदा जल गई। आग पर काबू पाने तक सास-बहू की केवल हड्डियां ही बची थी। घटना बड़गांव थाना क्षेत्र के जिंडोली गांव की रात 10:30 बजे की है। सीआई पूरणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिंडोली निवासी मांगी गमेती (35) और उसके पति गोपीलाल गमेती उर्फ गोपा के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था। आधे घंटे तक दोनों में बहस होती रही। इस बीच, सास पप्पा बाई (65) उनसे समझाइश करती रही, लेकिन उनकी दोनों ने ही नहीं सुनी। सीआई ने बताया-मांगी गुस्सा होकर मकान के सामने ही बाड़े में बने कमरे में चली गई। वहां खुद पर डीजल या केरोसिन डालकर आग लगा दी।

# महिला आईपीएस अधिकारियों ने त्योहारों के सुचारू संचालन का किया नेतृत्व

## स्नेहा मेहरा, रेशमी पेरुमल, एन श्वेता और रक्षिता के.मूर्ति ने संभाली व्यवस्था

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नेतृत्व की एक नई पीढ़ी (जिसमें सभी युवा महिला आईपीएस अधिकारी हैं) ने शहर में हाल ही में बोनालु समारोह और मुहर्रम जुलूस के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए चुपचाप लेकिन दृढ़ता से काम किया है। महिला आईपीएस अधिकारियों का समूह (स्नेहा मेहरा, रेशमी पेरुमल, एन श्वेता और रक्षिता के मूर्ति) प्रभावी कानून प्रवर्तन का चेहरा बनकर उभरी हैं, जिन्होंने शहर भर में प्रभावशाली भूमिकाओं में अपनी क्षमता साबित की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के रूप में हैदराबाद पुलिस के विभिन्न क्षेत्रों और शाखाओं का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों ने शहर के दो सबसे चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील धार्मिक आयोजनों-बोनालु और मुहर्रम के लिए लगभग दोषरहित बंदोबस्त व्यवस्था का आयोजन किया।

उनके कार्य से न केवल उत्सव का निर्बाध संचालन सुनिश्चित हुआ, बल्कि नागरिकों और उनके वरिष्ठों की प्रशंसा भी प्राप्त हुई। बोनालू और मुहर्रम के एक साथ होने से हैदराबाद पुलिस की तैयारी की परीक्षा हुई, विशेषकर पुराने शहर के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों में। दक्षिण क्षेत्र की डीसीपी स्नेहा मेहरा ने ख़ुफ़िया समन्वय पर पैनी नजर और जमीनी तैनाती पर मजबूत पकड़ के साथ काम किया।

उन्होंने चारमीनार, शाहलीबंडा और लाल दरवाजा में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। उत्तरी क्षेत्र की डीसीपी एस. रेशमी पेरुमल ने सिकंदराबाद के घनी आबादी वाले इलाकों में बोनालू जुलूसों के प्रबंधन और साथ ही मुहर्रम के रास्तों की सफाई की अनूठी चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने एक कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किया, जो गतिविधियों का केंद्र था, जहां ड्रोन निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का समन्वय किया जाता था। उन्होंने जुलूसों के दौरान महिलाओं



की सुरक्षा के लिए शी टीम्स का रणनीतिक रूप से इस्तेमाल किया।

जासूसी विभाग की डीसीपी एन श्वेता ने पुराने शहर में मुख्य सड़कों से गुजरने वाले मुहर्रम जुलूस के दौरान बंदोबस्त की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बीच, सीएआर मुख्यालय की डीसीपी, रक्षिता के. मूर्ति ने अंतर-विभागीय समन्वय और सक्रिय जनसंदेश पर ज़ोर दिया।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि महिला पुलिसकर्मियों की बड़ी संख्या में तैनाती हो, जिससे समावेशिता और दृश्यता की भावना को बढ़ावा मिले। कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी बड़ी घटना की रिपोर्ट नहीं होने तथा सभी क्षेत्रों में सकारात्मक सार्वजनिक प्रतिक्रिया के साथ, हैदराबाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन महिला अधिकारियों द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार किया है।

# भारी बारिश से जूझ रहा है तेलंगाना

### मुलुगु में ढह गया पुल

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर के विभिन्न जिलों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नलगोंडा जिले के शालिगोवरम मंडल में चार घंटे के भीतर 13 सेमी बारिश हुई। अरवापल्ली मंडल में गुरुवार रात हुई भारी बारिश के कारण केजीबीवी स्कूल और पशु चिकित्सालय परिसर सहित निचले इलाकों में भीषण बाढ़ आ गई। बाढ़ के कारण जलभराव हो गया, जिससे कस्बे में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। मुलुगु जिले के मल्लमपल्ली मंडल में, हैदराबाद को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर काकतीय नहर पर बने एक पुल का एक हिस्सा भारी बारिश के कारण मिट्टी के कटाव के कारण ढह गया। इस घटना के बाद इलाके में सड़क विस्तार कार्य रोक दिया गया, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने यातायात जाम को कम करने के लिए भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से मोड़ दिया। हैदराबाद मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि क्यूम्यलोनिम्बस बादलों के कारण गुरुवार को दक्षिणी और मध्य तेलंगाना के जिलों में भारी बारिश हुई। पूर्वानुमान के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को भी बारिश जारी रहेगी, और संगारेड्डी, कामारेड्डी, मेदक, राजन्ना सिरसिला, सिद्दीपेट, रंगारेड्डी, जयशंकर भूपलपल्ली और निर्मल जैसे जिलों में, खासकर शाम और रात के समय, भारी बारिश की संभावना है।

# शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स का 100 प्रतिशत धमाका ऑफर सफलता के साथ संपन्न









हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के प्रतिष्ठित शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स द्वारा आयोजित 100 प्रतिशत धमाका ऑफर का समापन एक यादगार और हर्षोल्लास से भरे वातावरण में हुआ। यह ऑफर कई दिनों तक चला और हर दिन ग्राहकों की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि ब्रांड पर लोगों का विश्वास और लगाव कितना गहरा है।

इस विशेष ऑफर के दौरान न केवल शहर के ग्राहकों ने, बल्कि इलकल, सिंदनूर, लातूर, अहमदनगर, औरंगाबाद जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से भी ग्राहक बड़ी संख्या में पधारे। कई परिवार अपने शादी-ब्याह और खास मौकों की खरीदारी के लिए यहां आए और उन्हें यहां की बेहतरीन क्वालिटी, पारदर्शी लेन-देन और नवीनतम डिज़ाइन्स ने खासा प्रभावित किया।

सोने के पारंपरिक व आधुनिक डिज़ाइन्स, हीरे और पोल्की के अद्भुत संग्रह, चांदी की कलात्मक व नवीन रेंज तथा कस्टमाइज़्ड ज्वेलरी की सुविधा इन सभी ने ग्राहकों के दिल जीत लिए। ग्राहकों ने नैकलेस सेट, बैंगल्स, बाजूबंद, बोर, कान के झुमके और आधुनिक डिज़ाइनों के हल्के वजन के आभूषण विशेष रूप से पसंद किए।

प्रबंधन ने इस अवसर पर कहा - हमारे ग्राहकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इस ऑफर की सफलता का श्रेय उन्हीं को जाता है, और हम भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे ही विशेष ऑफर्स लाकर उन्हें सर्वोत्तम सेवा प्रदान करते रहेंगे। इस आयोजन के दौरान शो-रूम का वातावरण लगातार उत्सव जैसा रहा- चमकदार रोशनी, गर्मजोशी भरा स्वागत, और ग्राहकों के चेहरे पर संतोष की मुस्कान ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# प्रशांत रेड्डी ने रेवंत रेड्डी पर लगाया आरोप

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक वेमुला प्रशांत रेड्डी ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और कांग्रेस सरकार पर पिछड़ी जातियों को आरक्षण के नाम पर झूठे वादों और राजनीतिक हथकंडों के ज़रिए धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कामारेड्डी बीसी घोषणापत्र का इस्तेमाल विधानसभा चुनावों के दौरान पिछड़ी जातियों के मतदाताओं को लुभाने के लिए किया गया था, और उसके बाद रोज़ाना खोखली बातें और नाटक किए गए। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया, फिर पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पेश किया, उसके बाद अध्यादेश लाया और अंत में दिल्ली में धरना दिया। अगर कांग्रेस इस मुद्दे के लिए प्रतिबद्ध थी, तो स्थानीय स्तर पर मौजूद राहुल, प्रियंका, सोनिया गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे इस धरने में क्यों नहीं आए? प्रशांत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस पिछड़े वर्गों को 42 प्रतिशत आरक्षण का वादा करके गुमराह कर रही है, जबकि राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने पिछड़े वर्गों से आगामी चुनावों में कांग्रेस को सबक सिखाने का आग्रह करते हुए कहा, रेवंत रेड्डी का कहना है कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण तब मिलेगा जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। क्या आप तब तक स्थानीय निकाय चुनाव रोकेंगे?

# हिंदू टू हिंदू बिज़नेस मीट आयोजित




हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदू टू हिंदू बिज़नेस नेटवर्किंग आदित्य ने सनातनी हिंदू व्यापारियों के लिए एक बिज़नेस मीट का आयोजन किया। यह मीटिंग भाग्यनगर में हिंदू व्यापारियों की मदद और उन्हें बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी।

यह मीटिंग होटल इलायची मिनिस्टर रोड, सिकंदराबाद में आयोजित की गई।

जिसमें मुख्य अतिथि उद्योगपति और समाजसेवी गोपाल बलदवा थे। अध्यक्ष सुजाता नांबियार और सुदेश पाटिल, श्रीकांत रियानी, पंकज वर्मा जैसे अन्य सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाया। यह मीटिंग एच2एच सलाहकार पीके विनोद कुमार के नेतृत्व में हुई।

# प्रभु की हर पल स्मृति रखना ही है सच्ची भक्ति

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर जी ने कहा कि भगवान को चंदन, नारियल, सोना, सिक्के, मिठाईयां और फूल नहीं, हमारे समर्पण भरे भाव चाहिए। विद्यार्थी को परीक्षा में, अमीर को बीमारी में, व्यापारी को घाटे में, गरीब को भूख लगने पर, चोर को पकड़े जाने पर और नेता को चुनाव आने पर भगवान की याद आती है। जब हम उसे केवल संकट में याद करते हैं तब भी वह हमारे संकट हर लेता है काश, हम भगवान को हमेशा याद करना शुरू कर दें हमारे जीवन में संकट आने ही बंद हो जाए। प्रार्थना को संकट की वेला का शस्त्र बताते हुए संतप्रवर ने कहा कि अगर हमारा कोई परिजन संकटग्रस्त हो जाए तो दुखी या बेचेन होने की बजाय उसके लिए प्रभु से दुआ मांगे। सारी दवाएं भले ही निष्फल्ल हो जाए, पर परमार्थ भाव से की गई दुआ अवश्य सफल हो जाती है। प्रभु से प्रार्थना करते समय उनसे अच्छा स्वभाव, मीठी वाणी, मधुर व्यवहार, उदार हाथ, अच्छी सोच, ईमानदारी की रोटी, संकटों को सामना करने की शक्ति और प्राणीमात्र में प्रभु को निहारने की नजरें मांगें। मूर्ति में भगवान को निहारना सरल है, पर प्रभु की सच्ची पूजा तभी होगी जब हम प्राणीमात्र में प्रभु को निहारेंगे।

वे शुक्रवार को यहां एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित प्रभु तक कैसे पहुंचाएं अपनी प्रार्थना विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस ईश्वर ने हमें चौबीस घंटे दिए हैं उन्हें हम चैबीस मिनट अवश्य समर्पित करें। याद रखें, पति को पत्नी का आसरा है और पत्नी को पति का, पर अंत में दोनों को अगर किसी का आसरा है तो प्रभु का ही आसरा है। वह सुख में हमारे साथ रहता है, पर दुख में हमें अपनी गोदी में उठा लेता है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे तेज रफ्तार प्रार्थना की है वह दिल से जुबान तक पहुंचे उससे पहले तो वह भगवान तक पहुंच जाती है। उनके दिन भी धन्य हैं और रातें भी, जिनकी आंखें हर सुबह मंदिर के घंट नाद के साथ खुलती हैं और जो शयन से पूर्व प्रभु की दिव्य वाणी का पठन श्रवण या मनन करते हैं। उनकी प्रार्थना की तो क्या किया जिसका निर्माण हमने किया प्रार्थना हो उसकी जिसने हमारा निर्माण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर परमात्मा की प्रार्थना करने का पवित्र घर है वहां की शांति स्वच्छता और सौम्यता हृदय को अनायास सुकून देती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य से प्रेम प्रेम का पहला चरण है, पशु पक्षियों से प्रेम प्रेम का विस्तार है, पेड़ पौधे नदी नाले और चांद सितारों से प्रेम प्रेम की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि प्रेम खुद परमात्मा है परमात्मा प्रेम रूप है। मनुष्य का परमात्मा से प्रेम पूजा और प्रार्थना है परमात्मा का मनुष्य से प्रेम प्रसाद और आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि हम अपना हर कार्य इस तरह संपादित करें कि जिससे हमारा हर कर्म परमात्मा को अर्पित किया जाने वाला पवित्र अर्घ्य बन जाए। भगवान की हर पल स्मृति रखना ही सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

# केसरियां कंवरजी मंदिर का ग्यारहवां प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 17 को

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नेरेडमेट स्थित जे.जे.नगर के केसरियां कंवर मंदिर का भव्य ग्यारहवां प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार 16 अगस्त जागरण व रविवार 17 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर, अभिषेक व महाप्रसादी कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुजारी पारसमल प्रजापति ने बताया कि हर वर्ष की भांति जे.जे.नगर स्थित श्री केसरिया कंवर के मंदिर का ग्यारहवां प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 16 व 17 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। 16 अगस्त को प्रात: वेला मे मंदिर को भव्य रूप से लाइटिंग व फूलों से सजाकर केसरिया कंवरजी का श्रृंगारकर रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमे अमराराम सोनाराम एंड पार्टी केसरियां कंवरजी के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। 17 अगस्त को प्रात: 4.15 बजे अभिषेक, पूजा-अर्चना, ज्योत



प्रज्वलन व महाआरती का कार्यक्रम भक्तों के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। भक्तों द्वारा केसरियां कंवरजी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए पुजा-अर्चना की जाएगी।

पधारे भक्तों के लिए प्रात: 11.15 बजे से 4 बजे तक महाप्रसादी का आयोजन कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। कार्यक्रम में केसरियां कंवर मंदिर के समस्त सदस्यगण अपनी सेवाएं देंगे। पुजारी पारसमल प्रजापति ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि दान-पुण्यकर, उपरोक्त कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर भजनों, दर्शन व महाप्रसादी का लाभ लेवे।

# रेलवे ट्रैक के पास 69 वर्षीय व्यक्ति ने कर ली आत्महत्या

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार रात मलकाजगिरी और कैवलरी बैरक के बीच रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन के सामने गिरकर 69 वर्षीय एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पीड़ित की पहचान वनस्थलीपुरम के व्यापारी जी ब्रह्मैया के रूप में हुई है, जो गंभीर वित्तीय तनाव और ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण परेशान था। राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि ब्रह्मैया ने रात करीब आठ बजे तेज गति से आ रही एक यात्री ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली। मामले की जांच पड़ताल चल रही है।

# एसयूडीए ने मास्टर प्लान अधिसूचित किया

## संशोधनों की आवश्यकता के कारण अधिसूचना में हुई देरी

खम्मम, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्तंभाद्री शहरी विकास प्राधिकरण (एसयूडीए) ने बुधवार (6 अगस्त) को अपने ड्राफ्ट मास्टर प्लान को अधिसूचित किया और अधिसूचना के 90 दिनों के भीतर जनता से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित कीं।

हालांकि, अधिसूचित मास्टर प्लान, जो 571.83 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है, में हाल ही में विस्तारित एसयूडीए सीमा को शामिल नहीं किया गया है। यह खम्मम नगर निगम (केएमसी) और निगम के आसपास के वायरा, खम्मम ग्रामीण, कुसुमांची, मुदिगोंडा, चिंताकानी, रघुनातपालम और कोनिजेरला मंडलों के 45 राजस्व गांवों तक ही सीमित है।

स्मरणीय है कि पिछली बीआरएस सरकार ने क्षितिज वर्ष 2041 के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित मास्टर प्लान तैयार करने के लिए नवंबर 2019 में एक परियोजना शुरू की थी।

यह परियोजना बेंगलुरू स्थित सेंटर फॉर सिम्बायोसिस ऑफ टेक्नोलॉजी, एनवायरनमेंट एंड मैनेजमेंट (एसटीईएम) द्वारा आरवी एसोसिएट्स, हैदराबाद के साथ मिलकर शुरू की गई थी। अगले 20 वर्षों के लिए एसयूडीए की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु जीआईएस आधार मानचित्रों का विश्लेषण करने के बाद, मास्टर प्लान का मसौदा नवंबर 2021 में पूरा हो गया। हालांकि, संशोधनों की आवश्यकता के कारण अधिसूचना में देरी हुई।

इस बीच, राज्य सरकार बदल गई। अक्टूबर में, कांग्रेस सरकार ने सरकारी आदेश संख्या 185 जारी किया, जिसमें एसयूडीए की सीमा का विस्तार करते हुए मधिरा और सथुपल्ली नगर पालिकाओं और 279 गांवों (एजेंसी गांवों को छोड़कर) को शामिल कर दिया गया और उन्हें 'विकास क्षेत्र' का हिस्सा घोषित कर दिया गया। पूर्व एसयूडीए अध्यक्ष बच्चू विजय कुमार ने एसयूडीए की सीमाओं के विस्तार के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया, जबकि सरकार पहले से मौजूद ड्राफ्ट मास्टर प्लान को अधिसूचित करने का इरादा रखती है।

उन्होंने जिला मंत्री भट्टी विक्रमार्क, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और तुम्मला नागेश्वर राव से जीओ नंबर 185 के तहत जोड़े गए क्षेत्रों के लिए विकास योजनाओं को स्पष्ट करने का आग्रह किया। अधिकारियों ने बताया कि अधिसूचित मास्टर प्लान 2050 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि अधिसूचना प्रक्रिया एसयूडीए के शासी निकाय की अनुपस्थिति में हो रही है, जिसे 2023 में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने भंग कर दिया था।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## 'ओबीसी के लिए ...

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के नियमों के मुताबिक इस सीमा की समीक्षा हर तीन साल में या जरूरत पड़ने पर उससे पहले की जानी चाहिए। समिति के अध्यक्ष बीजेपी सांसद गणेश सिंह ने कहा, मौजूदा सीमा बहुत कम है, जिससे केवल ओबीसी का एक छोटा वर्ग ही कवर हो रहा है। समिति ने आगे कहा कि महंगाई और निचले आय वर्गों की बढ़ती आमदनी को देखते हुए सीमा बढ़ाना अब समय की मांग बन चुका है।

रिपोर्ट में कहा गया, समिति जानती है कि ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर की आय सीमा हर तीन साल में या उससे पहले भी बदली जानी चाहिए। लेकिन 2017 के बाद से इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। समिति ने स्पष्ट शब्दों में दोहराया कि मौजूदा सीमा की समीक्षा कर उसे बढ़ाया जाए, ताकि ओबीसी समुदाय के ज्यादा से ज्यादा लोग इसके दायरे में आ सकें और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके। हालांकि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने समिति को बताया कि इस सीमा को संशोधित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

रिपोर्ट में एक और अहम मुद्दा स्वायत्त संस्थाओं और सरकारी पदों के बीच पद-समकक्षता का अभाव का भी उठाया गया। समिति ने कहा कि इस कारण कई योग्य ओबीसी उम्मीदवार, यहां तक कि संघ लोकसेवा परीक्षा पास करने वाले भी, सेवा आवंटन से वंचित रह गए, क्योंकि उनके माता-पिता के वेतन का आकलन करते समय पद-समकक्षता को नहीं माना गया।

## अयोध्या में दिखेंगे ...

कुंड के आसपास हरियाली और लैंडस्केपिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टॉयलेट ब्लॉक, सिक्योरिटी केबिन, सेपटीक टैंक, आर्क, सीसी रोड चाहरदिवारी व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है, जबकि रेन वाटर हार्वेस्टिंग व आरसीसी रिटेनिंग वाल का कार्य पूरा हो चुका है।

अयोध्या में सरकार ने सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर की भारी भरकम वीणा नया घाट चौराहे पर लगवाकर उन्हें नमन किया है। ठीक इसी तरीके से अब तीन सांगीतज्ञ की मूर्तियां लगने जा रहीं हैं। इनमें दक्षिण भारत के भक्ति गीतों के महान संगीतकार त्यागराज स्वामीगल (1767-1847), पुरंदर दास (1484-1564) व अरुणाचल कवि (1711-1779) की मूर्तियां प्रस्तावित हैं, जिनकी स्थापना के लिए 3 फाउन्डेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है। मूर्तियों का 10 दिन में परियोजना पर आना प्रस्तावित है।

राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया की परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है। दो वर्ष पहले कार्य शुरू हुआ था। बृहस्पति कुंड के जीर्णोद्धार से पहले ही सूर्य कुंड और भरत कुंड जैसे स्थलों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है, जो अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं।


दक्षिण मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.एलजीडी/एल/06/2025-26/ओटी, दि.2-8-2025

PUB/0954

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीइइ/एलजीडीएस द्वारा तत्संबंधित निविदा सं.एलजीडी/एल/06/2025-26/ओटी, ई-टेंडर -बंद करने की तिथि 2-9-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित बंद करने की तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में कोई भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसपर कतई विचार किया जायेगा।

ठेकेदारों या कान्ट्रैक्टर्स को यह अनुमति दी जाती है कि, वे, इस निविदा से जुडी पूर्व धरोहर राशि-पूधरा (बोली सुरक्षा राशि) को, ई-पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से जमा करें या इसे, भारत के किसी भी शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक से बैंक गारण्टी के रूप में प्रस्तुत करें या इसे निविदा दस्तावेज में विवरित निर्देशानुसार प्रस्तुत करें। तत्संबंधित बैंक गारण्टी बान्ड, बोली वैध अवधि से परे, 60 दिनों तक वैध होना चाहिए। मूल बैंक गारण्टी को, बोली की प्रस्तुति की तय तिथि के 5 कार्यालयीन दिनों के भीतर, निविदा दस्तावेज के निर्देशानुसार, नामित अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत तौर पर, डिलीवर करना होगा। तत्संबंधित निर्धारित अवधि के भीतर, ई-टेंडरिंग पोर्टल (आयआरइपीएस) पर बोली सहित बी.जी. की स्कैन्ड कापी की अप्रस्तुति अथवा मूल बी.जी. की अप्रस्तुति पर, बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जायेगा।

क्रम सं. 1, निविदा सं.एलजीडी/एल/06/2025-26/ओटी, कार्य विवरणः कैरेज वर्कशाप, लालागुडा पर अपग्रेडेशन /रखरखाव सुविधाओं का विकास कार्य (बिजली कार्य), विज्ञापित मूल्यः रु.1,69,99,360.00 (रु.एक करोड, उनहत्तर लाख, निन्यानवे हजार, तीनसौ साठ मात्र), बोली सुरक्षा राशिःरु.2,35,000.00, कार्य पूरा करने की अवधिः स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से लेकर 12 महिने, बंद करने की तिथिः 2-9-2025 के 15.00 बजे

संपूर्ण निविदा विवरण देखने का नोटिस बोर्ड स्थानः उप मुख्य बिजली अभियंता का कार्यालय, कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद-500017

अधिक जानकारी हेतु हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

उप मुख्य बिजली अभियंता/सीडब्ल्यूएस/एलजीडी/ सिकंदराबाद

निविदा सूचना सं. 09-सीडब्ल्यूएमएलजीडीएस-इटी-2025-26, दि.5-8-2025

PUB/0955

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, सीडब्ल्यूएम/एलजीडीएस द्वारा तत्संबंधित निविदा **सं.09-सीडब्ल्यूएमएलजीडीएस-इटी-2025-26, बंद करने की तिथि 28-8-2025 के 11.00 बजे तक** ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित बंद करने की तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा इस मामले में कोई भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसपर कतई विचार किया जायेगा।

ठेकेदारों या कान्ट्रैक्टर्स को यह अनुमति दी जाती है कि, वे, इस निविदा से जुडी निविदा दस्तावेज मूल्य तथा पूर्व धरोहर राशि-पूधरा को, आयआरइपीएस पोर्टल पर उपलब्ध, केवल आनलाइन पेमेन्ट पध्दतियों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, कार्ड, आदि के माध्यम से जमा करें। इस मामले में डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रिसीप्ट्स, एफडीआर आदि मैन्युएल पेमेन्ट्स अस्वीकार किया जायेगा।

क्रम सं. 1, निविदा सं.09-सीडब्ल्यूएमएलजीडीएस-इटी-2025-26, दि.5-8-2025, कार्य विवरणः कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद पर, स्क्रैपिंग, क्लीनींग तथा अण्डरफ्रेम की पेंटिंग व कोचेस की इंटरीयर पेन्टिंग कार्य। अनुमानित मूल्यः रु.1,79,65,465.73 (रु.एक करोड, नवासी लाख, पैंसठ हजार, चारसौ पैंसठ व तिरहत्तर पैसे मात्र), बोली सुरक्षा राशिःरु.2,39,800.00 (रु.दो लाख उनचालीस लाख आठसौ मात्र), कार्य पूरा करने की अवधिः 24 महिने, बंद करने की तिथिः 28-8-2025 के 11.00 बजे

संपूर्ण निविदा विवरण देखने का नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद-500017

अधिक जानकारी हेतु हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

A1180 चीफ वर्कशाप मैनेजर /सीडब्ल्यूएस/एलजीडी/ सिकंदराबाद

निविदा शर्तों/तत्संबंधित अधिक जानकारी व निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।



दक्षिण मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. जीएनटी/एसजी/36/343, दि.4-8-2025

PUB/0950

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.26-08-2025 के 16.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

आयडी नं.344, कार्य विवरणः गुण्टूर डिवीजन के एनआरडीपी-वीएलजी के बीच एलसी नं. 13@ किमी 27/3-4 पर मिड-सेक्शन एलसी गेट का प्रस्तावित इन्टरलाकिंग कार्य। विज्ञापित निविदा मूल्य रु.63,57,588.60, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली-सुरक्षा राशि रु.1,27,200.00, निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य

.यदि निविदाएं खोलने की तिथि को, तदनंतर छुट्टी घोषित होती है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस पर तत्संबंधित निर्धारित तिथि पर खोला जायेगा।

ई-बोलियों या ई-बिड्स की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 26-08-2025 के 16.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

अधिक संचार/शुध्दिपत्रों को केवल ई-पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/गुण्टूर

ई-निविदा सूचना सं. 470/डीआरएम/डब्ल्यू/ जीएनटी

PUB/0951

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.4-9-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, टेंडर आयडीः2804, सीनि. डीइएम/डीइएमः को-आर्ड., कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन- 5 वर्षों के लिए, (इलेक्ट्रानिक टाइप) एजेंसी (केवल आरडीएसओ से अनुमोदित फर्म) द्वारा तत्संबंधित आपूर्ति, इंस्टाल्लेशन, कमीशनींग तथा कर्व्ज पर ट्रैक माउण्टेड आटोमेटिक गेज फेस लुब्रिकेटर्स का रखरखाव कार्य-164 नग। अनुमानित मूल्यःरु.22,41,85,442.00, बोली सुरक्षा राशि रु.12,70,900.00

ई-बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 4-9-2025 के 15.30 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर लागआन करें।

अधिक संचार/शुध्दिपत्रों को केवल ई-पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

विभागीय रेल प्रबंधक(कार्य) /गुण्टूर

निविदा सूचना सं.17-2025-26 एसआर_डीइइ टीआर _एचवायबी, दि.6-8-2025

PUB/0952

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए, एसआर.डीइइ /टीआर /एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निविदा सं. 17-2025-26_एसआर_डीइइ _टीआर _एचवायबी, दि.6-8-2025, बंद करने की तिथिः 28-08-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल/संशोधित बोलियों को, केवल तत्संबंधित बंद करने की तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के मामले में, भौतिक या मैन्युएल आफर की प्राप्ति पर, उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरणःनिविदा सं.17-2025-26 _एसआर_डीइइ _टीआर _एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः एमबीएनआर-जीडब्ल्यूडी, जीडब्ल्यूडी-डीएचएनइ एवं एमओबी-एमयुइ सेक्शन में एससीएडीए सिस्टम्स के लिए, साइबर सेक्युरिटी फीचर का प्रावधान। अनुमानित मूल्यःरु. 1,93,93,080.00, पूर्व धरोहर राशि रु.2,47,000.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 06 महिने, बंद करने की तिथिः 28.-08.2025

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एस.आरडीडीइ/टीआर/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

अधिक जानकारी हेतु हमारा वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

A1178 वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता(ट्रैक्शन)/सिकंदराबा

निविदा शर्तों/तत्संबंधित अधिक जानकारी व निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

# भारत अब वेस्टइंडीज-साउथ अफ्रीका से टेस्ट खेलेगा

## > दोनों से 4 मैच, सभी जीते तो डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में आने का मौका

स्पोर्ट्स डेस्क, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पॉइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है।




**ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें**

डब्ल्यूटीसी का नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। 3 टेस्ट जीत से 100% पॉइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रॉ से 67% पॉइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला।

**सीरीज ड्रॉ तो भारत को इंग्लैंड से ज्यादा पॉइंट्स क्यों?**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला ड्रॉ रहा। एक जीत से 12 पॉइंट्स और 1 ड्रॉ से 4 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पॉइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पॉइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पॉइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

**भारत अब अक्टूबर में सीरीज खेलेगा**

डब्ल्यूटीसी के एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी।

होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पॉइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70% पॉइंट्स के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67% पॉइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रॉ रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे।

**अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज**

2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी।

भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर इंग्लैंड में मैच के दौरान गिरफ्तार

## रेप का आरोप, बाद में जमानत मिली; पीसीबी ने प्लेयर को सस्पेंड किया

लाहोर, 8 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के युवा बैटर हैदर अली को इंग्लैंड में रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला 3 अगस्त का है, जानकारी अब सामने आई है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक 24 साल के बल्लेबाज हैदर पाकिस्तान ए टीम (पाकिस्तान शाहीन) का हिस्सा हैं।




3 अगस्त को वह कैंटरबरी मैदान में एमसीएसएसी (मेलबर्न क्रिकेट क्लब की टीम) के खिलाफ मैच खेल रहे थे। तभी ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस उन्हें मैदान से ही गिरफ्तार करके ले गई।

बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है ताकि वे देश से बाहर न जा सकें। इस घटना के सामने आने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हैदर अली को फिलहाल सस्पेंड कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'हैदर पर रेप का आरोप लगाने वाली लड़की पाकिस्तानी मूल की है।

**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हैदर को कानूनी मदद देगा**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमें गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। हैदर को जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है, और हम यूके में अपनी जांच करेंगे। बोर्ड इस मुश्किल समय में हैदर की कानूनी मदद करेगा।'

**पाकिस्तान ए टीम 17 जुलाई से 6 अगस्त तक यूके दौरे पर थी**

पाकिस्तान ए टीम 17 जुलाई से 6 अगस्त तक यूके के दौरे पर थे और उन्होंने दो तीन-दिवसीय मैच खेले, दोनों ड्रॉ रहे। वहीं तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से जीती। कप्तान सऊद शकील और हैदर को छोड़कर ज्यादातर खिलाड़ी बुधवार को यूके से लौट आए। सऊद शकील निजी कारणों से दुबई में रुके हुए हैं।

**पाकिस्तान के लिए 2 वनडे और 35 टी-20 खेले हैं**

हैदर अली को एक समय पाकिस्तान क्रिकेट का उभरता सितारा माना जाता था। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 2 वनडे और 35 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हैदर ने 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था, जहां भारत के यशस्वी जायसवाल के साथ उन्हें पाकिस्तान के सबसे होनहार खिलाड़ियों में गिना गया था।

# राष्ट्रमंडल खेल टीम ने गुजरात के खेल राज्य मंत्री से मुलाकात की

## 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद

अहमदाबाद, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की आकांक्षा के बीच राष्ट्रमंडल खेल की एक टीम ने इसके निदेशक (खेल) डेरेन हाल की अगुवाई में गुजरात के खेल राज्य मंत्री हर्ष सांघवी से मुलाकात की। राष्ट्रमंडल खेल की टीम तीन दिन से अहमदाबाद में थी और विभिन्न स्टेडियमों का दौरा किया। इसके साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र पहले ही जमा कर दिया है।

तीन दिन पहले राष्ट्रमंडल खेल (पूर्व नाम राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) की टीम अहमदाबाद पहुंची थी। भारत को अगर मेजबानी मिलती है तो खेल इसी शहर में होंगे। सांघवी ने एक्स पर लिखा, 'डेरेन हाल ( निदेशक खेल, राष्ट्रमंडल खेल), क्रिस्टियन नेपियर ( निदेशक एआई, उटाह स्टेट) और आईओए के सीनियर अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ( सेवानिवृत) से राष्ट्रमंडल यूनियन के भविष्य पर बात की।'

सूत्रों ने बताया कि हाल और उनकी टीम अहमदाबाद में विभिन्न वेन्यू का दौरा करने आई थी और राज्य सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। कनाडा के पिछले महीने दौड़ से हटने के बाद भारत को मेजबानी मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। मेजबन का फैसला नवंबर के आखिरी सप्ताह में ग्लास्गो में लिया जाएगा।

# पुरुष एकल में अमेरिका के बेन शेल्टन बने चैंपियन

## > महिलाओं में विक्टोरिया एमबोको को खिताब

टोरंटो, 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया।





चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

**एमबोको ने अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता**

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

# इंग्लैंड में हिट रहे गिल-राहुल

## > गावस्कर-द्रविड़ की खास सूची में शामिल

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच हाल ही में खत्म हुई टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर रही। इस सीरीज में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। जहां इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में पहला और लॉड्र्स में तीसरा टेस्ट जीता, वहीं भारत ने एजबेस्टन में दूसरा और फिर ओवल में पांचवां और आखिरी टेस्ट जीतकर हिसाब बराबर किया। टीम इंडिया के लिए वैसे तो इस सीरीज में कई सुपरस्टार रहे, लेकिन दो बल्लेबाजों ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया और इनके नाम कई रिकॉड्र्स भी दर्ज हुए। ये बल्लेबाज हैं- भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल। दोनों ने इंग्लैंड की सरजमीं पर अपनी बल्लेबाजी से सभी का मन मोह लिया। गिल और राहुल इसी के साथ महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ की खास सूची में भी शामिल हुए। वहीं, केएल राहुल इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा बने हैं।

**गिल और राहुल खास सूची में शामिल**

दरअसल, गिल और राहुल उन भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 1000 से ज्यादा गेंदें खेलीं। गिल ने इस सीरीज में 10 पारियों में 1150 गेंदें और राहुल ने 10 पारियों में 1066 गेंदें खेलीं। गिल ने इस दौरान 75.4 की औसत से 754 रन और केएल ने 53.20 की औसत से 532 रन बनाए। इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा गेंद खेलने का रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम है। उन्होंने साल 2002 में 1336 गेंदें खेली थीं। वहीं, सुनील गावस्कर 1199 गेंदों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# 'गंभीर ने वादा किया था' अभिमन्यु ईश्वरन के पिता का खुलासा

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन के पिता रंगनाथ ईश्वरन ने इंग्लैंड दौरे पर बेटे को नजरअंदाज करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उनके बेटे को मौका देने का आश्वासन दिया था। बता दें कि, दाएं हाथ के बल्लेबाज को अब तक भारत के लिए डेब्यू का मौका नहीं मिला है। 2022 में बांग्लादेश दौरे पर अभिमन्यु को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें प्लेइंग 11 में मौका नहीं मिला।

**'गंभीर ने किया था मौका देने का वादा'**


रंगनाथन ईश्वरन ने उनके बेटे अभिमन्यु की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 29 वर्षीय बल्लेबाज को आश्वासन दिया था कि उन्हें जल्द ही मौका मिलेगा। रंगनाथन ने विक्की लालवानी के साथ इंटरव्यू में कहा, 'गौतम गंभीर ने जब मेरे बेटे से बात की तो उन्होंने उसे भरोसा दिलाया कि देखो, तुम सही काम कर रहे हो, तुम्हें अपनी बारी जरूर मिलेगी, तुम्हें लंबे समय तक खेलने का मौका मिलेगा। मैं वो नहीं हूं जो तुम्हें एक-दो मैच के बाद बाहर कर दूं। मैं तुम्हें लंबा मौका दूंगा। मेरे बेटे ने मुझे यही बताया। पूरी कोचिंग टीम ने उसे भरोसा दिलाया कि उसे उसका हक मिलेगा, उसे लंबे समय तक खेलने का मौका मिलेगा। मैं बस इतना ही कह सकता हूं। मेरा बेटा 4 साल से इंतजार कर रहा है, उसने 23 साल कड़ी मेहनत की है।'

अभिमन्यु को 2022 में बांग्लादेश दौरे पर टेस्ट टीम में चुना गया था। इसके बाद से वह कई दौरों पर टीम इंडिया का हिस्सा रहे हैं, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने उन्हें अब तक डेब्यू के लायक नहीं समझा है। उनके सामने 15 खिलाड़ियों का टेस्ट डेब्यू हो चुका है। इनमें केएस भरत, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, देवदत्त पडिक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, साई सुदर्शन और अंशुल कंबोज शामिल हैं। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए दो खिलाड़ियों ने डेब्यू किया था। इनमें साई सुदर्शन और अंशुल कंबोज शामिल हैं। अभिमन्यु के पिता रंगनाथन का मानना है कि उनके बेटे को साई सुदर्शन की जगह मौका मिलना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा, 'उसे वन डाउन नीचे खेलना चाहिए था। साई सुदर्शन के लिए कोई बुरी भावना नहीं है। कृपया समझें कि मैं उसे जानता हूं, सभी मुझे जानते हैं। लेकिन सवाल यह है कि कौन सी जगह, यानी एक रन नीचे। वह कहां फिट बैठता है? आप मुझे बताइए 0, 31, 0, 61... वे अभिमन्यु को आजमा सकते थे, जिन्होंने ईडन गार्डन पर लगभग 30% मैच खेले हैं, जहां ग्रीन पिच होती है। उन्हें ग्रीन विकेट पर खेलने का अनुभव है। और रिकॉर्ड बताते हैं कि अभिमन्यु वह खिलाड़ी है जो लंबे समय तक पारी को संभाल सकता है।' रंगनाथन ने यह भी कहा कि टीम प्रबंधन ने अभिमन्यु के साथ अनुचित व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि करुण नायर को तीसरे नंबर खेलने का मौका मिला जबकि उनके बेटे को नजरअंदाज किया गया। रंगनाथन ने आगे कहा, 'करुण नायर कभी भी वन डाउन नहीं खेले। वह विदर्भ के लिए हमेशा नंबर दो या नंबर थ्री पर ही खेले हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम में दो भारतीय को जगह

## भारत के खिलाफ ही तीन वनडे और दो यूथ टेस्ट की सीरीज

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की अंडर-19 टीम अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी। 21 सितंबर से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज की शुरुआत होगी।





इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा कर दी गई है। तीन यूथ वनडे मैच 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाएंगे। इसके बाद दो यूथ टेस्ट भी होंगे। पहला टेस्ट मैच 30 सितंबर से इसी मैदान पर खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से मैके में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसमें विक्टोरिया के आर्यन शर्मा और न्यू साउथ वेल्स के यश देशमुख शामिल हैं। आर्यन प्रमुख बल्लेबाज हैं तो देशमुख ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं। वहीं इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में स्टार बल्लेबाज ओलिवर पीक शामिल नहीं होंगे, क्योंकि वह आस्ट्रेलिया ए टीम के साथ दौरे पर होंगे।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच टिम नीलसन भारत के खिलाफ आगामी सीरीज से पहले आस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के कोच का पदभार संभालेंगे। विश्व कप को देखते हुए यह फैसला किया गया है। 57 साल के नीलसन 2007 से 2011 के बीच ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कोच थे। उससे पहले वह जॉन बुकानन के असिस्टेंट की भूमिका निभा रहे थे।

# रविचंद्रन अश्विन चेन्नई से अलग हो सकते हैं

## > संजू की राजस्थान से ट्रेड या रिलीज की मांग > सीएसके, केकेआर दिखा रही हैं रुचि



स्पोर्ट्स डेस्क, 8 अगस्त (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलने वाले रविचंद्रन अश्विन फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में चेन्नई में सीएसके के बड़े अधिकारी और खिलाड़ी, जिनमें एम.एस. धोनी और ऋतुराज गायकवाड़ के बीच हुई मीटिंग के बाद से यह बात सामने आ रही हैं।

वहीं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन आईपीएल 2026 में किसी दूसरी टीम से खेलते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 30 साल के क्रिकेटर ने फ्रेंचाइजी से आईपीएल 2026 नीलामी से पहले उन्हें ट्रेड या रिलीज करने का अनुरोध किया हैं। संजू आईपीएल इतिहास में आरआर के सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं।

**संजू ने राजस्थान के लिए 155 मैच खेले**

संजू 2015 में कोलकाता नाइट राइडर्स से रिलीज होकर राजस्थान से जुड़े थे और तब से इस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन चुके हैं। सिर्फ 2016 और 2017 में टीम के निलंबन के दौरान नहीं खेले। उन्होंने राजस्थान की ओर से 149 मैच खेले और 4027 रन बनाए हैं। वह राजस्थान की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले और सबसे सफल कप्तान भी हैं।

**सीएसके, केकेआर और डीसी दिखा रही हैं रुचि**

संजू को अपने साथ जोड़ने के लिए सीएसके, केकेआर और डीसी रुचि दिखा रही हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स सैमसन को अपनी टीम में शामिल करना चाहती है। 2025 के खत्म होने के बाद से ही सैमसन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में सीएसके मैनेजमेंट और उनके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग से मुलाकात भी की। समझा जाता है कि चेन्नई 30 साल के खिलाड़ी को ट्रेड डील के जरिए चेपॉक लाने के लिए तैयार है। इसे लेकर रुकावट आ रही है, क्योंकि राजस्थान चेन्नई से दो खिलाड़ियों के आदान-प्रदान को प्राथमिकता दे रहा है।




# अंडर 19 एशियाई चैंपियनशिप में पांच पदक पक्के

## पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में

बैंकॉक, 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पांच पुरूष मुक्केबाज भी अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में अपने-अपने भारवर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे उनका पदक पक्का हो गया है। शिवम (55 किलो ), मौसम सुहाग (65 किलो ), राहुल कुंडू (75 किलो), गौरव (85 किलो) और हेमंत सांगवान (90 किलो ) ने अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले सात महिला मुक्केबाज भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप साथ में हो रही है। भारत के अंडर 22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के हो गए हैं। शिवम ने उजबेकिस्तान के अब्दुलअजीज अब्दुनाजारोव को 5-0 से हराया, जबकि मौसम ने किर्गीस्तान के मुखम्मद अलीमबेकोव को 3-2 से मात दी। राहुल ने दक्षिण कोरिया के ऊंजो जियोंग को हराया जब रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। गौरव ने चीनी ताइपै के कुआंग याओ चेंग को मात दी। हेमंत ने उजबेकिस्तान के मुहम्मदरिजो सिद्दीकोव को हराया। कृष हालांकि 90 प्लस वर्ग में ईरान के अब्बास घर्शास्बी से हार गए।



# बीआरएस नेताओं ने डबल बेडरूम आवास योजना के नाम पर गरीबों का शोषण किया : पोंगुलेटी



वारंगल, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व एवं आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान, बीआरएस नेताओं ने छह साल से भी ज्यादा समय तक डबल बेडरूम आवास देने के नाम पर अवैध रूप से धन उगाही करके गरीबों का शोषण किया। मंत्री ने कहा कि वादा किए गए ये आवास दो चुनाव चक्रों के दौरान किसी को नहीं दिए गए और उन्हीं बीआरएस नेताओं ने तीसरी बार जनता को धोखा देने की कोशिश की।

हालांकि, जनता ने चुनावों में उन्हें निर्णायक रूप से हराकर जवाब दिया। पोंगुलेटी ने वारंगल जिले के बालसमुद्रम क्षेत्र में 592 लाभार्थियों को डबल बेडरूम आवास सौंपे और गृह प्रवेश समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने ज़ोर देकर कहा कि लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ, राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना, यह सुनिश्चित करते हुए की गई कि पात्र व्यक्तियों को ही आवंटन किया जाए। उन्होंने आगे दावा किया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में, आवास आवंटन मुख्य रूप से पार्टी से जुड़े लोगों और चुनिंदा सरकारी कर्मचारियों को दिए गए थे। पोंगुलेटी ने कहा कि राज्य सरकार न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को, बल्कि शहरी गरीबों को भी आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने पिछली बीआरएस सरकार पर कालेश्वरम परियोजना के नाम पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि हज़ारों करोड़ रुपये केसीआर परिवार के पास गए हैं। उन्होंने दोहराया कि तेलंगाना देश का पहला राज्य है जिसने पिछड़ी जातियों की जनगणना की है और आने वाले दिनों में 42 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के लिए कोटा लागू किया जाएगा। विधायक नयिनी राजेंद्र रेड्डी और नागराजू, महापौर गुंडू सुधारानी और अन्य उपस्थित थे।

# घोष आयोग ने केसीआर पर प्रक्रियागत चूक का लगाया आरोप

## आरोप लगाने वालों से जिरह करने का नया और अंतिम अवसर



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। न्यायमूर्ति पीसी घोष आयोग ने स्वयं एक गंभीर प्रक्रियागत उल्लंघन किया है। इससे न केवल आयोग के निष्कर्षों की विश्वसनीयता और कानूनी स्थिति कमजोर होगी, बल्कि कांग्रेस सरकार के लिए राजनीतिक रूप से भी प्रतिकूल साबित होगी।

चंद्रशेखर राव, पूर्व मंत्री टी हरीश राव और ईटेला राजेंद्र के साथ-साथ कई अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के बाद, आयोग जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 8 (बी) के तहत अनिवार्य नोटिस जारी करने में विफल रहा। हालांकि वे आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और सवालों के जवाब दिए, लेकिन आयोग द्वारा उन्हें दोषी ठहराए जाने के बाद, उन्हें खुद का बचाव करने या उनके खिलाफ आरोप लगाने वालों से जिरह करने का नया और अंतिम अवसर नहीं दिया गया।

कानूनी विशेषज्ञों का तर्क है कि यह विफलता महज प्रक्रियागत तकनीकी नहीं है, बल्कि प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन है, जो यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी व्यक्ति की बात अनसुनी न की जाए। वरिष्ठ बीआरएस नेता और पूर्व सांसद बी. विनोद कुमार, जो एक अधिवक्ता भी हैं, ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 8(सी) का उल्लंघन करते हुए आयोग के निष्कर्षों पर कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि इस तरह के मौलिक अधिकार से वंचित करने से रिपोर्ट संदिग्ध हो जाती है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, जब कोई आयोग किसी को दोषी पाता है, तो उसे न केवल पेश होने का, बल्कि वकील, तर्क और जिरह के जरिए अपना बचाव करने का भी मौका देना चाहिए। यहां ऐसा नहीं हुआ। इस सिद्धांत की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2003 के एल.के. आडवाणी बनाम बिहार राज्य मामले में स्पष्ट रूप से पुष्टि की गई थी, और बाद में 2014 में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भी इसे दोहराया गया, जिसने इसी कारण से टी.एच.बी. चलपथी आयोग के निष्कर्षों के कुछ हिस्सों को रद्द कर दिया था।

तेलंगाना सरकार अब रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने की योजना बना रही है, और बीआरएस अपनी कानूनी और राजनीतिक जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है, ऐसे में आयोग की अपनी ही प्रक्रियागत चूक उसके लिए भारी पड़ सकती है।

दरअसल, कथित प्रक्रियागत खामियों की जांच के लिए गठित आयोग पर अब खुद प्रक्रियागत खामी का आरोप लग रहा है। पीसी घोष आयोग पर अब जल्दबाज़ी, पक्षपात और असंवैधानिक होने का ठप्पा लगने का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा, धारा 8(बी) का उल्लंघन करके, घोष आयोग ने अदालत में अपनी विश्वसनीयता को प्रभावी रूप से कम कर दिया है। इस प्रकार, चंद्रशेखर राव या अन्य के विरूद्ध कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी प्रक्रियागत खामियों के कारण अमान्य मानी जा सकती है। रिपोर्ट में सुधार किए बिना न्यायिक जांच संभव नहीं है, और अब तो बहुत देर हो चुकी है।

# बिना काम के वादे, बिना मतलब के जश्न



### केटीआर ने तेलंगाना कांग्रेस मॉडल पर किया कटाक्ष

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह पिछड़ी जातियों के आरक्षण पर दिल्ली में हुए धरने को अपनी उपलब्धि बता रही है और केंद्र पर दोष मढ़ रही है, जबकि कामारेड्डी पिछड़ी जाति घोषणापत्र के वादों को अपने अधिकार क्षेत्र में लागू करने का कोई प्रयास नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शब्दकोश में झूठ ही उपलब्धियां हैं, अर्धसत्य ही उत्सव का आह्वान है और घोषणाओं की जगह छल-कपट ने ले ली है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रामा राव ने कहा कि घोषणापत्र में से एक भी वादा पूरा किए बिना जश्न मनाना शर्मनाक है।

उन्होंने पूछा, जब आप 42 प्रतिशत पिछड़े वर्गों के आरक्षण के लिए संवैधानिक मंज़ूरी का इंतजार कर रहे हैं, तो बाकी आरक्षण क्यों नहीं लागू कर देते? क्या आपको अपने वादे के मुताबिक सरकारी नागरिक और रखरखाव के ठेकों में 42 प्रतिशत पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए अनुमुला बंधुओं की मंज़ूरी की जरूरत है? बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि दो बजट पेश करने के बावजूद, कांग्रेस ने बीसी कल्याण के लिए वादा किए गए 1 लाख करोड़ रुपये में से शून्य धनराशि आवंटित की, बीसी युवाओं को 10 लाख रुपये देने में विफल रही और 50 करोड़ रुपये के साथ वादा किए गए प्रोफेसर जयशंकर बीसी ऐक्यथा भवन पर काम शुरू नहीं किया। उन्होंने आगे कहा, आपकी सरकार कामारेड्डी घोषणापत्र को लागू करने की बजाय उसके विज्ञापन पर ज़्यादा खर्च करती है।

# केसमुद्रम स्टेशन पर कोच में लगी आग

### चार एससीआर कर्मचारी बाल-बाल बचे

महबूबाबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के केसमुद्रम रेलवे स्टेशन पर गुरुवार मध्य रात्रि के समय खड़ी ट्रेन के एक कोच में आग लगने से दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के चार कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

रेलवे ट्रैक मशीन के बाकी कर्मचारियों के लिए बनाया गया एक सहायक डिब्बा रेलवे स्टेशन पर रुका हुआ था और उसमें चार कर्मचारी सो रहे थे, तभी उसमें आग लग गई। सतर्क कर्मचारियों ने डिब्बे के दरवाजे खोले और अपनी जान बचाने के लिए नीचे कूद गए। दमकल विभाग के कर्मचारी स्टेशन पहुंचे और आग पर काबू पाया। लेकिन आग से ट्रेन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है और रेलवे अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# गच्चीबावली में दर्ज की गई 12.35 सेमी बारिश

## यातायात के कारण आईटी कॉरिडोर जाम



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार शाम हुई भारी बारिश ने हैदराबाद को थम सा दिया। गच्चीबावली में कुछ ही घंटों में 12.35 सेमी बारिश दर्ज की गई। इस भारी बारिश के कारण भारी जलभराव हो गया और यातायात जाम की स्थिति बन गई, जो देर रात तक जारी रही। शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहन चालक फंसे हुए थे, और जलमग्न इलाकों और जाम से जूझ रहे थे। सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाकों में मणिकोंडा , शेखपेट, गच्चीबोवली और रायदुर्ग के साथ-साथ व्यस्त आईटी कॉरिडोर के अन्य हिस्से शामिल थे, जहां कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लगी रहीं।

शहर के अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर कार्रवाई न किए जाने के कारण, स्थानीय युवाओं ने सहायता के लिए कदम उठाया, यातायात को दिशा दी तथा बाढ़ग्रस्त चौराहों पर फंसे वाहन चालकों की मदद की। काम से लौट रहे कर्मचारियों को इस अफरा-तफरी का सबसे ज़्यादा सामना करना पड़ा। बंजारा हिल्स से मणिकोंडा तक का 20-25 मिनट का सामान्य सफ़र दो घंटे की मुसीबत में बदल गया, क्योंकि कई प्रमुख रास्ते या तो अवरुद्ध थे या फिर उनकी गति बहुत धीमी थी।

चित्रपुरी कॉलोनी और लैंको हिल्स समेत कई रिहायशी इलाकों का संपर्क टूट गया क्योंकि सभी संपर्क मार्ग जलमग्न हो गए थे। निवासियों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ा, और कुछ कॉलोनियां घंटों तक जलमग्न रहीं। भारी बारिश ने एक बार फिर शहर को अचंभित कर दिया, जिससे कई उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में खराब तैयारियों और अपर्याप्त जल निकासी बुनियादी ढांचे पर प्रकाश पड़ा।

# जग्गा रेड्डी ने केसीआर परिवार को भ्रष्टाचार विशेषज्ञ बताया




हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष जग्गा रेड्डी ने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और उनके परिवार पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोपों की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि केसीआर की बेटी, एमएलसी कविता ने दिल्ली में एक शराब की दुकान खोली और शराब घोटाले से जुड़े दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक पतन के लिए वही जिम्मेदार है। शुक्रवार को गांधी भवन में एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, जग्गा रेड्डी ने आगे दावा किया कि पुलिस ने रिपोर्ट दी है कि केटीआर के बहनोई संतोष कुमार, जुबली हिल्स स्थित पेद्दम्मा मंदिर से लेकर माधापुर तक शराब का कारोबार चलाते थे, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों में शराब की बिक्री शामिल थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर परिवार भूमि अधिग्रहण में माहिर है और दावा किया कि उन्होंने कालेश्वरम परियोजना के माध्यम से कम से कम 30,000 करोड़ रुपये जमा किए और साथ ही बीआरएस सरकार के कार्यकाल के दौरान काफी संपत्ति भी अर्जित की। जग्गा रेड्डी ने दुब्बाका विधायक कोठा प्रभाकर रेड्डी की आलोचना करते हुए कहा कि उनके पास अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देने का कोई आधार नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बीआरएस विधायक केसीआर परिवार के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल थे।

# निजी ड्राइवरों के लिए दुर्घटना बीमा खत्म करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना

### केटीआर ने विश्वासघात करने का लगाया आरोप

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बढ़ती चिंताओं के बीच, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर 5 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना को खत्म करके गिग वर्कर्स, निजी क्षेत्र के ड्राइवरों और असंगठित क्षेत्र के अन्य लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने योजना को तुरंत बहाल करने और लंबित दावों का निपटारा करने की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी, अगर सरकार नाकाम रही, तो हम ड्राइवरों की ओर से बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करेंगे और इस अमानवीय सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर देंगे। कांग्रेस शासन की तुलना पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के शासन से करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार ने किसानों, बुनकरों और ड्राइवरों के लिए बीमा की पेशकश की थी।

# जीएचएमसी ने बारिश के बाद तेजी से शुरू किया राहत कार्य



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे बारिश के दौरान जलभराव वाले इलाकों में जाने से बचें और वैकल्पिक रास्ते अपनाएं। नागरिक समस्याओं से जूझ रहे निवासियों से जीएचएमसी हेल्पलाइन 040-211111111 पर संपर्क करने का भी आग्रह किया गया है। कर्णन ने शुक्रवार को शहर के कई जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस और आपदा प्रतिक्रिया बल (डीआरएफ) टीमों के साथ समन्वय में काम करने का निर्देश दिया। कारवान विधायक कौसर मोइनुद्दीन के साथ उन्होंने टोलीचौकी एक्स रोड, हकीमपेट, केजीएन नाला, मोती दरवाजा, अहमद कॉलोनी और लंगर हाउस हुडा झील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। बाद में, जीएचएमसी आयुक्त ने संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) गज राव भूपाल के साथ मलकम चेरुवु का निरीक्षण किया और जल स्तर और यातायात की स्थिति का आकलन किया। बारिश के बाद की गतिविधियों, जिनमें जल निकासी अभियान, मलबा हटाना और सड़क सुरक्षा उपाय शामिल थे, की मौके पर ही समीक्षा की गई।

# मलकपेट स्टेशन पर साले ने ट्रेन के नीचे धकेला, व्यक्ति की मौत

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। घरेलू विवाद उस समय घातक हो गया जब एक व्यक्ति को उसके साले ने मालकपेट रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन के नीचे कथित तौर पर धक्का दे दिया। जानकारी के अनुसार, ओल्ड मालकपेट के सिराज (29) और याकुतपुरा की उसकी पत्नी सानिया (23) के बीच बार-बार झगड़े होते रहे हैं।

सिराज शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने के लिए जाना जाता है। वह 2 अगस्त को अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था। उस रात एक और विवाद के बाद सानिया ने अपने छोटे भाई सैयद जमीर (21) को मदद के लिए बुलाया। पुलिस ने बताया कि जमीर अपने दोस्त मोहम्मद जुनैद (23) के साथ आया और बाद में सिराज को बाइक पर स्टेशन ले गया।

उनके बीच किसी बात पर बहस हो गई, जिसके बाद जमीर ने गुस्से में आकर सिराज को तेज रफ्तार ट्रेन के सामने पटरी पर धकेल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर जमीर और जुनैद को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

# यूरिया की कमी से खरीफ की बुआई प्रभावित

जोगुलम्बा गदवाल, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रुक-रुक कर हो रही बारिश और नहरों से पानी छोड़े जाने से खरीफ के अच्छे मौसम की उम्मीद जगी है, और ज़िले के किसानों ने बीज बोने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि, यूरिया की कमी से इस प्रगति पर असर पड़ने का खतरा मंडरा रहा है। जिले के विभिन्न हिस्सों में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस) केंद्रों पर यूरिया खरीदने के लिए किसानों को लंबी कतारों में इंतज़ार करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उर्वरक की उपलब्धता में देरी से बुवाई में भी देरी हो रही है, जिससे किसानों में चिंता बढ़ रही है। यह तब हुआ है जब राज्य सरकार यूरिया का पर्याप्त स्टॉक होने का दावा कर रही है। हालांकि, ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। शुक्रवार को, महिलाओं समेत बड़ी संख्या में किसान शहर के पैक्स कार्यालय के बाहर कतार में खड़े दिखाई दिए और खाद की अनुपलब्धता पर अपनी निराशा व्यक्त की। किसानों और पैक्स अधिकारियों के बीच तीखी बहस हुई। किसानों ने मांग की कि अधिकारी उचित आपूर्ति सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के कृषि कार्य शुरू करने में उनका सहयोग करें। कई लोगों ने चिंता व्यक्त की कि बुवाई में देरी से इस मौसम में उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, खासकर यदि आने वाले सप्ताहों में वर्षा का पैटर्न अनियमित हो जाता है।

# पुप्पलागुडा मंदिर की दीवार गिरी

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मणिकोंडा के पुप्पलागुडा में गुरुवार देर रात भारी बारिश के कारण 35 फीट लंबी मिट्टी की दीवार गिरने से एक बड़ा हादसा टल गया।

एक मंदिर की दीवार गिरने से आसपास के तीन घर मलबे में दब गए, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, क्योंकि उस समय घरों के अंदर कोई नहीं था। मंदिर समिति ने मंदिर की सुरक्षा के लिए 2008 में दीवार का निर्माण कराया था, लेकिन मूसलाधार बारिश के कारण यह ढह गई।

# श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में वरलक्ष्मी व्रत का आयोजन किया गया



तिरुचनूर, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुचनूर के श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में शुक्रवार को शुभ वरलक्ष्मी व्रत धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। अनुष्ठान के हिस्से के रूप में, देवी को शुरूआती घंटों में सुप्रभातम के साथ जागृत किया गया, उसके बाद सहस्रनामर्चना, नित्य अर्चना और मूलावरलु और उत्सव मूर्तियों का अभिषेक किया गया।

इस पवित्र अवसर पर, देवी को एक विशेष सुनहरी साड़ी से सजाया गया था, जो उनके दिव्य स्वरूप से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। बाद में, श्री पद्मावती अम्मावरु की उत्सव मूर्ति को अस्थान मंडपम में ले जाया गया और विशेष रूप से सजाए गए पद्म पीठम पर बैठाया गया। विश्वकसेन आराधना, पुण्याहवाचन, कलश स्थापना, अंग पूजा, लक्ष्मी सहस्रनाम अर्चना और अष्टोत्तर सात नामावली सहित कई अनुष्ठान किए गए। देवी की पूजा गुलाब, चमेली, गुलदाउदी, मरुवम, तुलसी, कमल आदि पारंपरिक फूलों से की गई। देवी को नौ पवित्र धागों से एक अनोखा श्रृंगार अर्पित किया गया, जो नौ दिव्य रूपों का प्रतीक है।

मंदिर के आगम सलाहकार श्रीनिवासाचार्युलु ने भविष्योत्तर पुराण में वर्णित वरलक्ष्मी व्रत के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला, जहां ऋषि व्यास ने इसकी विधि और लाभों के बारे में बताया था। उन्होंने स्मरण किया कि कैसे भगवान शिव ने पार्वती देवी को यह व्रत सुनाया था और त्रेता युग की एक भक्त चारुमति की कथा सुनाई, जिसने इस व्रत का पालन करके दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया था। किंवदंतियों के अनुसार, श्री पद्मावती अम्मावरु को स्वयं महालक्ष्मी का अवतार माना जाता है और इस व्रत को करने वाली महिलाओं को संतान, दीर्घायु, समृद्धि और परिवार कल्याण का आशीर्वाद प्राप्त होता है। देवी को बारह प्रकार के नैवेद्यम अर्पित किए गए, जिसके बाद महा मंगला हरथी का अनुष्ठान किया गया और इस प्रकार इस व्रत का समापन हुआ।

# मैं सांसद बनने के लिए बीआरएस में शामिल नहीं हुआ : आरएस प्रवीण कुमार

हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अचम्पेटा के पूर्व विधायक गुव्वाला बलाराजू को आज बीआरएस पार्टी के वरिष्ठ नेता आरएस प्रवीण कुमार ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सांसद बनने के लिए बीआरएस पार्टी में शामिल नहीं हुए थे। कुमार ने अचम्पेटा निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित बीआरएस पार्टी की बैठक में भाग लिया और सभा को संबोधित किया।

गुव्वाला बलाराजू ने कई साक्षात्कारों में कहा है कि संसदीय चुनावों में उन्हें नागरकर्नूल सांसद सीट के लिए मेरी वजह से टिकट नहीं दिया गया था। मैं सांसद बनने के लिए बीआरएस में शामिल नहीं हुआ था, बल्कि इसलिए शामिल हुआ क्योंकि मुझे पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की सोच, जिस तरह से उन्होंने आंदोलन के माध्यम से तेलंगाना हासिल किया और जिस तरह से उन्होंने इसे केवल 10 वर्षों में एक स्वर्णिम तेलंगाना में बदल दिया, वह पसंद आया।

उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने खुद एक मंच पर कहा था कि वह उन्हें तेलंगाना लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष और योजना आयोग का उपाध्यक्ष पद देंगे।

लेकिन मुझे उन पदों की कोई उम्मीद नहीं थी। मैंने केसीआर को वचन दिया था। मैंने कहा था कि मैं बीआरएस पार्टी का अनुसरण करूंगा। मैंने कहा था कि अगर केसीआर के पास सत्ता नहीं भी होती, तो भी मैं उनका अनुसरण करता।

मैंने सांसद का टिकट नहीं मांगा, गुव्वाला बलाराजू भी इसके गवाह हैं। मैंने कभी पद नहीं मांगा। मैं शोषित वर्गों और उनके कल्याण के लिए आया था। अगर केसीआर मुख्यमंत्री बनते हैं, तो इन वर्गों के साथ न्याय होगा। मैं मंत्री या सांसद पद के लिए नहीं आया था। मैं तब भी आया जब मैंने एक आईपीएस अधिकारी के रूप में सात साल की सेवा की थी। दूसरे राज्यों में मेरे दोस्त अब डीजीपी हैं।

अगर मैं सेवा में होता, तो मुझे भी डीजीपी का दर्जा मिल जाता। अगर मैं डीजीपी होता, तो इससे मुझे क्या फायदा होता? मैं अपने स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि कमज़ोर वर्गों के लोगों के लिए राजनीति में आया था।

# 2025 में खरीफ की बुआई में तेजी

## धान की बुआई में कमी जारी



हैदराबाद, 8 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में 2025 के लिए खरीफ की बुवाई अगस्त की शुरूआत तक 90 लाख एकड़ तक पहुंच गई है, जो पिछले साल इसी अवधि में दर्ज 73.65 लाख एकड़ से काफ़ी ज़्यादा है। हालांकि, धान की रोपाई अभी भी धीमी है, 66 लाख एकड़ के लक्ष्य के मुकाबले अब तक केवल लगभग 35 लाख एकड़ ही बोई जा सकी है, जो कुल मिलाकर बुवाई की मज़बूत प्रगति के बिल्कुल उलट है।

राज्य ने खरीफ के लिए कुल 152 लाख एकड़ रकबे का लक्ष्य रखा है। कपास और मक्का जैसी फसलों में लगातार प्रगति हो रही है, लेकिन अनियमित वर्षा और यूरिया की कमी ने धान की खेती को बुरी तरह प्रभावित किया है। मध्य जून तक रोपाई का काम मुश्किल से 36,300 एकड़ तक ही पहुंच पाया था, और मध्य जुलाई में हुई बारिश और हाल ही में प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं से पानी छोड़े जाने के बाद ही इसमें तेजी आई।

2024 में, राज्य ने 62.13 लाख एकड़ धान की खेती करके उम्मीदों को पार कर लिया, जो 45 लाख एकड़ के लक्ष्य से कहीं अधिक था, जिसने खरीफ और रबी के संयुक्त उत्पादन में 153 लाख मीट्रिक टन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अधिकारियों का मानना है कि 2025 का मौसम भी इसी उत्पादन स्तर पर पहुंच सकता है, बशर्ते मानसून की स्थिति स्थिर रहे।

हालांकि, 2024 की अपेक्षाकृत स्थिर आपूर्ति के विपरीत, इस वर्ष यूरिया की कमी से, विशेष रूप से सिंचित क्षेत्रों में, उपज में 10-15 प्रतिशत की गिरावट का खतरा है।

अब तक 43.38 लाख एकड़ में कपास की बुवाई हो चुकी है, जो 50 लाख एकड़ के लक्ष्य के करीब है, और 2024 के 40.45 लाख एकड़ से बेहतर है। मक्का 4.52 लाख एकड़ में बोया गया है, जो पिछले साल के 4.28 लाख एकड़ से थोड़ा ज़्यादा है, जो इसकी लचीलापन और वर्षा आधारित क्षेत्रों के लिए उपयुक्तता को दर्शाता है। सोयाबीन और लाल चने में भी लगातार वृद्धि देखी गई है, क्रमशः 4.26 लाख एकड़ और 4.19 लाख एकड़ में बुवाई हुई है, जबकि 2024 में यह 4.12 लाख एकड़ और 4.05 लाख एकड़ थी। हालांकि, सूर्यापेट और महबूबाबाद जिलों के कुछ हिस्सों में बुवाई में देरी हो रही है, जहां कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के पंप हाउस चालू नहीं होने के कारण एसआरएसपी चरण-II अयाकट के तहत कोई पानी नहीं छोड़ा गया है। जुलाई के अंत तक भी कुछ जिलों में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे किसानों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। यूरिया की कमी के कारण कालाबाज़ारी बढ़ गई है, जिससे धान और कपास दोनों की खेती पर और असर पड़ा है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.